राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 26
लखनऊ, बुधवार 24 सितम्बर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



जीएसटी रिफॉर्म्स से जनता व व्यापारियों को मिलेगा सीधा लाभ : एके शर्मा 03
नवरात्र के दूसरे दिन मां विंध्यवासिनी के दरबार में जुटे हजारों भक्त 12

## तृतीयं चन्द्रघण्टा



पिण्डजप्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकैर्युता। प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघंटेति विश्रुता॥

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि में तीसरे दिन इनकी पूजा होती है। इनके मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है जिससे इनका यह नाम पड़ा। इनके दस हाथ हैं जिनमें वह अस्त्र-शस्त्र लिए हैं। हालांकि देवी का यह रूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। ये एक हाथ में कमल दूसरे हाथ में तलवार धारण किए रहती हैं।

## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,15,840/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,06,200/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 86,920/10 ग्राम |
| चांदी | | = 1,40,000/किग्रा |



# दीप भारत का स्वदेशी मॉडल : योगी

## जिन लोगों ने वाद के आधार पर बांटा, वे आज भी समाज को बांट और काट रहे हैं : मुख्यमंत्री

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी ने भारत पर इस्लाम के पहले हमले का जिक्र कर कहा कि सन 1100 तक भारत में हिंदुओं की आबादी 60 करोड़ थी लेकिन आजादी के समय 1947 तक यह घटकर सिर्फ 30 करोड़ रह गई। 800-900 वर्ष में हमारी आबादी घटी और खेती के उत्पादन को भी कम कर दिया गया। सिर्फ आक्रांताओं ने ही नहीं मारा, बल्कि भूख, बीमारी, यातनाओं से भी मौत हुई।

मुख्यमंत्री योगी ने मंगलवार को आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प विषयक प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। विदेशी दासता की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश पर अत्याचार व शोषण किया गया। भारत में 300 वर्ष पहले आधी आबादी खेती और आधी से अधिक आबादी कारखाने, लघु व कुटीर उद्योगों पर निर्भर थी। यह भारत का उत्पादन दुनिया के बाजार में छा जाता था। दुनिया का व्यापारी यहां से लेकर जाता था। भारत के पास सब कुछ था, लेकिन जिन लोगों ने जाति, क्षेत्र, भाषा समेत अनेक वादों के आधार पर बांटा। वे आज भी उसी विदेशी मानसिकता से समाज को बांट और काट रहे हैं। ऐसे लोग स्वदेशी अभियान में भी अंगुली उठाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपदों में स्वदेशी मेले लगाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसमें एमएसएमई विभाग सहयोग करेगा। दीपावली के पहले हर जनपद में 10 से 18 के बीच एक सप्ताह तक ओडीओपी व स्थानीय उत्पादों का मेला लगे। यह कार्यक्रम बहुत अच्छा हो सकता है। इससे स्थानीय उद्यमियों व व्यापारियों को बहुत लाभ होता है और लोग विदेशी उत्पाद खरीदने से भी बचते हैं। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले चीन का झालर बाजार में छा जाता था। अब लोग मिट्टी के दीप जला रहे हैं। 2017 में दीपोत्सव के आयोजन में 51 हजार दीप अयोध्या मंडल में नहीं मिल पाए थे। इसे पूरे प्रदेश से जुटाना पड़ा था। गत वर्ष जितने दीप प्रज्ज्वलित कराए गए थे, यह सभी अयोध्या में बने थे। इस बार भी दीपोत्सव में रिकॉर्डतोड़ दीप प्रज्ज्वलित होंगे और यह मिट्टी व गाय के गोबर से बनेंगे। स्थानीय लोगों को तैयार करना होगा। हर घर में दीप जले, दीप भी भारत का स्वदेशी मॉडल है।



### दो लाख करोड़ का मोबाइल बाहर भेजता है यूपी

मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट कोई भी हो, देश का 60 फीसदी प्रोडक्शन यूपी कर रहा है। 60 फीसदी मोबाइल यूपी में बन रहा है। फोन, टैबलेट, लैपटॉप का डिस्प्ले बोर्ड यूपी में बन रहा है। अब चीन, ताइवान व अमेरिका से नहीं आ रही, बल्कि पांच साल से सफलतापूर्वक प्रोडक्शन कर इसे देश-दुनिया को उपलब्ध करा रहे हैं। यूपी दो लाख करोड़ का मोबाइल बाहर भेजता है।

### भारत का कोई सानी नहीं था

योगी ने सीपी जोशी के वक्तव्य की चर्चा की और कहा कि दो हजार वर्ष पहले दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का योगदान 40 फीसदी था। आज से 300 वर्ष पहले दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का योगदान 25 फीसदी था। औद्योगिकीकरण से होने वाले उत्पादन में भारत का योगदान नंबर एक (अकेले 25 फीसदी) था। वृहत्तर भारत मतलब आज का भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश। 300 वर्ष तक भारत दुनिया की नंबर एक की आर्थिक ताकत और नंबर एक का उत्पादक राष्ट्र था और कृषि में भारत का कोई सानी नहीं था। मुख्यमंत्री ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से भारत दुनिया में सातवें नंबर पर है। वृहत्तर भारत से पहले रूस, चीन, अमेरिका, कनाडा, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया है। भारत, पाकिस्तान व बांग्लादेश के पास कुल भूभाग साढ़े 42 करोड़ हेक्टेयर का भौगोलिक क्षेत्रफल था, जबकि रूसी संघ के पास 1 अरब 70 करोड़ हेक्टेयर लैंड है। इन देशों में केवल 20 फीसदी भूमि पर कृषि हो सकती है, लेकिन भारत अकेले 60 फीसदी भूभाग पर कृषि करता है। भारत के पास सबसे उर्वरा भूमि और सबसे अच्छा जल संसाधन है। भारत कपड़े का सबसे बड़ा उत्पादक था। भारत दुनिया में कपड़ा बेचता था।

### यूपी के अंदर बने उत्पाद को केवल शोकेस ही नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे बड़ा मंच भी मिलेगा

सीएम योगी ने कहा कि 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में यूपीआईटीएस का आयोजन होगा। 25 को इसके तीसरे चरण का शुभारंभ सुबह 9:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। यह स्वदेशी और आत्मनिर्भर का सबसे अच्छा मॉडल है। यूपी के अंदर बने उत्पाद को केवल शोकेस ही नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे बड़ा मंच भी मिलेगा। 500 विदेशी समेत पूरे देश से व्यापारी भी खरीदारी करने आ रहे हैं। दिल्ली, नोएडा, ग्रेनो, यमुना अथॉरिटी समेत आसपास के सभी होटल फुल हो चुके हैं। पिछले साल चार दिन में 2200 करोड़ की बिक्री हुई थी। इस सफलतम आयोजन से यूपी के कारीगरों, उद्यमियों व हस्तशिल्पियों को प्लेटफॉर्म मिलता है। सभी से अनुरोध किया कि एक दिन आईटीएस का अवलोकन करें। यहां यूपी की ताकत का अहसास होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत के अभियान का हिस्सा बनने वाला है। यह विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने और उसकी आधारशिला को सुदृढ़ करने का अभियान है।

# शाहरुख खान, रानी मुखर्जी को मिला नेशनल फिल्म अवॉर्ड

## अभिनेता मोहनलाल दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित

एजेंसी, नई दिल्ली।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को विज्ञान भवन में आयोजित 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में अभिनेता शाहरुख खान, विक्रांत मैसी, रानी मुखर्जी सहित कई कलकारों को सम्मानित किया। समारोह का शुभारंभ विज्ञान भवन में शाम 4 बजे हुआ, जहां इस वर्ष के पुरस्कार विजेता शामिल हुए। अभिनेता शाहरुख़ खान और विक्रांत मैसी को क्रमशः उनकी फिल्मों जवान और 12th फेल के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। यह शाहरुख़ खान का लंबे और सफल करियर में पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार है।

अभिनेत्री रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे में उनके उत्कृष्ट अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।

इस अवसर पर दादा साहब फाल्के पुरस्कार, जोकि देश का सर्वोच्च फिल्म सम्मान है, इस वर्ष मशहूर अभिनेता मोहनलाल को प्रदान किया गया। मोहनलाल ने पिछले चार दशकों में मलयालम सिनेमा को अपनी बेहतरीन फिल्मों से नई ऊंचाइयां दी हैं। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार विदु विनोद चोपड़ा की चर्चित फिल्म 12वीं फेल को मिला। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सम्मान सुदीप्तो सेन को फिल्म द केरला स्टोरी के लिए प्रदान किया गया।

सर्वश्रेष्ठ मनोरंजक फीचर फिल्म का पुरस्कार करण जौहर की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को मिला।

सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय और सामाजिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने वाली फिल्म का पुरस्कार सैम बहादुर को दिया गया। इस अवसर पर साल 2023 में रिलीज हुई फिल्मों, शॉर्ट फिल्म और अन्य कई कैटेगरी में पुरस्कार दिए गए। नेशनल फिल्म सम्मान समारोह में बड़े सितारों ने ही नहीं, बल्कि बाल कलाकारों का भी जलवा रहा। मराठी फिल्म 'नाल 2' के लिए त्रिशा थोसर, श्रीनिवास पोकले और भार्गव जगताप को बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट के अवॉर्ड दिए गए। दिलचस्प बात है कि श्रीनिवास पोकले को दूसरी बार नेशनल फिल्म पुरस्कार मिला है। वहीं, कबीर खंडारे को मराठी फिल्म 'जिप्सी' के लिए बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट का नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सुकृति वेणी बंद्रेड्डी को तेलुगु फिल्म 'गांधी तथा चेट्टू' के लिए बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट अवॉर्ड से नवाजा गया।

### सिनेमा का लोकप्रिय होने के साथ-साथ लोकहित में होना और भी अच्छी बात : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि लोकप्रिय फिल्में बनाना सही है लेकिन लोकप्रिय होने के साथ-साथ फिल्में यदि लोकहित में भी हों तो यह और भी बेहतर होगा। श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को यहां विज्ञान भवन में 71 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किये। उन्होंने मलयालम फिल्मों के जाने-माने अभिनेता, निर्देशक तथा निर्माता मोहनला को प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिनेत्री रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और अभिनेता शाहरूख खान तथा विक्रांत मैसी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रपति ने भारतीय सिनेमा के मौजूदा परिदृश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकप्रिय फिल्में बनाना अच्छी बात है लेकिन इसके साथ साथ सिनेमा लोकहित में भी हो तो और भी अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी न किसी स्तर पर भेदभाव झेलती हैं और महिलाओं पर केन्द्रीत फिल्में बनाने के लिए वह फिल्मकारों को साधुवाद देती हैं। हर क्षेत्र में मिलाओं की सफलता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अवसर मिलने पर महिलाएं बड़ी उपलब्धि हांसिल करने में सक्षम है। फिल्म बनाने में अनेकों कलाकारों कारीगरों की भूमिका होती है और वह सभी को शुभकामनाएं और बधाई देती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित होने वालों में युवा और अनुभवी कलाकार तथा छह बच्चे भी शामिल हैं और वह बधाई और शुभकामनाएं देती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### टक्कर के बाद वाहनों में लगी आग, चार लोग जिंदा जले

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में मंगलवार सुबह एक कार और कैंटर की भिड़त हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे में चार लोग जिंदा जल गए, जबकि एक व्यक्ति घायल है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अमृत जैन ने बताया कि इस दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु हुई है। शवों को पंचायतनामा व पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया जा रहा है। जल्द ही मृतकों की पहचान कर अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### दीपावली व छठ के लिए एक अक्टूबर से पटरियों पर दौड़ने लगेंगी विशेष ट्रेनें

**नई दिल्ली।** रेलवे ने दीपावली और छठ के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष ट्रेनों के परिचालन की तैयारी पूरी कर ली है और एक अक्टूबर से ये ट्रेनें पटरियों पर दौड़ने लगेंगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि इस साल रेलवे ने दिवाली और छठ पूजा के दौरान विशेष ट्रेनों के 12,000 फेरे चलाने का निर्णय लिया है। पिछले साल यह संख्या 7,500 थी। उन्होंने बताया कि अब तक इन विशेष ट्रेनों के 10,000 फेरों का ऐलान हो चुका है। इसके अलावा, 150 ट्रेनों को रिजर्व में रखा गया जिन्हें जरूरत पड़ने पर ऐन मौके पर परिचालित किया जा सकेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि त्योहारों के दौरान चलने वाली विशेष ट्रेनों का परिचालन एक अक्टूबर से शुरू होगा और ये ट्रेनें 15 नवंबर तक चलेंगी।

### बीस नाबालिगों ने बिना प्रशासनिक अनुमति के निकाला मोहम्मद जुलूस, एफआईआर दर्ज

**वाराणसी।** वाराणसी के सिगरा थाना क्षेत्र में लल्लापुरा मोहल्ले के बीस नाबालिगों ने बिना प्रशासनिक अनुमति के आई लव मोहम्मद जुलूस निकाला। इस जुलूस के निकालने के बाद सिगरा थाना क्षेत्र की एलआईयू सक्रिय हुई और जुलूस का वीडियो बरामद किया। मंगलवार को मोहम्मद जुलूस निकालने वाले बीस नाबालिगों के विरुद्ध सिगरा थाना में एफआईआर दर्ज कर ली गई।

### विमान के लैंडिंग गियर में छिपकर काबुल से दिल्ली पहुंचा लड़का

अफ़ग़ानिस्तान के कुंदूज़ प्रांत का रहने वाला एक लड़का एक हैरतअंगेज घटना के कारण सुर्खियाँ बटोर रहा है। 13 वर्ष का ये लड़का रविवार को एक विमान के लैंडिंग गियर के ऊपरी हिस्से में छिपकर दिल्ली पहुँच गया था। समाचार एजेंसी के अनुसार दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पूछताछ के बाद उसे उसी विमान से वापस अफगानिस्तान भेज दिया गया।

# अपने दुश्मन का भी कभी बुरा नहीं किया : आजम खान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



## 23 महीने बाद जेल से रिहा हुये आजम

समाजवादी पार्टी (सपा) के कद्दावर नेता आजम खान ने सीतापुर जेल से रिहाई के बाद कहा है कि पहले वो अपना इलाज करायेंगे फिर आगे की रणनीति तय करेंगे।

करीब 23 महीने जेल में बिताने के बाद मंगलवार को सीतापुर जेल से रिहा होने के बाद काफिले के साथ में रामपुर जाते समय उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि मैंने किसी के साथ भी बुरा नहीं किया और दुश्मनों का भी बुरा नहीं किया। कोई भी मुझे बुरा नहीं कह सकता है। जेल से किसी की बात नहीं हो पाती है। अखिलेश यादव से बातचीत को लेकर पूछे गए सवाल को लेकर उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव से कोई बात नहीं हुई। पहले दवा कराएंगे फिर आगे का प्लान बताएंगे। उन्होने कहा कि मुझे फोन करने तक की इजाजत नहीं थी। पांच साल बाहर की दुनिया से अलग था। अब बाहर आया हूँ। बस यही कह सकता हूँ कि पत्ता पत्ता बूटा बूटा हाल हमारा जाने है।

सपा नेता के जेल से बाहर आने का इंतज़ार करते हुए सैकड़ों समर्थक सीतापुर जेल के बाहर जमा हो गए। आजम खान के बेटे अदीब भी अपने पिता का स्वागत करने जेल परिसर के बाहर पहुँच गए थे। आजम खान की रिहाई से पहले, सीतापुर जिला प्रशासन ने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए इलाके में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी थी।

### आजम खान पर लगे झूठे मुकदमे सपा सरकार आने पर होंगे वापस : अखिलेश



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आजम खान की रिहाई पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज उनके साथ न्याय हुआ है। उन्होंने आजम खान को समाजवादी पार्टी परिवार का वरिष्ठ सदस्य बताया और कहा कि सपा की सरकार बनते ही उन पर लगे सभी झूठे मुकदमे खत्म किए जाएंगे।

### आजम खान समाजवादी पार्टी के साथ रहेंगे : शिवपाल यादव



सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने मंगलवार को कहा कि आजम खान समाजवादी पार्टी में थे और रहेंगे। इटावा में चौगुर्जी स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए शिवपाल सिंह यादव ने न्यायालय को धन्यवाद देते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आजम खान को गलत और झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भेजा था। अदालत ने उन मामलों में आजम खान को राहत दी है। हम इसके लिए न्यायालय का स्वागत करते हैं। आजम खान के बसपा में शामिल होने की खबरों पर शिवपाल ने विराम लगाते हुए कहा कि आजम खान सपा में थे और रहेंगे। पार्टी उनका पूरा समर्थन करती है और आगे भी करती रहेगी।

# आयुष्मान भारत योजना स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति लेकर आई : मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत के सात वर्ष पूरे होने पर इसे स्वास्थ्य क्षेत्र में एक क्रांति बताते हुए कहा है कि इसने लाखों नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को नए सिरे से परिभाषित किया है।

श्री मोदी ने नागरिकों के विचारों के आदान-प्रदान से संबंधित सरकारी पोर्टल माईगोवइंडिया पर एक पोस्ट के जवाब में मंगलवार को कहा कि आज आयुष्मान भारत के सात वर्ष पूरे हो रहे हैं। यह एक ऐसी पहल थी जिसने भविष्य की आवश्यकताओं का आकलन किया और लोगों के लिए उच्च-गुणवत्ता वाली और किफ़ायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया। इसके कारण भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में क्रांति का साक्षी बन रहा है। इस योजना ने लाभार्थियों के लिए वित्तीय सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया है। भारत ने दिखाया है कि कैसे इसका विस्तार, करुणा और तकनीक मानव सशक्तिकरण को और आगे बढ़ा सकते हैं।

# भारत-मोरक्को रक्षा सहयोग में नए अध्याय की शुरुआत

## राजनाथ ने मोरक्को में टाटा के अत्याधुनिक रक्षा विनिर्माण केन्द्र का किया उद्घाटन

एजेंसी नई दिल्ली।




भारत ने विदेशी धरती पर पहली रक्षा विनिर्माण सुविधा स्थापित कर ली है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मोरक्को के समकक्ष अब्देलतीफ लौदियी के साथ संयुक्त रूप से कैसाब्लांका में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड की नई विनिर्माण सुविधा का उद्घाटन किया। मोरक्को में पहला भारतीय रक्षा विनिर्माण उद्यम होने के नाते इससे भारत-मोरक्को रक्षा सहयोग में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी।

मोरक्को के बेरेचिड में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स मोरक्को की नई विनिर्माण सुविधा का उद्घाटन करने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और मोरक्को सदियों से समुद्री व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और परस्पर सम्मान की कड़ियों से जुड़े रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में हमारे संबंध बहुआयामी साझेदारी के रूप में विकसित हुए हैं, जो आर्थिक और सांस्कृतिक सहयोग तथा शांति और स्थिरता के सिद्धांतों पर आधारित है। हाल के वर्षों में हम दोनों देशों ने कई ऐसे क्षेत्रों की तलाश की है, जहां आपसी सहयोग से हमें बेहतरीन परिणाम मिले हैं। इसमें नवीकरणीय ऊर्जा, उर्वरक, सूचना प्रौद्योगिकी से लेकर पर्यटन और अब एक बहुत ही महत्वपूर्ण रक्षा क्षेत्र भी शामिल हो गया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज जब हम भारत के अग्रणी निजी रक्षा क्षेत्र के उद्यम की स्थापना मोरक्को की धरती पर कर रहे हैं, तो आज का दिन हमारे साझा संकल्प को और मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस सहयोग के आर्थिक फायदे उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने इसके तकनीकी फायदे। इस संयंत्र से अनेक सीधे और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे, जिससे मोरक्को के इंजीनियरों, तकनीशियनों और कुशल श्रमिकों को अवसर मिलेंगे। यह प्लांट आपूर्तिकर्ताओं और छोटे व्यवसायों का स्थानीय इकोसिस्टम भी विकसित करेगा, नवाचार को बढ़ावा देगा और कैसाब्लांका क्षेत्र तथा इसके आसपास के क्षेत्र में विकास की लहर पैदा करेगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि यह मोरक्को के साथ केवल निर्यात-आयात का लेन-देन नहीं है, बल्कि यह एक वास्तविक साझेदारी है, जो मोरक्को में क्षमता निर्माण और साझा विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगा।

### ईडी ने ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में युवराज सिंह का बयान किया दर्ज



**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय स्टार क्रिकेटर युवराज सिंह कथित ऑनलाइन अवैध सट्टेबाजी ऐप ('वन&बेट') से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष मंगलवार को पेश हुए। ईडी ने युवराज सिंह से पूछताछ की और उनके बयान दर्ज किए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने युवराज सिंह से पूछताछ की और धन शोधन निरोधक अधिनियम के तहत उनके बयान दर्ज किए। एक इन्फ्लुएंसर अन्वेशी जैन भी इसी मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुई। आने वाले दिनों में कुछ अन्य खिलाड़ियों, फिल्म अभिनेताओं, प्रभावशाली व्यक्तियों और मशहूर हस्तियों से पूछताछ किए जाने की संभावना है।

**तैयारी** | मिशन शक्ति केंद्र की प्रभारी निरीक्षक होंगी महिला इंस्पेक्टर, केंद्र पर तैनात होंगे 22 पुलिसकर्मी

# दो हफ्ते के अंदर प्रदेश के सभी जिलों में खुल जाएंगे मिशन शक्ति केंद्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति 5 का शुभारंभ करते हुए प्रदेश के हर थाने में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिये थे ताकि प्रदेश की बेटियों और महिलाओं को भयमुक्त वातावरण, गरिमामयी जीवन और आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाया जा सके।

इसी क्रम में पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने मंगलवार को मिशन शक्ति केंद्र को लेकर सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये, जिसमें मिशन शक्ति केंद्र को लेकर गाइडलाइन जारी की गयी है। इसके तहत महिला शिकायतकर्ताओं के प्रति संवेदनशीलता, तत्परता और प्राथमिकता सुनिश्चित करने, शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, समुचित काउंसिलिंग, सहयोग और संरक्षण आदि निश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। इतना ही नहीं सभी केंद्र, पुलिस चौकियों की तरह कार्य करेंगे और महिला अपराधों से जुड़े मामलों की विवेचना भी करेगा। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि मिशन शक्ति केंद्र में एक प्रभारी निरीक्षक, उपनिरीक्षक (प्राथमिकता महिला अधिकारी), एक से 4 उपनिरीक्षक, 4 से 15 आरक्षी (जिनमें 50 प्रतिशत महिलाएं), 1 से 2 महिला होमगार्ड तथा आवश्यकता पड़ने पर परामर्शदाताओं की नियुक्ति के निर्देश दिये गये हैं। सभी केंद्रों पर कर्मियों को 3 से 5 वर्ष की अवधि तक तैनात रखा जाएगा और प्रशिक्षित कर्मियों के स्थानांतरण का प्रावधान भी होगा। डीजीपी की जारी गाइडलाइन में थानों के प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि मिशन शक्ति केन्द्र के लिए एक अलग कक्ष, कम्प्यूटर, अभिलेख, स्टेशनरी, महिला शौचालय और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाए।

**मिशन शक्ति केन्द्र की जिम्मेदारी:-** महिला हेल्प डेस्क की ड्यूटी और कार्यवाही का रोस्टर तैयार कर समय पर फॉलोअप करना। एंटी रोमियो स्क्वॉड्स और महिला बीट योजना का नियमित क्रियान्वयन और पर्यवेक्षण करना। महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित एफआईआर, विवेचनाओं और अभियुक्तों के खिलाफ निवारक कार्यवाहियों का समानांतर रिकॉर्ड रखना। पीड़िताओं को काउंसिलिंग, कानूनी सहायता, पुनर्वास और क्षतिपूर्ति जैसी सेवाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर, डीएलएसए, जिला प्रोबेशन अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, बाल कल्याण समिति और फैमिली कोर्ट आदि से समन्वय स्थापित करना। संवेदनशील मामलों में समयबद्ध चिकित्सा जांच और दबिश सुनिश्चित करना। पलायन संबंधी प्रकरणों और झूठे आरोपों वाले मामलों में अनिवार्य काउंसिलिंग करना। महिला सुरक्षा और साइबर सुरक्षा से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम नियमित आयोजित करना।

### तय की गई अधिकारियों की जिम्मेदारी

परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, उपमहानिरीक्षक रेंज चेंज एजेंट के रूप में इस व्यवस्था को लागू करेंगे और नियमित निरीक्षण करेंगे। नोडल अधिकारी को एक थाने के मिशन शक्ति केन्द्र से दूसरे थाने के मिशन शक्ति केन्द्र में कार्मिकों के स्थानान्तरण के लिए कमिश्नरेट/जनपद के पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को प्रस्ताव भेजा जायेगा, जिस पर संबंधित पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक जनपदीय स्थापना बोर्ड की गोष्ठी में विचार करेंगे। उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षी आरक्षी का ट्रांसफर, इंडक्शन-डीइंडक्शन बिना नोडल अधिकारी के प्रस्ताव के नहीं होगा। सभी मिशन शक्ति केन्द्रों की मासिक कार्ययोजनाओं और रणनीतियों को अन्तिम रूप देना एवं यह सुनिश्चित करना कि महिला सुरक्षा सम्बन्धी सभी कार्य पुलिस मुख्यालय और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्गत नवीनतम दिशा-निर्देशों के अनुरूप हों। सभी मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी के साथ मासिक समीक्षा बैठक एवं समग्र प्रदर्शन की निगरानी और मूल्यांकन करना।

### सत्येंद्र जैन से जुड़ी 7.44 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त



एजेंसी, नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन से जुड़ी कंपनियों के 7.44 करोड़ रुपये की अचल-संपत्तियों को जब्त कर लिया है। केंद्रीय जांच एजेंसी की यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन के स्वामित्व और नियंत्रण वाली कंपनियों की 7.44 करोड़ रुपये की अचल-संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया गया है। ईडी ने यह कार्रवाई 15 सितंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की है। ईडी के मुताबिक इस मामले में अब तक कुर्क की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 12.25 करोड़ रुपये (लगभग) है।

# बेखौफ बदमाशों ने व्यक्ति को गोलियों से सरेआम भूना, मौके पर मौत

नवाबगंज, फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



**जांच में जुटी पुलिस**

नवाबगंज के थाना मऊ दरवाजा अंतर्गत करणपुर जसमई मार्ग पर पहाड़पुर गांव के सामने बेखौफ बदमाशों ने सरेआम एक व्यक्ति को गोलियों से भूनकर फरार हो गए। हमले में व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक असलहाधारी हमलावर एक टेंपो चालक को उसके टेंपो से खींचकर उस पर गोलियों की बौछार कर दी। घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस के हाथ पांव फूल गए। आननफानन में मऊ दरवाजा थाना अध्यक्ष नवाबगंज /मोहम्मदाबाद के अलावा मौके पर पुलिस अधीक्षक की भी पहुंच गए। जानकारी के अनुसार थाना मऊ दरवाजा के क्षेत्र करणपुर जसमई मार्ग पर पहाड़पुर गांव के सामने एक टेंपो चालक को कुछ लोगों ने घेर लिया और उसे टेंपो से खींचकर उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक टेंपो चालक पुष्पेंद्र निवासी नियामतपुर सरिया बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक युवक को तीन गोली लगी है,पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

रामनगरी को दीवाली गिफ्ट

# अयोध्या को मिलेगी 1700 करोड़ की सौगात

▶ कई परियोजनाओं का मुख्यमंत्री योगी करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण





**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**

अयोध्या को करोड़ों रुपये की सौगात मिलने वाली है। दीपोत्सव पर अयोध्या को 1700 करोड़ रुपये की योजनाओं का तोहफा सीएम देंगे। योगी लगभग 50 योजनाओं को हरी झंडी देकर आम जन के लिए लोकार्पित करेंगे। इतनी ही योजनाओं का शिलान्यास सीएम रामकथा पार्क से करेंगे।डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि जिला प्रशासन से योजनाओं की सूची विस्तृत विवरण के साथ शासन ने मांगी है।शासन को सूची भेजी गई है। संस्तुति मिलते ही लोकार्पण व शिलान्यास की तैयारियां शुरू हो जाएंगी।

1700 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास होना है। मुख्य रूप से मवई का आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज व कुछ ओवर ब्रिज शामिल हैं।मवई ब्लॉक क्षेत्र के हुनहुना गांव में विगत 4 वर्षों से निर्माणाधीन राजकीय आयुवर्दिक मेडिकल कालेज के भी लोकार्पण की तैयारी है। इसका निर्माण कार्य वर्ष 2021-22 में शुरू कराया गया।जिसका निर्माण कंस्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज को सौंपा गया था।लक्ष्य के सापेक्ष कार्यदाई संस्था द्वारा इसके भवन आदि का निर्माण कराया गया।

4920.53 करोड़ की लागत से बने इस आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज के नोडल अफसर डीओ अयोध्या डॉ. महेंद्र सिंह विष्णु ने बताया मेडिकल कालेज व चिकित्सालय का भवन बनकर तैयार हो गया। इसे हैंडओवर लेकर सर्वप्रथम दो वर्ष के लिए इसमें चिकित्सा सेवाओंटी आदि शुरु कर दिया जाएगा।दो वर्ष बाद जब चिकित्सा सेवाएं एसीआईएसएम मानक के अनुरूप रहेगी तब शासन की ओर से मेडिकल कालेज में पढ़ने के लिए 60 बच्चों के प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। रामनगरी में तीन रेलवे ओवरब्रिज पूरी तरह से बनकर तैयार हैं। पुलों से वाहनों का आवागमन फिलहाल हो रहा है। तीनो ओवरब्रिज का लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा किया जाना है। उप्र राज्य सेतु निगम के परियोजना अधिकारी रोहित अग्रवाल के अनुसार जो तीन उपरिरगामि बनकर उद्घाटन के लिए तैयार हैं उनमें बहराइच-फैजाबाद-अकबरपुर मार्ग एनएच 30 के चैनेज 118.25 से 199.200 तक रेलवे सम्पार वाराणसी-लखनऊ रेल सेक्शन दर्शननगर के पास चार लेन उपरिगामि सेतु तैयार है।इस ओवरब्रिज की स्वीकृत लम्बाई 662.310 मीटर है जबकि स्वीकृत लागत 104 करोड़ रुपए है। चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर सूर्यकुंड स्थित रेलवे क्रासिंग सं. 105 पर दो लेन का रेल ओवरब्रिज भी तैयार है। इसकी लम्बाई 675 मीटर है जबकि कुल लागत 115 करोड़ है। फैजाबाद-अकबरपुर मार्ग पर सम्पार सं. 118 ए फतेहगंज पर दो लेन का आरओबी बनकर लोकार्पण के लिए तैयार है। इसकी लम्बाई 793.950 मीटर और लागत 80 करोड़ रुपए है।

# जीएसटी रिफॉर्म्स से जनता व व्यापारियों को मिलेगा सीधा लाभ : एके शर्मा

▶ जीएसटी दर कम होने पर ऊर्जा मंत्री व्यापारियों से मिलने पहुंचे चटोरी गली



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कल रात्रि लखनऊ में चटोरी गली मार्केट का भ्रमण किया और व्यापारियों व दुकानदारों से मुलाकात की। उन्होंने जीएसटी दरों में कमी को ऐतिहासिक एवं दूरगामी निर्णय बताया और इस अवसर पर व्यापारियों को बधाई दी।

उन्होंने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री शर्मा ने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से रोजमर्रा की वस्तुएं आमजन के लिए सस्ती होंगी। इससे लोगों की क्रय क्षमता में वृद्धि होगी और उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस निर्णय से छोटे-बड़े व्यापार को नई मजबूती और गति प्राप्त होगी।इस अवसर पर वहां दुकानदारों एवं ग्राहकों ने माला पहनाकर मंत्री एके शर्मा का भव्य स्वागत किया। बाजार में व्यापारी समाज ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम है, जिससे बाजार में रौनक बढ़ेगी और कारोबार में तेजी आएगी।श्री शर्मा ने उपस्थित जनसमूह से संवाद करते हुए उन्हें जीएसटी रिफॉर्म्स के लाभ बताते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की यही प्राथमिकता है कि जनता को राहत मिले और व्यापारियों को एक सरल एवं पारदर्शी कर व्यवस्था उपलब्ध हो। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जीएसटी दरों में कमी का लाभ हर वर्ग तक पहुंचेगा।

## खबरें एक नजर में

### मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज पर अपनी फेस्टिव सेल की शुरू

**लखनऊ/नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** मोबाइल टेक्नोलॉजी में ग्लो बल लीडर और भारत के अग्रणी एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज़ सेल 2025 के दौरान बिगबिलियनमोटोरश के साथ अपना सबसे पावरफुल और स्टाफइलिश लाइन-अप लेकर आ रहा है। ये सभी स्मार्टफोन अविश्वसनीय दामों पर उपलब्ध होंगे। दुनिया के सबसे शानदार एआई-पावर्ड मोटोरोला एज 60 पीआरओ और मोटोरोला एज 60 फ्यूजन से लेकर बेस्टसेलिंग मोटो जी सीरीज स्मार्टफोन्स तक, और आइकॉनिक मोटोरोला रेजर 60 सीरीज तक, मोटोरोला इस सीजन में त्योहारी शॉपिंग को आनंददायक बनाने के लिए तैयार है। यह सेल फ्लिपकार्ट पर मंगलवान रात 12 बजे से लाइव हो गई है। सभी डिवाइसेस सेल की अवधि के दौरान आकर्षक बिग बिलियन डेज दामों पर उपलब्ध होंगे।

### क्रॉम्पटन ने पेश की सबमर्सिबल पंप की ड्यूरा सीरीज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पानी की सप्लाई की बात हो तो हर कोई ऐसी मशीन चाहता है जो टिकाऊ हो और सालों तक भरोसेमंद काम करे। ग्राहकों की इसी ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए, भारत की अग्रणी कंज़्यूमर इलेक्ट्रिकल्स कंपनी क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज़्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपनी नई ड्यूरा (DURA) सीरीज़ सबमर्सिबल पंप्स (3W, 4W और 4VO सीरीज़) लॉन्च की है। 80 साल से अधिक के अनुभव के साथ तैयार की गई यह रेंज घरों, खेती और उद्योग – सभी के लिए उपयुक्त है। सबमर्सिबल पंप हर जगह ज़रूरी होते हैं, लेकिन उनका रखरखाव आसान नहीं होता। पंप खराब होने पर रोज़मर्रा का काम रुक जाता है और इन्हें निकालने व दोबारा लगाने में समय, मेहनत और खर्च तीनों बढ़ जाते हैं। इसलिए ग्राहक ऐसे पंप चाहते हैं जो लंबे समय तक टिकें, कम सर्विसिंग माँगें और सालों तक भरोसेमंद प्रदर्शन करें।

### दबंगों ने युवक को बेरहमी से पीटा कपड़े फाड़े व मोबाइल तोड़ा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बाजार खाला इलाके में दबंगों की पिटाई से युवक की आंख और सिर में गंभीर चोट आई है। दबंगों ने पहले युवक को कॉल करके घर के बाहर बुलाया। इसके बाद उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश कर रही है। रामनगर ऐशबाग धोबीघाट निवासी गिरिश शर्मा ने बताया कि सोमवार रात करीब 9 बजे उनके बेटे विशु शर्मा को दबंगों ने बेरहमी से पीटा। इलाके के रहने वाले आरोपी शिवांश, अर्जुन, अजय और युवराज पहले फोन करके विशु को मिलने के लिए घर से बाहर बुलाया। विशु उनसे मिलने पहुंचा, तो उस पर हमला कर दिया। लोहे की रॉड और हाथ में पहनने वाले कड़े से उसकी पिटाई की। उसके सारे कपड़े फाड़ दिए और मोबाइल फोन तोड़ दिया। उसको धोबीघाट पर ले जाकर पीटा। दबंगों की पिटाई से विशु की आंख में गंभीर चोट आई और सिर पर भी कई जख्म हुए। परिजनों का कहना है कि मारपीट के दौरान आसपास के लोग जमा हुए और उसे छुड़ाने की कोशिश की, तब भी दबंग उसकी पिटाई करते रहे। बाद में भाग गए। उन्होंने धमकी दी कि अगर इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई तो मोहल्ले वाले भी सुरक्षित नहीं रहेंगे। घायल विशु का इलाज कराया जा रहा है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इंस्पेक्टर बाजार खाला का कहना है कि मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

### राजकीय विभाग चालक संघ का चुनाव पांच अक्टूबर को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजकीय वाहन चालक संघषि विभाग का चुनाव पूर्व प्रक्रिया और निर्वाचन अधिकारी मिनिस्टीरियल एसोसिएशन धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की देखरेख में होगा। इस आशय का निर्णय आज संघ के पदाधिकारियों और महासंघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में लिया गया। इस आम सभा की अध्यक्षता राजकीय वाहन चालक महासंघ के अध्यक्ष रिजवान अहमद सिद्दीकी और संचालन गोपीचन्द्र यादव ने किया। षि विभाग चालक संघ की आमसभाकृषि मुख्यालय में सम्पन्न हुई। इस बैठक में विभाग द्वारा 5 अक्टूबर 25 को अधिवोन/चुनाव की अनुमति पत्र जारी किये जाने की जानकारी देते हुए बताया गया कि चुनाव पूर्व नामांकन प्रक्रिया एवं तय चुनाव अधिकारी घर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा। खास बॉत यह कि यह पूरी चुनाव प्रक्रिया महासंघ के पदाधिकारियों के पर्यवेक्षण मे सम्पन्न कराई जाएगी। इस आम सभा में महासंघ के महामंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी, चालक संघ वन विभाग के अध्यक्ष मोहम्मद अकरम, विभागीय चालको में अयोध्या प्रसाद पाण्डेय, राम लखन, सूरज कुमार,रविन्द्र प्रताप सिंह, गुलाब यादव, गिरिश पाण्डेय,राजेश कुमार सहित मुख्यालय के 95 प्रतिशत चालक मौजूद रहे।

### सिविल डिफेंस के नवनियुक्त डिप्टी डिविजनल वार्डेन रामगोपाल सिंह का किया भव्य स्वागत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निःस्वार्थ सेवा भाव से निरंतर सामाजिक कार्यों एवं सिविल डिफेंस में अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले नागरिक सुरक्षा प्रखण्ड राजाजीपुरम के नवनियुक्त डिप्टी डिविजनल वार्डेन रामगोपाल सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। सिविल डिफेंस के सेक्टर वार्डेन मुकेश कुमार निगम, मयंक कुमार श्रीवास्तव, डा. सत्य प्रकाश शर्मा, अभिनव खंडेलवाल, सोनम सिंह, विनय कुमार, जितेन्द्र अरोड़ा, शुभम् श्रीवास्तव, अमान खान, अमोघ लहरी, अमित वर्मा, रजत राजपूत, मीतू सिंह आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित किया और नियंत्रक एवं जिलाधिकारी विशाख जी, चीफ वार्डेन अमरनाथ मिश्रा, उपनियंत्रक रविन्द्र कुमार, डिप्टी चीफ वार्डेन गुरप्रीत सिंह सेठी, स्टफ आफिसर ऋतुराज रस्तोगी, वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक मनोज वर्मा, एडीसी मुकेश कुमार का आभार व्यक्त किया।

# लोकल फार वोकल पर केन्द्रित प्रगति महोत्सव आज से

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।**

प्रगति इवेंट के तत्वावधान में 24 सितम्बर 2025 से 26 अक्टूबर 2025 तक प्रगति महोत्सव-2025 का आयोजन सेक्टर-एम, आशियाना लखनऊ (आशियाना गुरुद्वारे के बगल) में होगा। इस बात की जानकारी आज कार्यक्रम स्थल पर प्रगति इवेंट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि प्रगति महोत्सव-2025 वोकल फर लोकल और स्वदेशी अपनाओ पर केन्द्रित है। इस महोत्सव में प्रगति के पथ पर अग्रसर उत्तर प्रदेश का हस्तशिल्प, देशी उत्पाद, वस्त्र, फर्नीचर, हैण्डलूम-हैण्डी क्राफ्ट, खादी, इलेक्ट्रानिक के समान, सहारनपुर का फर्नीचर, भदोही का कालीन, गर्म कपड़े, शाल, बनारसी सड़िया व लहंगे, कानपुर का चमड़े का सामन, घरेलू सामान और लघु इकाइयों द्वारा निर्मित अचार, पापड़, मसाले, क्रॉकरी , मेवे व अन्य सामानों के स्टाल होंगे। विनोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रगति महोत्सव में निःशुल्क प्रगति महोत्सव टैलेंट हण्ट-2025 का आयोजन किया जायेगा, इसके तहत बच्चों व युवाओं की गायन, नृत्य, वादन, किड्स मॉडलिंग, मेंहदी, रंगोली, कबाड़ से जुगाड़, सिलाई, चित्रकला, निबंध लेखन, साइकिल रेस, खो-खो, कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।एन.बी. सिंह ने आगे बताया की प्रगति महोत्सव के फूड जोन में कश्मीरी, राजस्थानी, पंजाबी, साउथ इण्डियन, गुजराती, चाइनीज, अवधी के अलावा देशी बाटी चोखे के स्टाल आकर्षण के केन्द्र होंगे। इसके अलावा फन जोन में बच्चों और युवाओं के लिए भूत बंगला और सेल्फी पॉइंट होगा।

**9 दिवसीय होगी प्रद्युम्न आचार्य जी महाराज की राम कथा**

प्रेसवार्ता में प्रगति इवेंट के उपाध्यक्ष एन.बी. सिंह ने बताया कि प्रगति महोत्सव-2025 में उत्तर प्रदेश की प्रगति में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली अनेक विभूतियों को प्रगति रत्न सम्मान से सम्मानित किया जायेगा, जिसमें महिलायें, पुरूष और बच्चे शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रगति महोत्सव-2025 की सांस्कृतिक संध्या में 24 सितम्बर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक श्रीराम अयोध्या धाम के स्वामी प्रद् युम्न प्रियाचार्य जी महाराज की राम कथा शाम 6.00 बजे से रात 9.00 बजे तक होगी। 2 अक्टूबर को दशहरे के दिन शाम को राम रावण संवाद राम लीला और रावण के पुतले का दहन होगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 3 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक उ.प्र.के लोक नृत्य, लोक गायन के कार्यक्रम जैसे उत्तर प्रदेश का ख्याल नृत्य, रास नृत्य, झूला नृत्य, मयूर नृत्य, धोबिया नृत्य, चरकुला नृत्य, कठफोड़वा नृत्य, जोगिनी नृत्य, आल्हा-ऊदल गायन, घूमर नृत्य, कालबेलिया नृत्य, तेराताली नृत्य, गेर नृत्य, गिद्दा-भांगड़ा नृत्य, कवि सम्मेलन, मुशायरा, जादू, कठपुतली, बिरहा और आल्हा के कार्यक्रम होंगें।

# अपराधियों की कुटिल चाल डिजिटल अरेस्ट : सुमित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

आईडीबीबाई बैंक के उप प्रबंध निदेशक सुमित फक्का ने कहा है कि साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए साइबर सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरुक करने की आज काफी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी कोई कार्रवाई होती ही नहीं है, यह अपराधियों की कुटिल चाल होती है जिससे वे भोले-भाले नागरिकों को डरा-धमका कर उनके साथ ठगी करते हैं।

मंगलवार को यहां आईडीबीआई बैंक की ओर से जन-धन, जन सुरक्षा, धन सुरक्षा अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को सम्बोधित लड़ते हुए उन्होंने कहा कि जागरुक रहकर हमें साइबर अपराधियों से बचने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया वे अपने परिजनों-मित्रों को इसके जागरुक और आगाह करें, जिससे साइबर धोखा-धड़ी से बचा जा सके। शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक जगजीत सिंह कालरा ने इस मौके पर वहां उपस्थित जन-धन खाताधारकों को 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) के बारे में विभिन्न जानकारियां दीं।

उन्होंने वित्तीय जागरुकता के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि इसकी जानकारी होने से समाज और देश की तरक्की को गति दी जा सकेगी। आईडीबीआई बैंक के अंचल प्रमुख मनोज कुमार ने कार्यक्रम के समापन पर कहा कि इस शिविर का उद्देश्य 'सबको सचेत करना और सबके पास पहुंचना' है। बैंक सभी नागरिकों तक पहुंचने और उनकी सेवा करने का पूरा प्रयास निरंतर करता है और उसी क्रम में आज का यह शिविर आयोजित किया किया।

### आजम खान सपा में रहें या बसपा में जाएं, दोनों दलों की 2027 में हार तय : मौर्य



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान की रिहाई के बाद उनके बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में शामिल होने की अटकलों के बीच उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि खान सपा में रहें या बसपा में जाएं, 2027 के विधानसभा चुनाव में दोनों दलों की हार तय है। सपा नेता एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री आजम खान विभिन्न आपराधिक मामलों में लगभग दो साल बाद जमानत मिलने के पश्चात मंगलवार को सीतापुर जिला कारागार से रिहा हुए। सीतापुर जिला कारागार के अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि सपा नेता आजम खान की रिहाई हो गई है। इस बीच, केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्सश् पर पोस्ट कर दावा किया, 'मोहम्मद आजम खान चाहें सपा में रहें या बसपा में जाएं, सपा-बसपा दोनों की 2027 में हार का मातम तय है।'

# लखनऊ में प्रेम प्रसंग विवाद में युवक की पिटाई से मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

▶ शादी की बात करने के लिए घर बुलाकर युवती के भाईयों ने प्रेमी को मौत के घाट उतारा



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सआदतगंज इलाके में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक के पिता ने हत्या का आरोप प्रेमिका के परिवार पर लगाते हुए नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव ने मंगलवार को बताया कि सआदतगंज थाना के हातानूर बेग निवासी अली अब्बास (26) को लकड़मंडी के पास कुछ लोगों ने मारापीटा। सिर में चोट लगने पर इलाज के लिए ट्रामा सेन्टर ले जाया गया, जहां पर उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के पिता आरिफ जमीर ने बताया कि उनके बेटे अली का लकड़मंडी में रहने वाली एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमिका के परिवार वालों ने बेटे को शादी की बात करने के लिए बुलाया और पीट-पीटकर हत्या कर दी।

डीसीपी ने बताया कि पिता आरिफ की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और पूछताछ के लिए हिमालय प्रजापति, सौरभ प्रजापति को हिरासत में लिया गया है। आरोपितों ने स्वीकारा कि उनकी बहन से मृतक अली अब्बास का प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी हम लोग रंजिश रखने लगे। सोमवार को मौका पाकर शादी की बात कहकर बहन से अली अब्बास को अपने घर बुलवाया। इसके बाद उसे लाठी-डंडे से पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नगर निगम ने खाली कराई 1.50 करोड़ की जमीन, अवैध दुकानों पर चला बुलडोजर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

नगर निगम लखनऊ ने मंगलवार को सरोजनी नगर तहसील के खरिका गांव में अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान में 1.50 करोड़ रुपए कीमत की 296 वर्ग मीटर सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। नगर निगम के प्रभारी अधिकारी (संपत्ति) रामेश्वर प्रसाद और तहसीलदार अरविन्द कुमार पाण्डेय की अगुवाई वाली टीम ने जेसीबी से अस्थाई दुकानों और ढांचों को हटाया। कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध किया, लेकिन अधिकारियों ने समझाया और पुलिस की मौजूदगी से कार्रवाई शांतिपूर्ण रही। अभियान में खसरा संख्या-535 (0.0126 हेक्टेयर बंजर भूमि) और खसरा संख्या-242 (0.0170 हेक्टेयर नाली खाते की भूमि) को अतिक्रमण मुक्त किया गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि यह कार्रवाई शहर के नियोजित विकास और सरकारी संपत्ति की रक्षा के लिए जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध कब्जाधारियों को बख्शा नहीं जाएगा। अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई प्रशासन की सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और अतिक्रमण पर सख्ती की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि ऐसी कार्रवाइयां आगे भी जारी रहेंगी।

# उप्र लोकायुक्त के खिलाफ एसएलपी दायर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अधिकारी रहे अमिताभ ठाकुर ने यूपी के लोकायुक्त रिटायर जस्टिस संजय मिश्रा और एक उप लोकायुक्त के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एसएलपी दायर की है।

यह एसएलपी निर्धारित अवधि से अधिक अवधि तक अपने पद पर बने रहने के संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के लखनऊ बेंच द्वारा याचिका खारिज करने के बाद दायर की गई है। याचिका में अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि जिस समय इन लोकायुक्त और उपयोग आयुक्त की नियुक्ति की गई थी। उस समय उत्तर प्रदेश लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त एक्ट की धारा 5 के अनुसार लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त का कार्यकाल 8 वर्ष का था। जबकि यूपी के लोकायुक्त जस्टिस संजय मिश्रा पिछले 9.5 वर्षों से इस पद पर हैं और उप लोकायुक्त शंभू सिंह यादव भी नौ वर्ष से पद पर हैं। लोकायुक्त की नियुक्ति 31 जनवरी 2016 को हुई थी। गौरतलब है कि अमिताभ ठाकुर ने इन्हें उत्तर प्रदेश लोकायुक्त एक्ट के विपरीत बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर किया था, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दी थी। जिस पर अमिताभ ठाकुर ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर कर लोकायुक्त और एक उप लोकायुक्त को समय अवधि पूर्ण होने के कारण पद से हटाए जाने की प्रार्थना की है।

### लखनऊ में ट्रक-पिकअप की भिड़ंत में चालक की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह किसान पथ पर ट्रक और पिकअप की जोरदार भिड़ंत में पिकअप चालक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक की पहचान हरदोई जिले के बिलग्राम कस्बा निवासी राजेश राठौर के रूप में हुई है। वह पिकअप पर मिनरल वाटर की बोतलें लादकर डिलीवरी के लिए जा रहा था। उन्होंने बताया कि दिन में करीब साढ़े 11 बजे पिकअप वाहन की सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई।सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग यूनिट और बिजनौर पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को सड़क से हटवाया गया और गैस कटर से पिकअप का केबिन काटकर चालक को बाहर निकाला गया। उसे ट्रॉमा सेंटर-टू पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी पर आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए जिससे यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस और क्रेन टीम ने वाहनों का मलबा हटाकर जाम को खत्म कराया। वाहनों के मालिक और परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है।

# यूपी में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करेगा श्रीराम फाइनेंस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




▶ श्रीराम फाइनेंस ने 'फोकस यूपी' कार्यक्रम किया लॉन्च

उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने के इरादे से, श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी और भारत की सबसे बड़ी एनबीएफसी में से एक, श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने मंगलवार को अपनी 'फोकस यूपी' रणनीति की घोषणा की – जो उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते बाजार में अपनी पहुंच को विस्तार देने की एक व्यापक योजना है।

श्री जी. एम. जिलानी, संयुक्त प्रबंध निदेशक, श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने कहा कि उत्तर प्रदेश हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। FY26 की पहली तिमाही में हमारे सभी लेंडिंग सेगमेंट में हुई मजबूत वृद्धि - खासकर कमर्शियल वाहन और दो-पहिया वाहन लोन में - से पता चलता है कि क्रेडिट की उत्तर प्रदेश में मांग और आर्थिक गतिविधियाँ बढ़ रही हैं। गोल्ड लोन में तीन गुना वृद्धि से पता चलता है कि हमारे ब्रांच नेटवर्क के माध्यम से सुरक्षित क्रेडिट पर ग्राहकों का भरोसा बढ़ रहा है। राज्य के बढ़ते सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर ढांचे के अनुरूप, श्रीराम फाइनेंस अपनी 'फोकस यूपी' रणनीति के तहत एक माइक्रो-ग्रिड रणनीति लागू कर रहा है, ताकि उत्तर प्रदेश के सभी क्षेत्रों में अपनी पहुंच बढ़ाई जा सके। इस पहल से कमर्शियल वाहनों के लिए फाइनेंस आसानी से उपलब्ध होगा, और नए और पुराने दोनों तरह के वाहनों के फाइनेंस को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। 'फोकस यूपी' रणनीति, श्रीराम फाइनेंस की वित्तीय समावेशन, पहुंच और समुदाय को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है; खासकर उन क्षेत्रों में जहां बैंकिंग सुविधाएं कम हैं या सेवाएं नहीं पहुंच पातीं।


**सख्ती** | यूपी के पते पर पंजीकृत 127 राजनैतिक दलों को कारण बताओ नोटिस

# तीन अक्टूबर तक नोटिस के जवाब में दे सकेंगे प्रत्यावेदन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

▶ इन दलों ने निर्धारित समयावधि में दाखिल नहीं की निर्वाचन व्यय विवरणी

▶ 6, 7, 8 व 9 अक्टूबर को व्यक्तिगत सुनवाई करेंगे सीईओ




लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्राविधानों के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य के पते पर पंजीकृत 127 राजनैतिक दलों आरयूपीपी को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

इन दलों ने विगत 3 वित्तीय वर्षो 2021-22, 2022-23, 2023-24 के वार्षिक लेखापरीक्षित खाते निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत नहीं किए गए और 2019 से अब तक विगत 6 वर्षों में आयोजित विभिन्न निर्वाचनों में प्रतिभाग तो किया गया परन्तु निर्धारित समयावधि में निर्वाचन व्यय विवरणी दाखिल नहीं किया गया। प्राविधान यह है कि विधानसभा चुनाव के पश्चात 75 दिनों के भीतर और लोकसभा चुनाव के पश्चात 90 दिनों के भीतर निर्वाचन व्यय विवरणी दाखिल किया जाना अनिवार्य है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कारण बताओ नोटिस के सम्बंध में कहा कि इन सभी दलों के अध्यक्ष व महासचिव प्रत्यावेदन, शपथ पत्र एवं सुसंगत अभिलेख आदि 3 अक्टूबर तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय, चतुर्थ तल, विकास भवन, जनपथ मार्केट, लखनऊ-226001 को उपलब्ध करा सकते हैं। व्यक्तिगत सुनवाई हेतु 6, 7, 8 एवं 9 अक्टूबर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में प्रातः 10 बजे उपस्थित होकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रख सकते हैं। निर्धारित तिथि के दौरान यदि ऐसे किसी दल की ओर से कारण बताओ नोटिस के सम्बन्ध में प्रत्यावेदन उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो यह माना जायेगा कि ऐसे राजनैतिक दल को इस मामले में कुछ नहीं कहना है।

ऐसे दल के संबंध में रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दी जायेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा कारण बताओ नोटिस इन सभी राजनैतिक दलों के पंजीकृत पते पर रजिस्टर्ड डाक से भेज दिया गया है। इन सभी राजनैतिक दलों के नाम एवं पते सहित सूची भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1033/ई.ई.-3/जीएल-7/2025-26 — दिनांक- 23.09.2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 30.09.2025 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 30.09.2025 तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 30.09.2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-3 के कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1. | जलकल विभाग जोन-3 के अन्तर्गत अलीगंज जोनल आफिस कम्पाउन्ड के ब्लॉक नं.-1 में बने स्टॉफ क्वार्टर की मरम्मत का कार्य | रू. 8500/- | 450/- |
| 2. | जलकल विभाग जोन-3 के अन्तर्गत अलीगंज जोनल आफिस के पुराने स्टोर के उत्तर की तरफ एवं अधिशासी अभियन्ता जोन-3 आवास के कैम्पस के दक्षिण तरफ ओपेन लैन्ड पर ड्रेनेज सहित इंटरलाकिंग बिछाने का कार्य | रू. 7300/- | 400/- |
| 3. | जलकल विभाग जोन-3 के अन्तर्गत अलीगंज जोनल आफिस के मेनगेट के निकट ड्रेनेज सहित इंटरलाकिंग बिछाने का कार्य | रू. 8500/- | 450/- |

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-3**
**जलकल विभाग, नगर निगम**
**लखनऊ**

## खबरें एक नजर में

### मोटर पार्ट्स की दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान



**रायबरेली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस लाइन चौराहे के पास स्थित एक मोटर पार्ट्स की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दुकान में रखा लाखों रुपये का माल जलकर राख हो गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के लोग दहशत में आ गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। दमकलकर्मी लगातार पानी डालकर आग को बुझाने में जुटे हुए हैं। हालांकि आग लगने के कारणों की अब तक पुष्टि नहीं हो सकी है। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन भारी आर्थिक नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

### यातायात प्रभारी पर जबरन वसूली का आरोप, व्यापार मंडल ने हटाने की उठाई मांग



**रायबरेली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा इकाई ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर यातायात प्रभारी इन्द्रपाल सिंह सेंगर को पद से हटाने की मांग की है। आरोप लगाया गया है कि 20 सितम्बर 2025 को शहर के प्रमुख बाजारों सुपर मार्केट, घंटाघर, सब्जी बाजार और स्टेशन रोड—पर तैनात यातायात पुलिस टीम ने व्यापारियों से जबरन वसूली की। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह की कार्यवाही से व्यापारी वर्ग भयभीत और आक्रोशित है। व्यापारियों का कहना है कि पहले से ही महंगाई और मंदी की मार झेल रहे बाजार पर इस तरह का दबाव असहनीय है। मंडल ने मांग की है कि दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए और यातायात प्रभारी को तत्काल पद से हटाया जाए। चेतावनी दी गई है कि अगर जल्द ही समाधान नहीं निकला तो व्यापारी आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे।

### भण्डारित आलू की शीघ्रातिशीघ्र निकासी कर विक्रय करें कृषक

**सीतापुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जनपद के निजी क्षेत्र में स्थापित 15 शीतगृहों में भण्डारित आलू के कृषकों द्वारा वर्तमान समय तक आलू निकासी की प्रगति काफी कम है, जबकि माह सितम्बर का आखिरी पखवाड़ा चल रहा है। भविष्य में बाजार में अधिक आलू के आने से आलू बाजार भाव कम होने पर कृषकों को आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े। उन्होंने कृषकों से अनुरोध किया है कि शीतगृह में अपने भण्डारित आलू की शीघ्रातिशीघ्र निकासी कर विक्रय करना सुनिश्तिच करें।

### अन्तर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर बधिर संघ ने आयोजित किया कार्यक्रम

**सीतापुर।** बधिर संघ सीतापुर द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर एक दिवसीय भाषा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला दिव्यांग सशक्तिकरण कार्यालय पर संघ के सभी मूक बधिर जनों द्वारा रैली निकाल कर किया गया। जिसको जिला सशक्तिकरण अधिकारी राजकुमार व पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद के राज्य सदस्य विकास चर्तुवेदी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए रैली रिजर्व पुलिस लाइन परिसर स्थित सभागार में पहुॅची जिसकी अध्यक्षता आर आई शिवबालक वर्मा ने की। जहां पुलिसकर्मियों व मूक बधिर जनों के बीच सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन संघ के विधिक सलाहकार सूरज राय ने करते हुए पुलिस अधिकारियों व कर्मियों तथा मूकबधिर जनो के मध्य विचारों का आदान प्रदान कराया। कार्यक्रम के अध्यक्ष नीलेश शुक्ला, महामंत्री नरेन्द्र सिंह, समेत काफी मूकबधिर जनों ने सांकेतिक भाषा के अपनी बाते उपस्थित जनों के सामने रखी। अन्त में कार्यक्रम का समापन किया गया।

### छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी व स्कूल बैग किए गए वितरित

**बिसवां (सीतापुर)।** अखिल भारतीय साहित्य सृजन संस्थान द्वारा संचालित सृजन पुस्तकालय में हाईस्कूल व इंटर के छात्रों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी व स्कूल बैग वितरित किए गए। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला प्रचारक विकल्प जी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम जोगीपुर की छात्रा प्रियंका वर्मा सहित कई बच्चों को स्व. श्रीमती पुष्पा सिंह की स्मृति में उनके पुत्र ऋतुराज सिंह के सहयोग से स्कूल किट दी गई। संस्थापक संदीप मिश्र 'सरस' ने बताया कि प्रतिवर्ष मेधावी व जरूरतमंद छात्रों को यह सहयोग दिया जाता है। कार्यक्रम में कई गणमान्य नागरिक व अभिभावक उपस्थित रहे।

### एक ही रात में दो घरों में चोरी, छत के रास्ते घुसे चोर-



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के थाना क्षेत्र इन्हौना के अंतर्गत रविवार देर रात चोरों ने अलग अलग गांव में दो घरों को निशाना बनाया। घटनाएं थाना क्षेत्र अंतर्गत शेखनगांव और गुलाबगंज गांव में रात करीब 2 बजे हुईं, जहां चोर छत के रास्ते घरों में घुसे। गुलाबगंज गांव में जगत बहादुर सिंह के घर से चोर 80 हजार रुपए नकद के साथ एक जोड़ी पायल, हाफ पेटी, मंगलसूत्र, मांग टीका और नाक की नथुनी चोरी कर ले गए, वहीं,शेखनगांव निवासी शाकिर के घर से भी चोरों ने नकदी और जेवरात पार कर दिए हैं। सुबह जब घरवालों को घटना की जानकारी हुई,तो उन्होंने थाना इन्हौना में शिकायत दर्ज कराई। इन्हौना थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम जल्द ही चोरी का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करेगी।

### आईटीआई कठौरा में निःशुल्क रोजगार मेला आज

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कठौरा जगदीशपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय नि:शुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला आज 24 सितम्बर को प्रात: 10:30 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कठौरा जगदीशपुर, में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि मेले में पुखराज हेल्थ केयर एवं एस.आई.एस. सिक्योरिटी गार्ड कंपनियाँ प्रतिभाग करेंगी। रोजगार मेले में 12वीं, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण तथा अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

### पुलिस ने तीन वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना जामो पुलिस द्वारा थाना जामो में वांछित 3 अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र रामसमुझ, रामसमुझ पुत्र स्व डल्लू तथा श्यामपति पत्नी रामसमुझ निवासीगण ग्राम गोपालपुर मजरे डीघागोपालपुर थाना जामो को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी जामो विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### पंचवटी मैरिज लॉन में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के जामो रोड स्थित पंचवटी मैरिज लॉन एवं होटल में सोमवार देर रात लगभग 8 बजे अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरे मैरिज हाल में धुआँ और लपटें फैल गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गौरीगंज कोतवाली पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने भीड़ नियंत्रण और सुरक्षित मार्ग बनाने के लिए सड़क को दोनों तरफ से बंद कर दिया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियाँ लगातार आग पर काबू पाने में जुटी रहीं। बताया जा रहा है कि आग सबसे पहले ग्राउंड फ्लोर पर लगी, जो कुछ ही समय में फैलकर दूसरे तल तक पहुँच गई। ऊपर बने कमरों और सजावट के सामान को आग ने पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्टसर्किट बताया जा रहा है। पुलिस और फायर विभाग मामले की जांच कर रहे हैं और आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के प्रयास जारी है।

### गौरीगंज में राष्ट्रीय नाई महासभा के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को जनपद मुख्यालय गौरीगंज में राष्ट्रीय नाई महासभा के कार्यालय का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता रंतिदेव शर्मा और संचालन शिव प्रसाद शर्मा ने किया। उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि रफीक सलमानी ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। वहीं हरिहर शर्मा अन्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला मंत्री सजन लाल शर्मा, राजकुमार शर्मा, धर्म राज सेन, दिनेश कुमार, फहीम सलमानी, रामबरन शर्मा, दिलीप कुमार, राहुल शर्मा, संतोष कुमार, धर्मेंद्र, प्रदीप कुमार, पवन, नंदकुमार, राधेश्याम व केपी सविता आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

**बेखौफ बदमाशों का आतंक**

# महिला को बंधक बनाकर लाखों की लूट

▸ **मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक में जल्द ही घटना के अनावरण का दिया आश्वासन**

**नसीराबाद रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे अब घरों में घुसकर महिलाओं को बंधक बना रहे हैं। नसीराबाद थाना क्षेत्र के चंदा बाहीपुर गांव में देर रात तीन बदमाशों ने एक महिला को निशाना बनाया। बदमाश घर में घुसे, पहले महिला से बेरहमी से मारपीट की, फिर उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर हाथ-पैर बांध दिए और चारपाई पर कसकर लपेट दिया। इसके बाद लाखों के सोने-चांदी के गहने और 10 हजार रुपये नकद लूटकर फरार हो गए। गांव के बीचों-बीच हुई इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। पीड़ित महिला शबनम का कहना है कि बदमाशों ने बेखौफ होकर घंटों तांडव मचाया और भाग निकले। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से महिला को छुड़ाया। सूचना पर पहुंची पुलिस अब मामले की जांच का दावा कर रही है, लेकिन सवाल ये है कि आखिर पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद बदमाश इस तरह खुलेआम लूट कर कैसे जा रहे हैं। घटना का जायजा लेने मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह के साथ ही मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम भी घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सर्विलांश की टीम भी घटना की जाँच पड़ताल के संबंध में लगा दी गई है। जल्द ही इस घटना का अनावरण किया जाएगा।

## सेवा पखवाड़ा के तहत विशेष आयुष्मान शिविर का हुआ आयोजन



**बछरावां रायबरेली।** कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां के प्रांगण में दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा के अवसर पर स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत विशेष आयुष्मान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि के दौरान आयुष्मान कार्ड धारकों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। साथ ही सरकार की आयुष्मान भारत योजना के संबंध में जानकारी भी दी गई। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अधिक्षिका डॉक्टर अर्पिता श्रीवास्तव, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव, एआरओ छत्रशाल मिश्र, बीपीएम धर्मेंद्र सिंह, बीसीपीएम आलोक अवस्थी एवं आलोक कुमार सहित आयुष्मान कार्ड धारक मौजूद रहे। कार्यक्रम में लगभग 50 आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए।

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन




**सलोंन रायबरेली।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के तत्वाधान में कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय सलोंन में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बालिका बचाओ और बालिका को शिक्षित करो महिला सशक्तिकरण एवं महिला कल्याण योजनाओं व लैंगिक समानता के बारे में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किया।मुख्य अतिथि तहसीलदार प्रियंका सिंह द्वारा भारत माता की चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तहसीलदार ने कहा महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है।देश की राष्ट्रपति हो या जिले की जिलाधिकारी हो सभी महिलाएं देश का नाम रोशन कर रही है।स्कूली बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई कर आगे बढ़ने की बात कही।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य नागार्जुन प्रसाद गुप्ता, माधुरी मौर्य, ठाकुर प्रसाद मौर्य, रूपल कुमार व समाजसेवी सुनील साहू, पूर्व सभासद इसरार हैदर रानू, दिनेश कौशल, अजय रस्तोगी, प्रधानाचार्य साधना शर्मा, दिनेश अग्रहरी व उनके समस्त स्टाफ सहित लगभग विद्यालय के बच्चे व उनके अभिभावक मौजूद रहे।

## शिक्षक नेता व भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष का निधन

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के शिक्षक नेता सहित सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले अन्याय को न सहन करने वाले शिव बरन सिंह निवासी मोन तहसील महराजगंज का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की सूचना जैसे ही मिली जनप्रतिनिधि शिक्षक नेता शिक्षक सेवानिवृत शिक्षकों ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। अमावा ब्लाक के अशर्फाबाद ग्राम पंचायत मे जन्मे शिव बरन सिंह पुत्र रामनरेश सिंह का 79 वर्ष की उम्र मे अपनी ससुराल में रह रहे मोन में निधन हो गया। मोन गांव ही उनकी कर्मभूमि रहा और हमेशा वह अन्याय के खिलाफ लड़ते रहे ।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष रहे तो वहीं प्राथमिक शिक्षक संघ 95 96 में महराजगंज ब्लॉक अध्यक्ष रहे शिक्षकों की हितों की परवाह करने वाला प्रमुख संगठन जिला बोर्ड एम्पलाई क्रेडिट सोसाइटी बछरावां शिवगढ़ महराजगंज क्षेत्र के संचालक रहे तो वहीं भारतीय जनता पार्टी महराजगंज के मंडल अध्यक्ष भी रहे पारा काला जूनियर हाई स्कूल से 2008 में सेवानिवृत हुए थे। पूर्व शिक्षक शिवबरन सिंह के शव का अंतिम संस्कार उनकी कर्मभूमि मोन मे किया गया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी प्रांतीय परिषद सदस्य डॉक्टर मातादीन पासी, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, दिलीप सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ महराजगंज अध्यक्ष विनोद अवस्थी, शिवगढ़ अध्यक्ष जिला प्रचारक मंत्री उमेश गुप्ता, राम सुमिरन, मंत्री मोहम्मद सागीर, सेवानिवृत शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष विपत्ति राम, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष शिव शंकर सिंह, संजय कनौजिया, महराजगंज ब्लॉक अध्यक्ष मधुकर सिंह, विजय बहादुर मौर्य, संजय सिंह उर्फ कुल्लू, राजू सिंह, सरवन बाजपेई, नन्हे सिंह, चंद्रभान सिंह, पिंकू सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, कल्लू मिश्रा, तेज बहादुर सिंह, शारदा शरण पांडे, सूर्य नारायण मौर्य, सुशील सिंह, झब्बू सिंह, बबलू श्रीवास्तव, लाखन सिंह, शिव प्रताप सिंह सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने रास्ता बनवाने को लेकर खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**डलमऊ, रायबरेली।** गांव को जाने वाले बदहाल रास्ते से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को खंड विकास अधिकारी डलमऊ को प्रार्थना पत्र देकर बदहाल एवं कीचड़ युक्त मार्ग में खड़ंजा लगाए जाने की मांग की है ग्रामीणों द्वारा कई बार ग्राम प्रधान एवं खंड विकास कार्यालय में इसकी शिकायत करने के बाद भी मार्ग का निर्माण नहीं कराया गया जिसके चलते ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। विकास खंड डलमऊ के जमाल नगर मोहद्दीनपुर गांव को जाने वाला रास्ता पूरी तरह से बदहाल हो चुका है इस रास्ते में खड़ंजा ना होने की वजह से मार्ग उबड़ खाबड़ हो चुका है जिसके चलते ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीण शिवांश, रानी, नीरज, प्रेमा, आशा देवी, अंशिका, राधिका, हरि कृष्ण, कोमल, संजू, दीपक, मंजू, अरविन्द, अमरजीत, रौनक, आंचल, राम खेलावन, प्रदीप कुमार आदि ने बताया कि रास्ते की हालत इतनी खराब है कि कई बार स्कूली बच्चे ग्रामीण व राहगीर गिरकर चोटिल हो चुके हैं ग्राम प्रधान एवं खंड विकास कार्यालय में कई बार रास्ता बनवाने को लेकर सूचित किया गया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई कीचड़ युक्त मार्ग में खड़ंजा ना लगाए जाने से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है खंड विकास अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने मार्ग में खड़ंजा लगाए जाने की मांग की है इस संबंध में खंड विकास अधिकारी डलमऊ अशोक सचान ने बताया कि मामला जानकारी में है सचिव को खड़ंजा लगवाने के लिए आदेशित किया गया है।

▸ **बदहाल रास्ते से गुजरने को मजबूर ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे**

## समिति ने गौरीगंज में शुरू किया रामलीला का मंचन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**




जनपद मुख्यालय गौरीगंज में श्री रामलीला समिति द्वारा 1909 से निरंतर आयोजित हो रही ऐतिहासिक श्रीरामलीला का शुभारंभ सोमवार को महाआरती के साथ किया गया। इस अवसर पर बाजार के व्यापारी बंधुओं ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।समिति ने इस बार अपने दो अभिन्न सहयोगियों राजेश कुमार अग्रवाल निधन नवंबर 2024 और हनुमान कौशल निधन सितंबर 2025 को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पारिवारिक जनों को सम्मानित किया और रामलीला में दिए गए उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से व्यापारी नेता महेश जायसवाल, सजनलाल शर्मा, एडवोकेट शेष नारायण अग्रहरि, झब्बर अग्रहरि, राजाराम अग्रहरि, अजय अग्रवाल, रामजी अग्रहरि, एंजिल वर्मा, एडवोकेट रामेन्द्र अग्रहरि, राकेश अग्रहरि, ओ.पी. सिंह, दिनेश मौर्य, विजय यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और व्यापारी उपस्थित रहे। धार्मिक आस्था और परंपरा को संजोए रखने वाली यह रामलीला आगामी दिनों में विभिन्न प्रसंगों के मंचन के साथ जारी रहेगी।

## मिशन शक्ति अभियान 5.0: एंटी रोमियो टीमों ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**






पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपदीय एंटी रोमियो पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली अंतर्गत धार्मिक स्थलों/कोचिंग सेंटरो/पार्क/विद्यालयों के बाहर एवम् भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में निरंतर गश्त करते हुए अनावश्यक रूप से घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों/लड़को से पूछताछ एवम् आवश्यकतानुसार चेतावनी दी जा रही है एवम् बालिकाओ/महिलाओं को जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही समस्त थानों की टीमों द्वारा भी महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

## छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सेवा पर्व के अवसर पर जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व व कृतित्व, न्यू इन्डिया @ 2047 तथा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं व उपलब्धियों विषयक प्रदर्शनी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक के लिए सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग लखनऊ द्वारा स्थापित करायी गयी है। जिसका मंगलवार को सातवें दिन पीएम श्री विद्यालय पचेहरी के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी में केंद्र व प्रदेश सरकार कि विभिन्न विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को बड़े ही आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। ज्ञातव्य है कि यह प्रदर्शनी दिनांक 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन आमजन के लिए खुली रहेगी, जहां नागरिक अपनी सुविधा अनुसार विभिन्न योजनाओं की जानकारी हासिल कर सकेंगे।

## मिट्टी के टीले पर मौजूद हैं गडौरा मां टूटी हुई मूर्तियों की ग्रामीण करते हैं पूजा

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

▸ **रहस्यमय है मिट्टी के टीले की कहानी, हजारों वर्ष पुराना है स्थान**



चन्दापुर थाना क्षेत्र मे अमावा विकासखंड क्षेत्र के ओया ग्राम पंचायत मे टूटी हुई मूर्तियों में है ग्रामीणों की आस्था और करते हैं पूजा ।पूरा क्षेत्र उन्हें गडौरा माता के नाम से जानता है साथ ही कुछ लोग उन्हें बुढ़िया माता भी कहते हैं नवरात्र तथा अन्य धार्मिक दिवसों पर क्षेत्रीय ग्रामीण जनता मां की पूजा अर्चना करती है। रहस्य व तमाम तरह की किदवंती कहानियों इस मंदिर के बारे में मशहूर है। एक बहुत बड़ा मिट्टी का टीला है जो की तमाम तरह के सवाल कर रहा है क्योंकि इस टीले पर नील को मथने वाले बड़े-बड़े हौद बने हैं जिनके बारे में ग्रामीण बताते हैं कि अंग्रेजों द्वारा यहां पर नील मथने का काम किया जाता था उससे पहले के बारे में भी कुछ बातें ग्रामीण यदा कदा करते हुए पाए जाते हैं कि जब भारत देश पर मुगल आक्रांताओं ने आक्रमण किया था तब यहां पर कोई किला रहा होगा जिसको उजाड़ दिया गया धीरे-धीरे समय बदलता गया और भारत देश अंग्रेजों का गुलाम हो गया तब यहां पर नील मथने का कार्य शुरू हो गया ग्रामीण ये भी बताते हैं कि जो यह मंदिर बना हुआ है जहां पर यह है वहां पर नहीं था इससे पहले ग्रामीणों को टूटी हुई मूर्तियां बहुत संख्या में मिट्टी के टीले के नीचे मिली थी ग्रामीण ऐसा अंदाजा लगाते हैं की माता का मंदिर या फिर किसी देवी देवता का मंदिर यहां पर रहा होगा ग्रामीणों द्वारा टूटी हुई मूर्तियों को लाकर इस मिट्टी के टीले के पास रख दिया गया और मिट्टी का चबूतरा बना दिया गया ओया ग्राम पंचायत से ही एक सड़क निकली जिस ठेकेदार द्वारा वह सड़क बनवाई जा रही थी लोग बताते हैं कि वह मिट्टी के टीले पर आकर फस गई तब ठेकेदार द्वारा माता रानी का मंदिर बनवाया गया ।ग्राम पंचायत के प्रधान द्वारा उसे कुछ सजाया संवारा गया और वर्ष में एक बार विशाल भंडारे का आयोजन भी ग्रामीणों द्वारा किया जाता है। लोग बताते हैं कि मिट्टी का चबूतरा करीब सैकड़ो वर्ष का हो चुका है इससे पहले माता जी जहां पर विराजमान थी वह भी करीब हजारों वर्ष पुराना स्थान रहा होगा यदा कदा ग्रामीणों को मिट्टी के टीले पर से तमाम तरह के बर्तन मिलते हैं जो की सदियों पुराने हैं इससे यह बात साबित होती है कि रहस्यम टीला का इतिहास कुछ और रहा है तब के भारत में यहां पर खुशियां और प्रसन्नता तथा भारत की वैभवशाली गौरव गाथा गाता हुआ यह टीला कहीं न कहीं इतिहास से अछूता रह गया।

## डीएम ने आयोजित की सीएम डैशबोर्ड की मासिक समीक्षा बैठक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों (सीएम डैशबोर्ड) की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अपने-अपने विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यो की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं। डीएम ने विभागवार योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिए। आगे उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं, जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पन्नालाल सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### छत के रास्ते लाखों का माल लेकर चोर फरार

**अमेठी।** बीती रात्रि अज्ञात चोर छत के रास्ते घर मे घुसकर लाखों का माल लेकर फरार हो गए, भुक्तभोगी ने पुलिस को घटना की तहरीर देकर देकर कार्यवाई की मांग की है। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित भूलीनगर गांव निवासी साफिया बानों के घर बीती रात अज्ञात चोरों ने दीवार फांदकर छत के रास्ते घर में घुसकर कमरे मे रखी संदूक का ताला तोडकर उसमे रखा सोने चांदी के जेवरात समेत सात हजार नकदी लेकर फरार हो गए। छत पर सो रहे घर के लोगों को भनक तक नहीं लगी सुबह जागने के बाद कमरे में बिखरा पडा समान देख घर वालों के होश उड गए, आसपास तलाश करने के बाद कोई सुराग ना मिलने पर भुक्तभोगी द्वारा थाने में तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है। इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला संदिग्ध लग रहा है, पड़ताल की जा रही है।

## पूर्व सांसद ने हिंगलाज धाम भेजी पूजन सामग्री


**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** अमेठी की पूर्व सांसद व मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी द्वारा प्रत्येक नवरात्रि की भांति इस नवरात्रि में भी जनपद के प्रमुख मन्दिरों में पूजन सामग्री भेजा है। इसी क्रम में मंगलवार को मां हिंगलाज धाम में जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ल की अगुवाई में माता जी के दरबार में पुजारी जी को फल एवं पूजन सामग्री भेंट कर राष्ट्र देश और क्षेत्र के कल्याण के लिए माता रानी से प्रार्थना किया। दीदी स्मृति इरानी जी ने अमेठी संसदीय क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों में पूजन सामग्री के साथ माता रानी के श्रृंगार के सामान व पुजारियों के लिए फलाहार भेजा है। जिसका वितरण माँ हिंगलाज भवानी के धाम पर पूजन हेतु पुजारी जी को प्रदान किया गया।साथ में सांसद जी ने नवरात्र पर माता रानी से प्रार्थना की है कि अपनी अमेठी खुशहाली के रास्ते पर चलते हुए विकास व तरक्की का नया कीर्तिमान बनाने में कामयाब हो। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, युवामोर्चा जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा, अरुण मिश्रा, महेन्द्र कुमार मिश्र, अखिलेश पाण्डेय, जीत बहादुर सिंह, राम गोपाल कौशल, राधेश्याम शुक्ला, देव नारायण यादव, सुशील शुक्ला जी, शैलेन्द्र सिंह, गिरेन्द्र सिंह, रघुवंश मिश्रा, जय विन्द सिंह, राज बक्श यादव, धर्मेंद्र सिंह, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अपनों पर बमबारी

पाक सत्ता के कुशासन व भेदभाव से त्रस्त उसके कई राज्यों के नागरिक दमन के खिलाफ मुखर विरोध जताते रहे हैं। जिसमें पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी प्रांत, खैबर पख्तूनख्वा के लोग भी शामिल हैं। गरीबी-महंगाई और हाल के हफ्तों में भारी बाढ़ की तबाही झेल रहे खैबर के असहाय लोग अब एक क्रूर सैन्य अभियान का भी दंश झेल रहे हैं। कहने को तो पाक सेना के इशारे पर मुहिम चला रही सरकार का कहना है कि खैबर पख्तूनख्वा में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकवादियों का सफाया करने के लिये यह अभियान चलाया जा रहा है। बताया जाता है कि तिराह घाटी में पाकिस्तानी वायु सेना के विमानों द्वारा किए गए बम विस्फोटों में महिलाओं-बच्चों समेत करीब तीस नागरिकों की जान चली गई है। इस घटना के बाद पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग ने अफगानिस्तान सीमा के पास हुए हवाई हमलों की जांच की मांग की है। हमेशा की तरह की झूठी कहानी गढ़ने में मशहूर पाकिस्तानी पुलिस की दलील है कि इन मौतों के लिये उस परिसर में हुए विस्फोट जिम्मेदार हैं, जहां टीटीपी ने विस्फोटक सामग्री जमा कर रखी थी। दरअसल, भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मंचों के द्वारा पाकिस्तान के आतंकवाद फैलाने के मंसूबों को बेनकाब किया है। जिसके जवाब में पाकिस्तान सेना के फील्ड मार्शल असीम मुनीर यह दिखावा करने पर तुले हुए हैं कि उनका देश आंतकवाद का पोषक नहीं बल्कि इससे पीड़ित देश है। दरअसल, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी पाकिस्तान में यह चाल खूब चली है क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय भारतीय धरती पर हुए इस भयावह नरसंहार के लिये पाकिस्तान को दोषी ठहराने से कतरा रहा है, भले ही इसके स्पष्ट संकेत हों। दरअसल, कथित रूप से आतंकवाद से निपटने के बहाने, पाकिस्तान का सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ यानी पीटीआई सरकार को कमजोर करने की भरसक कोशिश कर रहा है। वास्तव में पाक हुकमरान अतीत में भी सेना के इशारे पर विपक्षी राजनीतिक दलों के दमन के लिये अभियान चलाते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की मुख्य विपक्षी पार्टी पीटीआई अपने संस्थापक, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के दो साल से जेल में बंद होने के विरोध में पहले ही संघर्ष जारी रखे हुए है। पूरे देश में पीटीआई कार्यकर्ताओं को जेलों में डाला जा रहा है। दरअसल, पाकिस्तान की सत्ता में काबिज वर्ग विशेष के खिलाफ प्रतिरोध का स्वर मुखर करने वाले प्रांतों में लोगों के सफाये के लिये सुनियोजित अभियान चलाये जाते रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा में लंबे समय से मानवाधिकारों के हनन और लोगों के जबरन विस्थापन के खिलाफ लगातार विरोध के स्वर उभरते रहे हैं। अब इस हवाई हमले ने पाकिस्तान सरकार के नापाक मंसूबों को सारी दुनिया के सामने उजागर कर दिया है, जो अपने सोते हुए नागरिकों पर बम बरसाकर खतरनाक इरादों को अंजाम दे रही है। विडंबना यह है कि जो पाकिस्तान भारत के खिलाफ दशकों तक सीमा पार से आतंकवाद का प्रायोजक रहा है, अब यह चाहता है कि तालिबान सरकार सुनिश्चित करे कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिये न हो। इसमें दो राय नहीं कि पाकिस्तान सेना प्रमुख असीम मुनीर के दुस्साहस के चलते ही अफगानिस्तान के साथ उसके देश के संबंधों को नुकसान पहुंचा है। पाकिस्तान के इस टकराव के रवैये के कारण पाकिस्तान व अफगानिस्तान के रिश्ते सबसे खराब दौर में पहुंच गए हैं। निःसंदेह, इससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता खतरे में पड़ गई है। सही मायनों में खैबर पख्तूनख्वाह में मची तबाही पर भारत को पाक पर आंख बंद करके विश्वास करने वाले चीन, अमेरिका और तुर्की जैसे देशों को इस हकीकत से अवगत कराना चाहिए। पाकिस्तान द्वारा अपने ही नागरिकों पर किए जा रहे अत्याचारों पर आंख मूंद लेने के लिए भारत को इन देशों को आड़े हाथ लेना चाहिए। समय-समय पर भारत व पाकिस्तान को लेकर दोहरे मापदंड अपनाने वाले इन देशों को हकीकत से अवगत होना जरूरी भी है। उन्हें याद रखना चाहिए कि वे भारत व पाकिस्तान को एक तराजू में रखकर नहीं तोल सकते हैं।

# श्रद्धा अंतःकरण का प्रसाद

हृदयनारायण दीक्षित



**श्रद्धा प्रगाढ़ भाव है। यह अंधविश्वास नहीं है। इसकी अपनी उपयोगिता है। श्रद्धालु विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य नहीं खोते। ऋग्वेद में श्रद्धा को देवता कहा गया है। वरिष्ठजनों के प्रति आदरभाव श्रेष्ठ सामाजिक संगठन की आधारशिला है। वरिष्ठ और पूर्वज हमसे पहले से इस संसार में हैं। उनके अनुभव प्रगाढ़ हैं। माथापच्ची बेकार है कि वे भोजन या सम्मान चाहते हैं कि नहीं चाहते। मूल बात यही है कि हम उन्हें सम्मान और श्रद्धा भाव देकर स्वयं का आत्मबल बढ़ाते हैं और सामाजिक कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। संप्रति वरिष्ठों का सम्मान घटा है। मृत माता-पिता के प्रति श्रद्धा दूर की बात है, जीवित माता-पिता भी फफक रहे हैं। श्राद्ध सामान्य कर्मकाण्ड नहीं है। हमारे पूर्वजों ने ही सुंदर समाज के लिए ऐसे सुंदर कर्मकाण्ड को गढ़ा है। इस कर्मकाण्ड में स्वयं के भीतर पूर्वजों के प्रवाह का पुनर्सृजन संभव है। अग्रजो, मार्गदर्शक, पूर्वजो और मंत्रद्रष्टा पितरों को नमस्कार करते मन नहीं अघाता। ऋग्वेद के ऋषि ने सही गाया है-इदं नमः ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृभ्यः।**

पूर्वजों पितरों के प्रति श्रद्धापूर्णता राष्ट्रजीवन की श्रद्धा रही है। जीवन की सांझ आ गई है। पक्षी कलरव कर चुके। प्रकृति विश्राम करने जा रही है, लेकिन बूढ़े लोग जीवन की सांझ में अकेले हैं। पुत्र उनकी उपेक्षा करते हैं। अपमान करते हैं। देश में वरिष्ठ नागरिक अकेलेपन के शिकार हैं। वे उपयोगी नहीं रहे। उपयोगितावाद यूरोप, अमेरिका से यहाँ आया है। श्रद्धा भाव है और श्राद्ध कर्मकाण्ड। श्रद्धा अंतःकरण का प्रसाद है। प्रसाद आंतरिक आनंद देता है। पतंजलि ने श्रद्धा को चित्त की स्थिरिता या अक्षोभ से जोड़ा है। श्रद्धा की दशा में क्षोभ नहीं होता। श्रद्धा की अभिव्यक्ति श्राद्ध है।

भारतीय विद्वानों ने भाव को कर्म बनाया। पिता, पितामह और प्रपितामह के लिए अन्न, जल आदि के अर्पण तर्पण का कर्मकाण्ड बनाया। श्रद्धा है कि अर्पित किया गया भोजन पितरों को मिलता है। वे प्रसन्न होते हैं और सन्तति को सभी सुख साधन देते हैं। हम भारतवासी वरिष्ठों, पूर्वजों के प्रति श्रद्धालु रहते हैं। संप्रति पितर पक्ष है। इस समय को पितरों के प्रति श्राद्ध के लिए श्रेष्ठ माना जाता है।

लोक मान्यता है कि इस पक्ष में पूर्वज पितर आकाश लोक आदि से उतरकर धरती पर आते हैं। हम पूरे वर्ष तमाम गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं। इसी में 15 दिन पितरों के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के हैं। वैदिक निरूक्त में श्रत और श्रद्धा को सत्य बताया गया है। हम पितृपंक्ति का विस्तार हैं। वे थे, इसलिए हम हैं। उन्होंने हमारी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए तमाम कर्म किए। वे नमस्कारों के योग्य हैं। वे श्रद्धेय हैं।

कुछ विद्वान कहते हैं कि ऐसे कर्मकाण्ड वैज्ञानिक दृष्टिकोण की संगति में नहीं आते। वे अंधविश्वास जान पड़ते हैं। लेकिन कर्मकाण्ड निराधार नहीं होते। सभ्य समाज में पितरों का आदर होना ही चाहिए। श्राद्धकर्म की वैज्ञानिकता की बहस पुरानी है। मत्स्य पुराण (19.2) में प्रश्न है कि श्राद्ध का भोजन पुरोहित या अग्नि को अर्पित होता है, क्या वह मृत पूर्वजों द्वारा खाया जाता है? जो मृत्यु के बाद अन्य शरीर धारण कर चुके होते हैं? इस प्रश्न का उत्तर भी दिया गया है, पिता, पितामह और प्रपितामह को वैदिक मंत्रों में क्रमशः वसु, रूद्र और आदित्य देव के समान माना गया है। वे नाम परिचय सहित उच्चारण किए गए मंत्रों आहुतियों को पितरों के पास ले जाते हैं। यदि पितर सत्कर्म के कारण देवता हो गए हैं तो वह भोजन आनंद रूप में उनके पास पहुंचता है, यदि पशु हो गए हैं तो भोजन घास हो जाता है यदि सर्प जैसे रेंगने वाली योनि में हैं तो यह भोजन वायु आदि के रूप में उन्हें मिलता है।

मत्स्य पुराण के प्रश्न तत्कालीन समाज के जिज्ञासुओं के तर्क हैं। प्रश्नों के उत्तर श्राद्ध समर्थकों के स्पष्टीकरण हो सकते हैं। श्रद्धा कर्म परम्परा पुरानी है और पुनर्जन्म पर विश्वास भी प्राचीन है। ऋग्वेद में पुनर्जन्म की चर्चा है। लेकिन संतानों द्वारा प्रेषित भोजन पितरों को मिलने की धारणा में पुनर्जन्म सिद्धांत का मेल नहीं है। पहले बात साफ थी कि मृतात्माएं श्राद्धकर्म का भोजन पाती हैं। पुनर्जन्म सिद्धांत के कारण आत्मा के नए शरीर धारण की बात आई। आर्य समाज श्राद्धकर्म के पक्ष में नहीं है। उसके सामने ऋग्वेद में पितरों के उल्लेख की समस्या थी।

आर्य समाज ने ऋग्वैदिक पितरों को मृत नहीं माना। उन्हें जीवित वानप्रस्थी बताया। समस्या शतपथ ब्राह्मण के रचनाकार के सामने भी थी। यहां मंत्र है यह भोजन पिता जी आपके लिए है। याज्ञवल्क्य की व्यवस्था है वसु, रूद्र और आदित्य हमारे पितर हैं। वे श्राद्ध के देवता हैं। पितरों का ध्यान वसु रूद्र और आदित्य के रूप में ही करना चाहिए। वृहदारण्यक उपनिषद् में याज्ञवल्क्य ने शाकल्य को रूद्र और वसु का वास्तविक अर्थ समझाया है। यहां पृथ्वी, आकाश आदि वसु हैं। प्राण, इन्द्रियां मन आदि रूद्र हैं। आदित्य प्रकाश हैं। पितर श्रद्धा यहां प्रकृति की शक्तियों के प्रति समर्पित दिखाई पड़ती है।

ऋग्वेद के दसवें मण्डल (सूक्त 14) में मृत पितरों पर रोचक विवरण हैं। कहते हैं यम (नियम) व्यवस्था को कोई बदल नहीं सकता। जिस मार्ग से हमारे पूर्वज गये हैं, उसी मार्ग से सभी मनुष्य जायेंगे। अन्ततः सबको यम के पास जाना ही पड़ता है। मृत पिता से कहते हैं जिस पुरातन मार्ग से पूर्वज पितर गये हैं, आप भी उसी से गमन करें। फिर यज्ञ कर्म की चर्चा है। यम से प्रार्थना है कि आप अंगिरा आदि पितरजनों सहित हमारे यज्ञ में आएं। आगे (सूक्त 15) पितरों को नमस्कार निवेदन करते हैं, जो पितामह आदि पितर पूर्वज या उसके बाद मृत्यु को प्राप्त पितर हैं, या जो फिर से उत्पन्न हो गए हैं। उन सबको नमस्कार है। इदं पितृभ्यो नमः अस्त्वद्य ये पूर्वासो या उपरास ईयुः। फिर कहते हैं, हे पितरों! हमारे आवाहन पर आप आएं। यज्ञशाला में दक्षिण की ओर कुश में बैठें।

पूर्वजों पितरों का सम्मान और मृत होने के बावजूद उन्हें स्मरण करना आनंददायी है। उप्र में विवाह के एक दिन पूर्व महिलाएं लोक गीत गायन करती हैं, गीत में मृत पितरों को निमंत्रण है कि आप सब इस विवाह में आओ। बरात चलो। विवाह में आशीष दो। शास्त्र पुराना है या लोक? कह नहीं सकता। पितरों को निमंत्रण देने वाला लोकगीत पुराना है या ऋग्वेद के पितर सम्बंधी मंत्र? सच क्या है? मैं नहीं जानता पर मृत पितरों को जीवंत जानना स्मरण करना आह्लादकारी है।

कर्मकाण्ड सचेत भी हो सकते हैं और अचेत भी। दोनों ही स्थिति में अनायास कुछ नया घटित हो सकता है। भारतीय चिन्तन में सूक्ष्म शरीर का अस्तित्व भी जाना गया है। सूक्ष्म शरीर पर भी प्रश्न उठाए जा सकते हैं। भोजन अर्पण शुद्ध श्रद्धा है। उन्हें मिलता है कि नहीं? ऐसे प्रश्न महत्वपूर्ण होकर भी श्रद्धा के सामने छोटे हैं। हम स्वाभाविक ही पूर्वजों की निन्दा में क्रोध करते हैं। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने इसी विषय पर सुंदर उदाहरण सुनाया था। कथा के अनुसार एक श्रद्धालु पितृ श्राद्ध कर रहे थे। तार्किक ने पूछा कि क्या यह भोजन उन्हें ही मिलेगा? श्रद्धालु ने प्रश्नकर्ता के पिता को गाली दी। प्रश्नकर्ता गुस्से में आ गया। श्रद्धालु ने कहा कि आप बेकार गुस्से में हैं। आपके पिता तक यह गाली तो पहुंची ही नहीं। वे मृत हैं इसलिए गाली उन्हें मिल भी नहीं सकती। प्रश्नकर्ता निरूत्तर थे। श्राद्ध श्रद्धा की ही अभिव्यक्ति है।

श्रद्धा प्रगाढ़ भाव है। यह अंधविश्वास नहीं है। इसकी अपनी उपयोगिता है। श्रद्धालु विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य नहीं खोते। ऋग्वेद में श्रद्धा को देवता कहा गया है। वरिष्ठजनों के प्रति आदरभाव श्रेष्ठ सामाजिक संगठन की आधारशिला है। वरिष्ठ और पूर्वज हमसे पहले से इस संसार में हैं। उनके अनुभव प्रगाढ़ हैं। माथापच्ची बेकार है कि वे भोजन या सम्मान चाहते हैं कि नहीं चाहते। मूल बात यही है कि हम उन्हें सम्मान और श्रद्धा भाव देकर स्वयं का आत्मबल बढ़ाते हैं और सामाजिक कर्तव्य का निर्वहन करते हैं।

संप्रति वरिष्ठों का सम्मान घटा है। मृत माता-पिता के प्रति श्रद्धा दूर की बात है, जीवित माता-पिता भी फफक रहे हैं। श्राद्ध सामान्य कर्मकाण्ड नहीं है। हमारे पूर्वजों ने ही सुंदर समाज के लिए ऐसे सुंदर कर्मकाण्ड को गढ़ा है। इस कर्मकाण्ड में स्वयं के भीतर पूर्वजों के प्रवाह का पुनर्सृजन संभव है। अग्रजो, मार्गदर्शक, पूर्वजो और मंत्रद्रष्टा पितरों को नमस्कार करते मन नहीं अघाता। ऋग्वेद के ऋषि ने सही गाया है-इदं नमः ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृभ्यः।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

विचार

# सपा के लिए "गाज़ी" बनकर जेल से बाहर आए आज़म!



*दिनेश दुबे*

समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य और देश की राजनीति के धुरंधर नेता मोहम्मद आज़म खां मंगलवार को यूपी की सीतापुर जेल से जमानत पर रिहा हुए। जेल से बाहर आते समय आज़म की एक झलक पाने के लिए हजारों लोग बेताब दिखे। पुराने और अनोखे अंदाज में आज़म चाचा बेटे आजम अब्दुला के साथ गाड़ी में बैठे और गंतव्य की ओर जैसे ही रवाना हुए, उनके पीछे सैकड़ों गाड़ियां दौड़ने लगी। आजम साहब की गाड़ी के पीछे चलने वाली गाड़ियों का काफिला देख कर लोग भौचक रह गए ।देखा जाए तो गाड़ियों का काफिला संभालने में जिस तरह से ट्रैफिक पुलिस को पसीना आया, उसी तरह से सत्तापक्ष के लोगों की हलक सूख गई।

सियासी दुश्मनी में सत्तापक्ष और सरकार द्वारा शिकार बनाए गए सपा के संस्थापक सदस्य मोहम्मद आज़म खां ने जेल से निकलने के बाद मीडिया से दूरी बनाते हुए घर पहुंचकर अपने खास समर्थकों से बस इतना ही कहा कि हमने जेल जाते वक्त आप सभी से कहा था कि अगर जेल से "जनाजा" आया तो "शहीद" कहलाएंगे और जिंदा लौटे तो "गाज़ी" कहलाएंगे।

बेहद भावुक लहजे में आज़म साहब द्वारा कहे गए ये शब्द खुद - ब - खुद बयां करते हैं कि जिस तरह से सत्तापक्ष से जुड़े लोग हवा में तीर चलाते हुए आज़म खां के अगले कदम को सपा के लिए अशुभ बता रहे थे वो खुद ही हवा हो गए हैं। क्योंकि जितने भी लोग अरबी शब्द "गाज़ी" के मायने जानते होंगे वे अब कायदे आज़म मोहम्मद आज़म खां के इरादों को भली भांति जान जायेंगे।



हालांकि हकीकत के बारे में वो सभी लोग भी जानते थे, जिन्होंने आज़म खान साहब की रिहाई से पहले ही सत्तापक्ष के इशारे पर तरह तरह के "शिगूफा" तैयार किए थे। ऐसा नहीं है कि ऐसे लोग फ़िलहाल अभी चुप बैठ जाएंगे, वे शेखचिल्ली की तरह तब तक कुछ न कुछ पकाने का नाटक करते ही रहेंगे जब तक सपा की किसी बड़ी राजनैतिक रैली में आज़म और अखिलेश एक साथ मंच पर दहाड़ते दिखाई नहीं दिखेंगे।

मंगलवार को करीब 23 महीने बाद 53 मुकदमों से जमानत पाकर जेल से रिहा हुए आज़म खां के करीबियों और समर्थकों में जो खुशी और उल्लास दिखाई दिया उससे साफ है कि सम्पूर्ण विपक्ष चाहता है कि जल्द ही आज़म का "गाज़ी" रूप लोकतांत्रिक तरीके से जमीन पर दिखाई दे। क्योंकि यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने आज़म खां के जेल से रिहा होते ही अपना वक्तव्य जारी करके साफ कर दिया है सत्तापक्ष की अन्यायपूर्ण कार्यवाही का हर स्तर पर विरोध किया जायेगा। अखिलेश यादव ने कहा है कि.. माननीय आज़म ख़ान जी की रिहाई उनके और उनके परिवार और हम सब के साथ-साथ, उन सब लोगों के लिए राहत और ख़ुशी की बात है जो 'इंसाफ़' में ऐतबार करते हैं। न्याय में विश्वास को बनाए रखने के लिए अदालत का दिल से शुक्रिया। आज फ़र्ज़ी मुकदमे करने वालों को भी ये सबक मिल गया है कि हर 'झूठ' की एक मियाद होती है और हर 'साज़िश' की भी। जो लोग सामाजिक सौहार्द के प्रतीक होते हैं, भाजपा को वो कभी अच्छे नहीं लगते हैं।

माननीय आज़म ख़ान जी एक बार फिर से हर उपेक्षित, पीड़ित, दुखी, अपमानित के साथ खड़े होकर, भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों के द्वारा किये जा रहे जनता के दमन के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाएंगे और हमेशा की तरह देश-प्रदेश की भावनात्मक एकता के प्रतीक बनकर, समाजवादी मूल्यों और सिद्धांतों के साथ, सामाजिक न्याय के संघर्ष की राह पर आगे बढ़ते जाएंगे। उधर दूसरी ओर सपा के महासचिव चाचा शिवपाल सिंह यादव ने प्रेस प्रतिनिधियों से बात करते हुए पूरी दमदारी से कहा कि मोहम्मद आज़म खां समाजवादी पार्टी में रहेंगे और देश में हो रहे अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करेंगे। आजम खां में देश का गरीब, शोषित, वंचित और पीड़ित अपना नेतृत्व देख रहा है।

***लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं***


साहित्य

## कोई धोका देकर लौटे यदि



**दीपक सिंह**

कोई धोका देकर लौटे यदि।
मैं रिश्ता निभाना नहीं चाहता।।
पर नाम तेरा बदनाम न हो।
मैं भी नाम बताना नहीं चाहता?।।
राहों में पत्थर जो फेंके गए है।
वो किस्सा गिनना नहीं चाहता।
कोई लाख कहे जो मैं हूं बुरा
मैं भी अच्छा दिखाना नहीं चाहता।।
कोई धोका देकर लौटे यदि।
मैं रिश्ता निभाना नहीं चाहता।।
पर नाम तेरा बदनाम न हो।
मैं भी नाम बताना नहीं चाहता?।।
मैंने खोया क्या और पाया क्या
ये दुनिया को बताना नहीं चाहता।
जीवन में एक ही गलती को
हर बार दोहराना नहीं चाहता।।
कोई धोका देकर लौटे यदि।
मैं रिश्ता निभाना नहीं चाहता।
पर नाम तेरा बदनाम न हो।
मैं भी नाम बताना नहीं चाहता।।
जीत लू दिल तेरा जब भी चाहूं मैं।
बस पैंतरे आज़माना नहीं चाहता।
और अलग ही मजा गुमनामी मे है।
मैं भी नाम बनना नहीं चाहता।।



## राशिफल

**मेषः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। घर में खुशहाली होगी।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुलाः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभः-** मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# भागीदारी का मूल्य समझ सम्मान संग मिले हिस्सेदारी

*डॉ0 मोनिका शर्मा*

हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट ने स्त्री शक्ति की अहमियत समझने के भाव से जुड़ा एक अहम निर्णय दिया। न्यायालय द्वारा परिवारों में गृहिणियों के योगदान को मान्यता देने की वकालत की। दिल्ली उच्च न्यायालय के अनुसार, अब समय आ गया है कि घर-परिवार संभाल रही स्त्रियों की भूमिका को संपत्ति के स्वामित्व संबंधी अधिकारों के संदर्भ में मान्यता दी जाए, क्योंकि घर बनाने और चलाने में गृहिणियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। असल में यह फैसला स्त्री शक्ति के उस रूप की ओर ध्यान दिलाता है, जिसकी भागीदारी अकसर अनदेखी रह जाती है।

यह निर्णय कहता है कि स्वयं को भूलकर बच्चों पर प्यार लुटाने और संस्कार पोसने वाला मातृशक्ति का यह रूप भी मान पाने योग्य है। असल में बड़े-बुजुर्गों की संभाल से लेकर आंगन में अपनेपन को कायम रखने तक, गृहिणियों को भी सम्मान मिलना चाहिए। बावजूद इसके ज़िम्मेदारियां निभाने में पूरा जीवन लगा देने वाली बहुत सी घरेलू स्त्रियों के हिस्से कुछ नहीं आता। मान-सम्मान के मोर्चे पर उपेक्षा ही नहीं, आर्थिक पहलू पर असुरक्षा भी उनके मन को घेरे रहती है। ऐसे में कोर्ट का फैसला सचमुच स्त्री शक्ति की इस भूमिका की गरिमा समझने की बात लिए है।

आंगन तक सिमटी इस भागीदारी के मूल्य को समझकर सम्मान देने का आह्वान करता है।

मां, पत्नी, बहू, बेटी के रूप में महिलाओं को बताया जाता है कि सब उनका ही तो है। महिलाएं भी जब तक किसी संकट में ना फंस जाएं यही मानती हैं कि घर के आर्थिक मामलों में अपनी बात रखने की जरूरत ही क्या है? अलग से किसी तरह के मालिकाना हक की चिंता करनी ही क्यों है? वे तो घर को संभालने-चलाने से जुड़ी अपनी फाइनेंशियल वैल्यू भी नहीं आंकतीं। परिजन-स्वजन तो इस विषय में सोचते ही नहीं। तभी तो बहुत से बदलावों के बावजूद यह अनदेखी कायम है। ऐसे में इस निर्णय से घर, परिवार और बच्चों की देखभाल में गृहिणियों के योगदान को आंकते हुए मालिकाना अधिकारों का फैसला लेने में मदद मिलेगी।

दिन-रात अपनों को बिना मांगे मिलने वाले उस सहयोग का मूल्य तय किया जा सकेगा, जिसे आर्थिकी के किसी खांचे में नहीं रखा जाता। कोर्ट ने भी कहा कि घरों में पूर्णकालिक गृहिणियों की मौजूदगी से विशेष मदद मिलती है। साथ ही हमारे देश के बहुत से परिवारों में घरेलू सहायक भी नहीं हैं। स्पष्ट है कि इन परिवारों में फुलटाइम गृहिणियों की मौजूदगी बहुत से खर्चों को बचाती है। इस तरह होने वाली बचत भी कई परिवारों को संपत्ति खरीदने की स्थिति तक लाती है। महिलाओं की इस बचत से कई परिवार अपना घर बना पाते हैं। सुख-सुविधाएं जुटा पाते हैं। बावजूद इसके पारिवारिक




संपत्ति के स्वामित्व और गृहिणियों को लेकर कोई बात ही नहीं होती। 'सब तुम्हारा ही है' कहने वाले हमारे परिवेश में स्त्रियों के पास सब कुछ होकर भी कुछ नहीं होता। गृहिणी के रूप में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी की अनदेखी का भाव सदा से रहा है। उनके मालिकाना हक को लेकर न सोचने के पीछे भी यही सोच रही है। जबकि गृहिणियां अपनी दिनचर्या का बड़ा हिस्सा उन अवैतनिक कार्यों को करने में बिताती हैं, जिनके लिए घरेलू सहायक अच्छी-ख़ासी तनख्वाह लेते हैं।

महिलाओं को उनके कामों के लिए आर्थिक लाभ देने में ही नहीं इस भूमिका को सम्मानजनक बनाने का भाव भी नदारद है। हमारे यहां महिलाओं के हिस्से विकसित देशों की स्त्रियों से ज्यादा काम हैं व सुविधाएं कम हैं। देश में गृहिणियों की सेविंग समूची बचत का 24 फीसदी है जो दुनिया भर में सबसे ज्यादा है। कहना गलत नहीं होगा कि उनसे मिले स्नेह, सहयोग और संबल का आर्थिक मोल आंकना तो असंभव ही है। ऐसे में घरेलू महिलाओं के योगदान की मॉनिटरी वैल्यू समझना आवश्यक है। साथ ही गृहिणी की पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक भागीदारी की अनदेखी को रोकने के लिए संपत्ति स्वामित्व में उनके अधिकारों को रेखांकित करना जरूरी है। घरेलू महिलाएं भी देश की श्रमशक्ति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। कमोबेश हर अध्ययन अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी की बात कहता है। ऐसे में संपत्ति के अधिकार की मांग से जुड़ा यह ताजा मामला और फैसला दोनों विचारणीय हैं। दरअसल, एक महिला द्वारा उच्च न्यायालय से मांग की गई थी कि विवादित संपत्ति में उसका भी समान और वैध अधिकार घोषित किया जाये। उसने परिवार की देखभाल के लिए अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी।

मामले में हाईकोर्ट ने कहा कि ससुराल में पत्नी का रहना मात्र उसे पति के नाम पर मौजूदा संपत्तियों पर मालिक होने का अधिकार प्रदान नहीं कर सकता है। इसके लिए ठोस साक्ष्य और घरेलू योगदान को स्थापित करना जरूरी है। न्यायालय की यह टिप्पणी बहुत जरूरी बात लिए है। देश की बहुत सी गृहिणियां श्रम शक्ति में भागीदारी निभाने के बावजूद संपत्ति के अधिकार से वंचित हैं। जरूरी है कि उनकी आर्थिक भागीदारी की अहमियत हर मोर्चे पर पहचानी जाए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### मनरेगा राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष का प्रशासन पर आरोप, न्याय न मिला तो आत्मदाह की चेतावनी

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** लखीमपुर खीरी के अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल कुमार द्वारा 22 जुलाई 2025 को कार्यालय से बेइज्जत किए जाने के बाद, मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश और कई नेताओं को न्याय की गुहार लगाई। प्रशासन की मिलीभगत के कारण अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। 24 सितंबर को लखनऊ जाकर वे राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मिलेंगे। 40 दिनों में कार्रवाई न होने पर वे राष्ट्रपति भवन में आत्मदाह करने की चेतावनी दे रहे हैं। श्री शर्मा ने देश के मजदूर, मिस्त्री, किसान और सामाजिक वर्गों के लिए दशकों से संघर्ष किया है और ठेकेदारी प्रथा हटाने, आरक्षण आदि मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं।

### अल्पिका नहर को दोबारा अस्तित्व में लाने की मांग तेज, खुदाई में मिले प्रमाणों से संगठन को बल



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** छोटी काशी के रूप में विख्यात गोला गोकर्णनाथ में धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक धरोहर से जुड़ी अल्पिका नहर को पुनर्जीवित करने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने इस नहर के अवशेष हाल ही में छोटी काशी कॉरिडोर की खुदाई में सामने आने के बाद इस ऐतिहासिक जलधारा को फिर से अस्तित्व में लाने की पुरजोर अपील की है। प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने बताया कि यह नहर वर्षों पूर्व शारदा नहर से निकलकर बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल और गन्ना विकास समिति परिसर के बीच से होकर शिव तीर्थ सरोवर तक जाती थी। लेकिन समय के साथ-साथ मिल प्रबंधन और बाहुबलियों द्वारा साजिशन इस प्राचीन जलधारा को मिट्टी से पाट दिया गया और उस पर कब्जा कर लिया गया। श्री वर्मा ने जानकारी दी कि उन्होंने 3 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस संबंध में ज्ञापन भेजा था, जिसमें इस अल्पिका नहर को पुनर्निर्माण कर धार्मिक तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किए जा रहे शिव तीर्थ सरोवर से ताजे और स्वच्छ जल के प्रवाह की मांग की गई है। उनका कहना है कि यह नहर आज भी राजस्व अभिलेखों और लेखपाल के नक्शों में दर्ज है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि इसका अस्तित्व पूर्व में था और आज भी कानूनी रूप से मान्य है। खुदाई में इसके अवशेष मिलना संगठन की बात को प्रमाणित करता है। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के अनुसार यह मामला केवल एक जल निकाय का नहीं बल्कि श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा विषय है। शिव तीर्थ सरोवर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु स्नान व पूजन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन पानी की साफ-सफाई की समस्या बनी रहती है। यदि अल्पिका नहर को फिर से चालू किया जाए तो यह सरोवर तक निरंतर स्वच्छ जल की आपूर्ति का सशक्त माध्यम बन सकता है। **प्रशासन और समाजसेवियों से सहयोग की अपील:** श्रीकृष्ण वर्मा ने क्षेत्रीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों से अपील की है कि वे इस जनहित के मुद्दे में आगे आएं और अल्पिका नहर को पुनर्जीवित कर धार्मिक पर्यटन और जल संरक्षण के प्रयासों को बल दें। उन्होंने कहा कि यह परियोजना धार्मिक, ऐतिहासिक और पारिस्थितिक के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### प्राथमिक विद्यालयों में जन्मतिथि घोटाला, अभिभावक परेशान

**मितौली खीरी।** विकास खण्ड मितौली क्षेत्र के कई प्राथमिक विद्यालयों में प्रवेश पंजिका और आधार कार्ड पर दर्ज जन्मतिथि में बड़ा अंतर सामने आ रहा है। ग्राम पंचायत लल्हौआ के मजरा अलीपुर समलियन विद्यालय में कक्षा चार की छात्रा मुस्कान की जन्मतिथि विद्यालय में 5 अप्रैल 2016 दर्ज है, जबकि जन्म प्रमाणपत्र व आधार में 17 जनवरी 2018। अभिभावकों का आरोप है कि शिक्षक आधार कार्ड की जन्मतिथि बदलवाने का दबाव डाल रहे हैं। यह मामला अकेला नहीं है, सैकड़ों बच्चों के रिकॉर्ड में ऐसी गड़बड़ी बताई जा रही है। ग्रामीणों ने जांच कर दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई की मांग की है।

### पी.के. इंटर कॉलेज की साधारण सभा की हुआ प्रबंध समिति का चुनाव




**निघासन, खीरी।** पी.के. इंटर कॉलेज की साधारण सभा की वार्षिक बैठक रविवार को विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक के दौरान प्रबंध समिति का चुनाव कराया गया, जिसकी जिम्मेदारी चुनाव अधिकारी के रूप में पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. राम शंकर अवस्थी ने निभाई। चुनाव प्रक्रिया के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि कमलेश कुमार सक्सेना और पुलिस पर्यवेक्षक देवेंद्र कुमार निगम भी मौजूद रहे। चुनाव में भाजपा नेता और झंडी स्टेट के राजा राजेश्वर सिंह को प्रबंध समिति का सदस्य चुना गया। वहीं ओयल राज परिवार के कुँवर पी.एन.डी. सिंह को पुनः विद्यालय का प्रबंधक निर्वाचित किया गया। इसके साथ ही राकेश ब्रम्ह चंदेल अध्यक्ष, बलबीर सिंह उपाध्यक्ष और महेवा के कुँवर राघवेन्द्र मंत्री चुने गए। सभा में मौजूद सदस्यों ने राजा राजेश्वर सिंह की योग्यता और शिक्षा क्षेत्र से उनके गहरे जुड़ाव को देखते हुए उन्हें समिति का सदस्य बनाने का निर्णय लिया। श्री सिंह पहले से ही युवराज दत्त डिग्री कॉलेज, इंटर कॉलेज ओयल, और राज दिग्विजय पूर्व माध्यमिक विद्यालय झंडी की प्रबंध समितियों में सक्रिय हैं। साथ ही वे लखनऊ के प्रतिष्ठित कालिवन तालुकेदार्स कॉलेज की पैतृक संस्था बी.आई.ए. की कार्यकारिणी के सदस्य भी हैं। राजा राजेश्वर सिंह ने अपनी शिक्षा कालिवन कॉलेज लखनऊ से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट और तत्पश्चात बी.आई.टी. मेसरा (रांची) से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक (प्रथम श्रेणी) के रूप में पूरी की है। उनके पिता, स्व. राजा ब्रजराज सिंह, पूर्व विधायक एवं पी.के. इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं।

### 132 आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन पर प्रशिक्षण संपन्न



**सादुल्लानगर/ बलरामपुर।** रेहरा बाजार क्षेत्र की 132 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण पानी संस्थान द्वारा बुनियाद परियोजना के अंतर्गत प्रति माह आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय गूमा फातिमाजोत में पानी संस्थान से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर जया श्रीवास्तव, फील्ड कोऑर्डिनेटर अर्चना शबाना,क्रेस्ट संस्थान से मीनल ताई तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शगुफ्ता, शोभावती, विजयलक्ष्मी, अंजना श्रीवास्तव, मीना श्रीवास्तव, सुमित्रा सहित अन्य कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा और बच्चों की देखभाल के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों का दक्ष होना आवश्यक है। नियमित प्रशिक्षण से कार्यकर्त्रियों को बच्चों की शैक्षिक और सामाजिक जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने में मदद मिलेगी।

### घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार



**उतरौला/बलरामपुर।** उतरौला भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उतरौला नगर के विभिन्न वार्डों में व्यापारियों से बाजार में जाकर डोर टू डोर सम्पर्क किया। घटी GST मिला उपहार,धन्यवाद मोदी सरकार कार्यक्रम में भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने वरिष्ठ व्यापारियों से जनसंपर्क करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा GST पर किए गए सुधारो पर एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया।नगर के व्यापारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर चैनरमैन प्रतिनिधि अनूप गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष शिव कुमार कसौधन, नगर अध्यक्ष फणींद्र गुप्ता, अंकुर गुप्ता, समर पटेल, अमित कुमार संतोष कुमार कसौधन, महेश कुमार रमेश जयसवाल, विजय पाल वर्मा, शिवकुमार गुप्ता, अंकुर गुप्ता, प्रमोद जायसवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रधान के पिता की हत्या, प्रधान पर भी हमला

**शराबबंदी की दबिश के बाद हमलावरों ने बरपाया कहर**

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



खमरिया थाना क्षेत्र के बेलवामोती गांव में सोमवार रात ग्राम प्रधान श्रीराम भार्गव के पिता राधेश्याम (60) की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद जब प्रधान पुलिस को सूचना देने निकले तो हमलावरों ने उन पर भी हमला किया। किसी तरह जान बचाकर प्रधान ने तहरीर दी। पुलिस ने चार नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ हत्या व हत्या प्रयास का केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि सोमवार दोपहर पुलिस ने गांव के पुत्तीलाल को अवैध शराब बनाने के आरोप में पकड़ा था, कुछ देर बाद पुत्तीलाल वापस गांव पहुंच गया। घर लौटने के बाद पुत्तीलाल ने अपने भाई रामचरन उर्फ गुज्जर, साथी इंजेश, रामसागर और एक अज्ञात युवक को साथ लिया और देर रात करीब साढ़े नौ बजे प्रधान के घर धावा बोल दिया। उस समय प्रधान घर पर नहीं थे। बरामदे में बैठे उनके पिता राधेश्याम पर हमलावरों ने ताबड़तोड़ लाठियां बरसाई। ज्यादा उम्र और बीमारी के कारण वह चोटें सहन नहीं कर पाए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। शोर सुनकर बाहर निकले परिजन गमगीन रह गए, जबकि हमलावर धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना मिलने पर प्रधान श्रीराम घर पहुंचे और पिता की मौत देखकर पुलिस को खबर देने निकले। रास्ते में ही पुत्तीलाल और उसके साथियों ने उन्हें भी घेरकर पीटा। श्रीराम किसी तरह भागकर जान बचाने में सफल रहे। देर रात डेढ़ बजे उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। सूचना मिलने के बाद मंगलवार को पुलिस मौके पर पहुंची, जांच पड़ताल शुरू करते हुए शव पीएम के लिए भेज दिया। मृतक की बुजुर्ग मां ने कहा कि अगर पुत्तीलाल को छोड़ने के बजाय कार्रवाई हुई होती तो बेटे की जान बच सकती थी।

> सीओ शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। थाना प्रभारी ओपी राय ने कहा कि केस दर्ज कर अपराधियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई, गौवध अधिनियम में पांच आरोपी गिरफ्तार

**मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी थाना क्षेत्र की पुलिस ने बीती रात बड़ी सफलता हासिल करते हुए गौवध अधिनियम में शामिल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई उपनिरीक्षक अंकित कुमार व हमराही फोर्स ने की। गिरफ्तार आरोपियों में शराफत पुत्र महबूब (44 वर्ष), निजामू पुत्र महबूब (40 वर्ष), शमसुद्दीन उर्फ सोनू पुत्र रियासत (20 वर्ष), हारून पुत्र अहमद अली (28 वर्ष) तथा कमालू पुत्र बाबू अली (40 वर्ष) शामिल हैं। सभी आरोपी बेहटी अफगान के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक कुल्हाड़ी, दो छुरे, एक प्लास्टिक रस्सी, एक बोरी, एक लकड़ी का ठीहा, तराजू और पन्नी बरामद की है। इन्हें अमरा रोड स्थित कूड़ा घर के पास से सुबह करीब 2:41 बजे गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**विशेषज्ञ डॉक्टरों ने की जांच और दिया परामर्श**



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में मंगलवार को 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी में नाक, कान, गला एवं चर्म रोग से संबंधित 22 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुशील कुमार तथा चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपेन्द्र गौतम ने मरीजों की गहन जांच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। शिविर में पहुंचे अधिकांश मरीज एलर्जी, त्वचा संक्रमण, सर्दी-जुकाम, श्रवण संबंधी समस्याओं से पीड़ित थे, जिन्हें मौके पर ही प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं एवं परिवार की सेहत को लेकर इस प्रकार के शिविर समय-समय पर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की महिलाओं को उचित चिकित्सकीय सुविधा मिल सके और वे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनें। शिविर के आयोजन में डॉ. अजय वर्मा, डॉ. देवराज वर्मा, डॉ. अशोक बिहारी सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय रूप से मौजूद रही। स्वास्थ्य कर्मियों ने शिविर में आने वाले मरीजों का पंजीकरण, बीपी, वजन, शुगर जांच आदि की प्रक्रिया भी सुचारु रूप से संपन्न कराई।

## धार्मिक भावनाओं के उल्लंघन का आरोप, डांडिया नाइट पर हिंदू संगठनों ने जताई आपत्ति, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



नगर में प्रस्तावित डांडिया नाइट कार्यक्रम को लेकर हिंदू संगठनों ने कड़ा रुख अपनाते हुए मंगलवार को उपजिलाधिकारी युगांतर त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। संगठनों ने आरोप लगाया कि इस आयोजन की आड़ में सामाजिक और धार्मिक भावनाओं को आहत किया जा रहा है। साथ ही, उन्होंने कार्यक्रम पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे संगठन के पदाधिकारियों अचल श्रीवास्तव, डॉ. पीयूष शुक्ला, रवि श्रीवास्तव, सुभाष मिश्रा, राहुल गिरी, पंकज मिश्रा, मनीष और आदर्श वर्मा ने आरोप लगाया कि डांडिया नृत्य हिंदू समाज की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है, जिसे विशेष अवसरों पर पूरी आस्था और मर्यादा के साथ आयोजित किया जाता है। लेकिन इस बार आयोजित कार्यक्रम में अन्य समुदाय के लोगों की भागीदारी की बात सामने आ रही है, जिससे आयोजन की धार्मिक पवित्रता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ज्ञापन में संगठन के प्रतिनिधियों ने यह भी आरोप लगाया कि ऐसे आयोजनों के जरिए लव जिहाद जैसी आपत्तिजनक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले इस कार्यक्रम को तत्काल निरस्त किया जाए, ताकि नगर का सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रभावित न हो।लेकिन अब ज्ञापन में यह भी चेतावनी दी गई कि यदि प्रशासन द्वारा समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन अपने स्तर पर कार्यक्रम को रोकने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

**आज होना था आयोजन**

बताते चलें कि डांडिया नाइट का आयोजन 24 सितंबर को शहर के एक प्रतिष्ठित लॉन में किया जाना प्रस्तावित है। आयोजन के लिए पूर्व में अनुमति भी ली गई थी। लेकिन अब इसे लेकर विवाद गहराता जा रहा है।

**प्रशासन के लिए बनी चुनौती**

इस घटनाक्रम के बाद स्थानीय प्रशासन के लिए कानून व्यवस्था बनाए रखना एक चुनौती बन गया है। सूत्रों की मानें तो प्रशासन फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रहा है और सभी पक्षों से बातचीत कर शांतिपूर्ण समाधान निकालने की कोशिश में जुटा है।

## रामलीला दशहरा मेला: किराया वृद्धि व वसूली पर दुकानदार भड़के, न.पा. पर लगाया मनमानी का आरोप

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



शहर का परंपरागत रामलीला दशहरा मेला इस बार शुरू होने से पहले ही विवादों में घिर गया है। मेला मैदान में दुकानें लगाने पहुंचे दर्जनों दुकानदारों ने नगर पालिका पर मनमानी वसूली और किराया वृद्धि का आरोप लगाते हुए जमकर नाराजगी जताई। आरोप लगाने वालों में यूनियन अध्यक्ष, दुकानदार रंजीत कुमार वर्मा व श्री सिद्दीकी ने बताया कि इस बार नगर पालिका ने किराया 25त्न बढ़ा दिया है, जिससे पहले ही सभी पर बोझ पड़ गया है। आरोप है कि इसके अलावा पालिका कर्मचारी प्रति रसीद 1000 रुपये अतिरिक्त मांग रहे हैं। इससे आक्रोशित दुकानदारों ने सोमवार को नगर पालिका परिषद पहुंचकर अध्यक्षा को ज्ञापन सौंपा। दुकानदारो ने आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन अब तक मेले की अवधि तय नहीं कर पाया है। पिछले साल की तरह इस बार भी यदि अनिश्चितता बनी रही तो मेले की रौनक पर असर पड़ेगा और प्रशासन की छवि धूमिल होगी। उन्होंने मांग की कि रावण दहन से शुरू होकर कम से कम 30 दिन तक दुकानें लगाने की अनुमति दी जाए और दुकान समेटने में समय लगने पर अतिरिक्त वसूली न की जाए। व्यापारियों ने कहा कि पालिका की नीतियां लगातार व्यापारियों का भरोसा तोड़ रही हैं। एक तरफ किराए में बढ़ोत्तरी की जा रही है, दूसरी ओर सुविधाएं घट रही हैं। बिजली, पानी, सफाई और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की गारंटी तक नहीं दी जा रही है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर तुरंत सुनवाई नहीं हुई तो वे सामूहिक विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि परंपरागत मेले की गरिमा तभी बची रह सकती है जब दुकानदारों के हितों का ध्यान रखा जाए।

**नगर पालिका का पक्ष**

मेला अध्यक्ष कौशल तिवारी ने दुकानदारों के आरोपों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि 1000 रुपये अतिरिक्त वसूली का आरोप गलत है, नगर पालिका केवल निर्धारित शुल्क ही ले रही है। हालांकि, इस आरोप के पीछे किस कर्मचारी का नाम लिया जा रहा है, इस बारे में उन्होंने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यदि कोई व्यक्ति पालिका के नाम पर अवैध वसूली करता है तो वह पूरी तरह गैरकानूनी है और ऐसी शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि नगर पालिका पारदर्शिता और जनहित के प्रति प्रतिबद्ध है और मेले की व्यवस्था को सुचारू बनाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

### मिशन शक्ति अभियान: मितौली में छात्राओं ने संभाली जिम्मेदारी



**मितौली (खीरी)।** मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत मितौली में सोमवार को अनोखी पहल देखने को मिली। खण्ड शिक्षा अधिकारी मितौली भगवान राव की पहल पर केजीबीवी मितौली की कक्षा 8 की छात्रा शिल्की को एक दिन का खण्ड शिक्षा अधिकारी बनाया गया। कार्यभार ग्रहण करते ही शिल्की ने सबसे पहले कार्यालय के स्टाफ से परिचय प्राप्त किया और उन्हें अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ब्लॉक नोडल बालिका शिक्षा सलीम अहमद और केजीबीवी की वार्डन माया सिंह ने छात्रा को कार्यालय ले जाकर कार्यक्रम संपन्न कराया। विकास खण्ड मितौली के कई विद्यालयों में भी छात्राओं को एक दिन का प्रधानाध्यापक बनाया गया। पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय रतहरी की कक्षा 8 की छात्रा अंजली, उच्च प्राथमिक विद्यालय ओदारा की छात्रा बेबी, कंपोजिट विद्यालय शिवपुरी और कंपोजिट विद्यालय जगना की छात्राओं ने विद्यालय का संचालन करते हुए शिक्षकों और सहपाठियों को जिम्मेदारी का संदेश दिया। कार्यक्रम में शिक्षक बृजेंद्र प्रताप सिंह, मुनेश कुमार और राम निवास वर्मा सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार की पहल से छात्राओं में नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी और वे भविष्य में आत्मनिर्भर बनेंगी। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए मिशन शक्ति विशेष अभियान वर्ष 2025-26 के पांचवें चरण के अंतर्गत 21 सितम्बर से 30 सितम्बर 2025 तक चलाया जा रहा है। इस दौरान ब्लॉक से लेकर विद्यालय स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## रोटरी क्लब मुस्कान गोला की कार्यकारिणी का विस्तार

**समाजसेवा के नए संकल्प के साथ नए पदाधिकारियों की घोषणा**

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** रोटरी क्लब मुस्कान गोला ने अपनी प्रथम बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए समाजसेवा की दिशा में नई ऊर्जा और जोश के साथ कदम बढ़ाया है। सर्वसम्मति से चुनी गई नई कार्यकारिणी में कई अनुभवी एवं युवा चेहरे शामिल किए गए हैं, जो क्लब के सामाजिक सरोकारों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लेकर आगे आए हैं। क्लब की बैठक में रो. अरविंद गुप्त रामजी को संस्थापक अध्यक्ष और सत्र 2026-27 के लिए इलेक्ट प्रेसिडेंट के रूप में मीनाक्षी अग्रवाल को चुना गया। वहीं, अनुराधा पुरवार को इस वर्ष के लिए संस्थापक सचिव नियुक्त किया गया। रो. मनोज अग्रवाल को उपाध्यक्ष और संदीप मित्तल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। क्लब के विस्तार के क्रम में अंजू भोगल को क्लब सलाहकार बनाया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य महत्वपूर्ण पदों पर निम्नलिखित चयन किए गए- इंटरनेशनल सर्विस डायरेक्टर- इंजीनियर विवेक वर्मा, रोटरी फाउंडेशन सर्विस डायरेक्टर/यूथ सर्विस डायरेक्टर- पंकज सिंह यादव, मेंबरशिप चेयरमैन- शिवगोपाल गुप्ता, सांस्कृतिक सर्विस डायरेक्टर- मंजू भारद्वाज महिला सशक्तिकरण व समाजसेवा में योगदान हेतु विशेष सदस्य- नीलू भारती एवं अर्चना जायसवाल इसके साथ ही क्लब की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए योगेश सिंह, मिली गुप्ता, राखी गुप्ता, राजीव गुप्ता, विजय सिंह चौहान, राजीव राजपूत, वंदना गुप्ता और अतुल राजपूत जैसे सदस्यों को विभिन्न समितियों एवं आगामी जिम्मेदारियों के लिए नामित किया गया है।

## कोर्ट ने हत्या के अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई व 1,05,000 रु. अर्थदण्ड लगाया

**बलरामपुर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा सजा कराए जाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित मुकदमों में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा कराये जाने के अभियान के क्रम में- दिनांक 10.05.2018 को वादी अब्दुल मजीद उर्फ कल्लू पुत्र मो. अजीज नि.मो. बलुहा को. नगर जनपद बलरामपुर द्वारा थाना को. नगर पर की लिखित तहरीरी सूचना दी गई कि विपक्षी नफीस पुत्र अब्दुल मजीद उर्फ कल्लू नि.मो. बलुहा को. नगर जनपद बलरामपुर द्वारा वादी के पुत्र मो. शफीक की घर के बँटवारे को लेकर आपसी कहासुनी होने पर बोगदा से मारने तथा कई बार फायर करना जिससे अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो जाने के संबंध में थाना को. नगर पर मुअसं- 95/18 धारा-302 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम नफीस पुत्र अब्दुल मजीद उर्फ कल्लू नि.मो. बलुहा को. नगर जनपद बलरामपुर पंजीकृत हुआ। जिसके अभियोग की विवेचना नि. उपेन्द्रनाथ राय द्वारा की गयी तथा आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। न्यायालय में दौराने विचारण अभियोग की पैरवी मॉनीटरिंग सेल के नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के नेतृत्व में अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नवीन तिवारी, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी बृजानन्द सिंह एवं थाना को. नगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त 1. नफीस उपरोक्त को न्यायालय ASJ बलरामपुर द्वारा उपरोक्त धाराओं के अपराध में आजीवन कारावास व 1,05,000 रु. अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समन्वय बैठक संपन्न

**रेहरा बाजार/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड रेहरा बाजार की एक दिवसीय समन्वय बैठक मंगलवार को साबित्री देवी मैरिज हाल, रेहरा बाजार में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ दोपहर 2:00 बजे हुआ। इस दौरान संघ परिवार एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। बैठक में प्रमुख रूप से विभाग प्रचारक प्रबीण, भारत नरेश सिंह संघ चालक रेहरा बाजार खंड, शैलेन्द्र सहकार्यवाह उपस्थित रहे। वहीं भाजपा की ओर से पंकज सिंह चौहान, सुधाकर सिंह, जिलेदार पांडेय, रामकरण मिश्रा, विशाल चतुर्वेदी, राधेश्याम वर्मा, लालमन वर्मा मौजूद रहे। इसके अलावा बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, बाबा जयगुरूदेव संस्था, शैक्षिक महासंघ (ABVP), तथा विभिन्न आश्रमों से जुड़े धर्मगुरुओं ने भी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में भानुप्रताप (खंड कार्यवाह विश्व हिंदू परिषद), श्याम जी वर्मा, बिष्णु प्रताप गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, जयगुरूदेव संस्था से जगदम्बा सिंह व धर्म प्रकाश,रमेश चंद्र तिवारी, बहरैची प्रसाद गुप्ता, हनुमान प्रसाद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सामाजिक समरसता, संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों व जनजागरण अभियानों पर विस्तृत चर्चा की गई।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद जायस जनपद, अमेठी

पत्रांक-577/न.पा.प.जायस/पं.रा.वि.आ./2025-26 दिनांक- 22.09.2025

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

समस्त आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि इस निकाय को पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 14.10.2025 को समय 02 बजे अपरान्ह तक निविदायें आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अपरान्ह 3 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद जायस में अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 13.10.2025 को समय पूर्वान्ह 10 बजे से 5 बजे तक न.पा.परि. जायस के कार्यालय से निकाय द्वारा अधिकृत कर्मचारी से निर्धारित मूल्य पर प्राप्त किये जा सकते है, कार्य की अनुमानित लागत की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि की एन.एस.सी./किसान विकास पत्र/सावधि जमा अथवा नगद अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद जायस के पदनाम से बन्धक कर जमानती धनराशि के रूप में निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है, बिना जमानती धनराशि के निविदा स्वीकार नहीं होगी, विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | 10 प्रतिशत जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिका परिषद जायस में शौचालय निर्माण कार्य। | 3,34,000.00 | 33,400.00 | 800.00 |
| 2. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं. 7 मौलवी खुर्द में शिव मन्दिर का सौन्दर्यीकरण कार्य | 2,11,000.00 | 21,100.00 | 500.00 |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जायस**
**जनपद अमेठी।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद जायस**
**जनपद अमेठी।**

# 15 नई कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सेवा पखवाड़ा (17 सितम्बर से 02 अक्टूबर)के क्रम में स्वच्छता ही सेवा 2025 कार्यक्रम अन्तर्गत

नगर पालिका नवाबगंज परिसर में मंगलवार को स्वच्छता को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह के साथ 15वा वित्त आयोग टाइड ग्रांट से प्राप्त हुई 15 नई हॉपर टिपर डम्पर (टाटा मैजिक) कूड़ा उठान गाड़ियों (लागत 102.94 लाख) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इन गाड़ियों के संचालन से नगर की स्वच्छता व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा सभी वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की बेहतर सुविधा मिल सके गी।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा स्वच्छ भारत अभियान केवल सरकारी योजना नहीं बल्कि जन-जन की भागीदारी का संकल्प है। नई कूड़ा गाड़ियों से नगर की सफाई व्यवस्था को गति मिलेगी और नागरिकों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण तैयार करने में मदद होगी।

**स्वच्छता व्यवस्था को मिलेगा नया आयाम**



नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह ने कहा कि ये गाड़ियाँ नगर पालिका के लिए बड़ी सौगात हैं। इनके संचालन से सभी वार्डों में कचरा निस्तारण अधिक प्रभावी ढंग से होगा और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध होगा।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संजय शुक्ल ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में शत प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन सुनिश्चित कराने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

नगर पालिका द्वारा 85 ई-रिक्शा भी खरीदे जा चुके हैं, जिनकी आपूर्ति शीघ्र ही की जाएगी। हमारा लक्ष्य है कि 30 सितम्बर तक सभी वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था पूरी तरह लागू हो जाए।

### सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत न्यू इंडिया 2047 प्रदर्शनी का अवलोकन

हरी झंडी दिखाने के बाद जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने नगर पालिका नवाबगंज परिसर में ही सूचना विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा (17 सितम्बर से 02 अक्टूबर) के अंतर्गत आयोजित न्यू इंडिया 2047 प्रदर्शनी का अवलोकन किया।यह प्रदर्शनी प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित है। जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी आमजन विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। प्रधानमंत्री के जीवन से जुड़ी उपलब्धियाँ और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके संकल्प से लोग निश्चित ही प्रेरणा लेंगे और न्यू इंडिया 2047 के सपने को साकार करने में योगदान देंगे। इस अवसर पर सभासद बंधुगण, नगर पालिका के कर्मचारीगण तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मायके आई विवाहिता की ट्रक की चपेट में आने से मौत

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



दो दिन पूर्व ससुराल से मायके अपने भाई के गौने मे आयी 30 वर्षीय महिला की ट्रक की चपेट मे आने से दर्दनाक मौत हो गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम परसा के निकट मंगलवार की दोपहर हुई दुर्घटना मे 30 वर्षीय राजकुमारी उर्फ़ मोती पत्नी सुरेंद्र कुमार निवासी ग्राम कोडरी थाना जहांगीराबाद की उस समय दर्दनाक मौत हो गयी जब परसा चौराहे से राजकुमारी कुछ सामान लेकर पैदल घर वापस आ रही थी तभी पीछे से तेज रफ्तार मे आ रहे ट्रक नम्बर यूपी 44 टी 4886 ने टक्कर मार दी जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गयी मृतका दो दिन पूर्व अपने मायके ग्राम परसा भाई के गौने मे शामिल होने के लिए आयी थी मृतका के 3 बेटियाँ एवं 1 बेटा है जिनका माँ की मौत की सूचना मिलते ही रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि ट्रकको कब्जे मे ले लिया है तथा मृतका के चाचा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**▸ मृतका के चाचा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज**



## आजम खान की रिहाई से सपाइयों ने मनाया जश्न, एक-दूसरे को खिलाई मिठाई

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री सांसद गरीबों कमजोरों के सच्चे हमदर्द आजम खाँ को न्यायपालिका द्वारा जमानत दिए जाने के बाद जेल से मिली रिहाई पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद को मिठाई खिलाकर उनकी रिहाई की खुशियां एक दूसरे से साझा की इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि आजम खाँ साहब ने हमेशा सच का साथ दिया गरीब मजदूर कमजोर के हक अधिकार की लड़ाई लड़ी उसी का परिणाम है कि आज उनकी रिहाई पर पूरा प्रदेश खुशी मना रहा है।

# मवेशियों का आयुष अस्पताल और जिले में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना का किया जा रहा प्रयासः अंगद कुमार सिंह

**▸ दशम योग दिवस पर आयुष विभाग ने आयोजित किया समारोह, हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर आयुष एवं यूनानी विभाग द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी में दशम आयुर्वेद दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने सरकार के द्वारा आयुर्वेद पर किये जा रहे कार्यों को बताया और कहा कि आयुर्वेद की सार्थकता कॅरोना काल में सिद्ध हो चुकी है। एमएलसी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि बाराबंकी में आयुर्वेद मेडिकल कालेज और मवेशियों के लिए आयुष अस्पताल खोला जाए। हम इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि मनरेगा के उपायुक्त बृजेष कुमार त्रिपाठी एवं जिला उद्यान अधिकारी डॉ. सौरभ सिंह, जीजीआईसी की प्रधानाचार्या नंदिता सिंह ने भी आयुर्वेद की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में डॉ सतीश गंगवार, डॉ नीलम जयंत में डॉ. सतीश गंगवार ने आयुर्वेद की महत्ता ने आयुष के आहार और स्वास्थ्य लाभ , मोटापे के बारे में बताया। डॉ. राजेश कुमार ने औषधीय पौधों की उपयोगिता बताई। डॉ. ज्ञानज्योति, डॉ. प्रज्ञानंद ने भ्रामक विज्ञापनों पर एवं डॉ. अविनाश चंद्र ने पशु स्वास्थ्य हेतु आयुर्वेद विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन योगाचार्य डॉ शशि कुमार अवस्थी ने किया।

इस अवसर पर प्रांगण में आयोजित आयुष चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें चिकित्सकों के द्वारा 250 लोगों स्वास्थ्य परामर्श किया गया। कालेज की छात्राओं के मध्य पोस्टर एवं श्लोगन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त नोडल अधिकारी डॉ. नीतू सिंह की देखरेख में राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें 45 किशोरियों को औषधि दी गई।

# आरा मशीनों पर की गई छापेमारी में नहीं मिली प्रतिबंधित लकड़ी



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

लकड़ी के अवैध कारोबार के विरुद्ध वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दूसरे दिन मंगलवार को भी वन क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में आरा मशीनों पर छापा मारा गया इस दौरान किसी भी आरा मशीन पर अवैध लकड़ी बरामद नहीं हो सकी।

वन क्षेत्र अधिकारी राकेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में उपवन क्षेत्र अधिकारी उमेश कुमार कनौजिया व अभय कुमार गौतम वनरक्षक सुमित कुमार, शैलेंद्र सिंह व माली रामविलास सिंह द्वारा त्रिवेदीगंज क्षेत्र के त्रिवेदीगंज,बुढ़नापुर व मकनपुर स्थित आरा मशीनों पर छापा मारा गया। औचक निरीक्षण के दौरान आलोक जायसवाल आलोक गुप्ता अंबर शरण जायसवाल गुरुदीन व त्रिवेदीगंज स्थित आनंद जायसवाल की आरा मशीन पर छापा मारा गया वन क्षेत्राधिकार ने बताया कि दौरान आरा मशीनो पर किसी प्रकार की अवैध लकड़ी एवं अनियमितता नहीं पाई गई हैं।

## खबरें एक नजर में

### डीएम ने वेयर हाउस का निरीक्षण कर दिए निर्देश



**बाराबंकी।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार शशांक त्रिपाठी, जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज ई.वी.एम. एवं वी0वी0पैट वेयरहाउस जनपद बाराबंकी का मासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम, वीवीपैट स्ट्रांगरूम और सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व संजय कुमार विश्वास, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी बाराबंकी, कमल किशोर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, बाराबंकी सहित अन्य उपस्थित थे।

### व्यापार मंडल के अध्यक्ष को ग्राम्यांचल ने किया सम्मानित



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रेम कुमार गुप्ता ने व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी एवं उपाध्यक्ष शादाब अहमद को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रेम कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारे विद्यालय से पढ़कर निकले छात्र आज व्यापार मंडल जैसे बड़े संगठन के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष है यह हम सभी के लिए अत्यंत गौरव की बात है। योगेश द्विवेदी एवं शादाब अहमद ने प्रधानाचार्य प्रेम कुमार गुप्ता द्वारा शील्ड प्रदान करने पर आभार प्रकट किया।

### पुण्यतिथि पर ग्राम्यांचल परिसर में स्व. प्रेमा अवस्थी की प्रतिमा का हुआ अनावरण



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** स्वर्गीय सुरेंद्रनाथ अवस्थी के निधन के बाद जिस तरह स्वर्गीय प्रेमा अवस्थी ने इतने बड़े ग्राम्यांचल परिवार को संभाला सुबह से लेकर रात तक ग्राम्यांचल परिवार की उन्नति के लिए काम किया । यही नहीं स्वर्गीय अवस्थी द्वारा बनाए गए संबंधों को पूरी आत्मीयता के साथ परिवार के साथ जोड़ने का काम किया वह आज के युवाओं के लिए अनुकरणीय है। उक्त उद्गार सांसद तनुज पुनिया ने ग्राम्यांचल सेवा समित के उपाध्यक्ष आशुतोष अवस्थी टिंकू भैया द्वारा स्वर्गीय प्रेमा अवस्थीं की द्वितीय पुण्यतिथि पर विधि महाविद्यालय के परिसर में स्थापित स्वर्गीय श्रीमती अवस्थी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करने के बाद आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। बताया कि स्व॰ प्रेमा अवस्थी एवं उनके पिता डॉ॰ पी एल पुनिया के बीच भाई बहन का आत्मीय रिश्ता था। उन्होंने याद करते हुए बताया कि रक्षाबंधन पर एक बार पिताजी किसी काम से लखनऊ से बाहर थे तो उन्होंने लखनऊ स्थित आवास पर मुझे भेज कर रक्षाबंधन का अपना धर्म निभाया था। ला कॉलेज में आयोजित पुण्यतिथि समारोह में पहुंचे पूर्व विधायक राममगन रावत,ग्राम्यां चल सेवा समिति के सदस्य व वरिष्ठ कवि रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर,अवस्थी परिवार से जुड़े सरवर सिद्दीकी व नन्द कुमार मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त किये व स्वर्गीय प्रेमा अवस्थी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के अंत में आशुतोष अवस्थी टिंकू भैया एवं कांग्रेस नेत्री श्रुति अवस्थी ने पुण्यतिथि के अवसर पर आये हुए अतिथियों एवं परिवार से जुड़े लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक जगदीश शर्मा एडवोकेट, गंगा बक्स सिंह,राजेश प्रताप सिंह,सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह, दिनेश शुक्ला प्रधान महेंद्र शाह सिंह, प्रधान आनन्द सिंह अलगू, शिवकुमार चतुर्वेदी, पप्पू दीक्षित हरिराम यादव, रमेश चंद्र, मन्नू अवस्थी, आशुतोष झुनझुन वाला, ओमप्रकाश अवस्थी, भाजपा नेता पंकज दीक्षित, युवा नेता रोहित मिश्रा,प्रधान सोनू सिंह उमेश सोनी,गुड्डू राइन सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। समारोह का संचालन ला कालेज के प्रोफेसर देवव्रत मिश्र ने किया।

# ट्रक चालक-परिचालक समेत तीन को ट्रेलर ने रौंदा, मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बांगरमऊ क्षेत्र के आगरा एक्सप्रेस-वे पर खड़े ट्रक में पहिया बदलने के दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से पहिया बदल रहे ट्रक के चालक व परिचालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना पर यूपीडा रेस्क्यू टीम और पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है। गुजरात प्रांत के कस्बा मीठापुर निवासी चालक देव आनंद 40 वर्ष तथा परिचालक अजय कुमार रू वर्ष दोनों ट्रक में सूखी मछलियां लादकर असम जा रहे थे। आज मंगलवार को तड़के क्षेत्र के लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर देवखरी पुलिस चौकी के निकट अचानक ट्रक का टायर पंचर हो गया। चालक देव आनंद व परिचालक अजय कुमार दोनों ट्रक का पंचर पहिया खोल रहे थे तभी तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से ट्रक का पहिया खोल रहे चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो -या और चालक केबिन में फंसकर -भीर रूप से जख्मी हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने तीनो घायलों को यहाँ के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया। यहां के डाक्टरों ने तीनो को मृत घोषित कर दिया।

### प्रेमी की मारपीट से नाराज़ महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**उन्नाव।** रायबरेली जनपद के बछरावां क्षेत्र की रहने वाली महिला के साथ प्रेमी व उसके परिजनों से मारपीट की। जिससे छुब्ध महिला ने तालाब में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उसे समय रहते बचा लिया। जानकारी के अनुसार 24 वर्षीया महिला का पांच वर्ष पूर्व लखनऊ निवासी एक युवक से निकाह हुआ था। पति से विवाद होने के चलते महिला उन्नाव जनपद के पुरवा क़स्बे में स्थित मायके में रहने लगी। मायके में रहने के दौरान महिला पुरवा कस्बे के एक युवक से हुई। 16 सितंबर को प्रेमी युवक किसी कार्य से मुंबई चला गया जहां से वापसी के समय प्रेमी ने महिला को उन्नाव रेलवे स्टेशन बुलाया। बीते दिवस सोमवार को दोनों पुरवा स्थित घर पहुंचे। महिला का आरोप है कि घर पहुंचते ही प्रेमी युवक व उसके परिजनों ने उसके साथ मारपीट की और विरोध करने पर घर से भगा दिया।

# जनसुनवाई में लापरवाही पर अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों एवं सन्दर्भों के निस्तारण की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) राजकुमार यादव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम रामनगर सुश्री गुंजिता अग्रवाल सहित समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार तथा जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा लगातार यह निर्देश दिए जाते हैं कि जन शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण अधिकारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप सभी विभागीय अधिकारी जन शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे इस कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

**▸ 56 से अधिक विभागीय अधिकारियों से मांगे स्पष्टीकरण**

**▸ आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा बैठक सम्पन्न**

### त्रुटिपूर्ण आख्या पर दंडात्मक कार्यवाही के आदेश

कुछ विभागों द्वारा प्रस्तुत की गई जांच आख्या त्रुटिपूर्ण पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी बंकी को ग्राम पंचायत ढ़कौली के शिकायत कर्ता की शिकायत में गलत आख्या लगाने के सबन्ध में प्रतिकूल प्रविष्टि देने और संबंधित ग्राम सचिव को निलंबित करने के आदेश दिए। इसके अलावा पशु चिकित्सा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई करने तथा तीन दिवस के भीतर आख्या प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए गए।

### 56 विभागीय अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश

बैठक के दौरान समीक्षा में यह सामने आया कि 56 विभागों ने प्राप्त शिकायतों का निस्तारण स्पेशल क्लोजिंग के अंतर्गत दर्ज कर प्रकरणों का शत–प्रतिशत निस्तारण किया। जिलाधिकारी ने सख्ती दिखाते हुए आदेश दिए कि ऐसे सभी विभागीय अधिकारियों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोका जाए और उनसे स्पष्टीकरण तलब किया जाए। इसमें कृषि, समाज कल्याण, खाद्य एवं रसद, विद्युत, सिंचाई और पंचायती राज जैसे प्रमुख विभाग सम्मिलित पाए गए।

### अनुपस्थित अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही

बैठक से बिना अनुमति अनुपस्थित पाए गए ए0आर0 कोऑपरेटिव, एक्सईएन जल निगम (ग्रामीण), एस0ओ0सी0 चकबंदी और ईओ नगर पालिका नवाबगंज के विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इन अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि व वेतन बाधित करते हुए शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

# युवती के साथ छेड़छाड़, विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

लोनीकटरा थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में मंगलवार की दोपहर बाद शौच के लिए बाग में गई 18 वर्षीय युवती के साथ छेड़छाड़ व विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला कर घायल करने की घटना सामने आई हैं। जानकारी के अनुसार युवती मंगलवार की दोपहर बाद 2 बजे शौच के लिए गांव से कुछ दूर स्थित स्टोर के पीछे बाग में गई थी कि तभी कुछ अज्ञात युवकों ने उसे पकड़ लिया और छेड़छाड़ शुरू कर दी। युवती ने विरोध किया तो आरोपियों ने धारदार हथियार से उसके हाथ-पैर पर हमला कर दिया। पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगो के मौके पर पहुंचने के कारण आरोपी वहां से भाग निकले। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अभय मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल युवती को सीएचसी त्रिवेदीगंज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी अभय कुमार मौर्य ने घटना के संबंध में बताया की लड़की अभी सही बयान नहीं दे पा रही है पूरी तरह से स्वस्थ होने पर उसके बयान दर्ज किए जाएंगे घटना के सही कारणों का अभी पता नहीं चल सका है, पीड़िता के घर वालों की तरफ से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है पुलिस घटना की बारीकी से जांच कर रही है।

### पाँच दिवसीय रोवर-रेंजर्स कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**उन्नाव।** इंदिरा -ंधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बां-रमऊ में प्राचार्य डॉक्टर विष्णु मिश्रा के संरक्षण में पाँच दिवसीय रोवर-रेंजर्स कार्यक्रम का शुभारंभ किया -या। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. दिग्विजय नारायण ने झंडा फ्हराकर किया। इस अवसर पर कानपुर से प्रदीप त्यागी (जिला सं-ठन आयुक्त-रोवर), अंजना सिंह (जिला संगठन आयुक्त-रेंजर) एवं विश्वजीत (सहायक प्रशिक्षक) पधारे। उन्होंने प्रथम दिवस रोवर-रेंजर्स को प्रशिक्षण में ध्वज शिष्टाचार सिखाया। प्रशिक्षण मंडल का परिचय दिया। स्काउटिंग की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की तथा मार्च-पास्ट का अभ्यास कराया। साथ ही कलर पार्टी का महत्त्व एवं सलामी देने के टिप्स समझाए।

### छात्रा बनी एक दिन की जिला विद्यालय निरीक्षक



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज इटावा की कक्षा 11 बी की छात्रा कु.ज्वाला ने एक दिन का जिला विद्यालय निरीक्षक इटावा का कार्यभार संभाला।

जिला विद्यालय निरीक्षक छात्रा ज्वाला ने कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय स्टाफसे परिचय प्राप्त कर पेंडिंग कार्यों को गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीआईओ एस अतुल कुमार सिंह, कोषाधिकारी अंजू सिंह, प्रवक्ता अनीता यादव व सीमा यादव सहित समस्त कार्यालय स्टाफउपस्थित रहा। पीएम राजकीय बालिका इंटर कालेज इटावा की कक्षा 10 की छात्रा सौम्या तिवारी प्रधानाचार्या बनीं ।उन्होंने सभी शिक्षिकाओं के साथ बैठक कर विद्यालय की अनुशासन व्यवस्था तथा अर्द्ध वार्षिक परीक्षा की तैयारी पर विचार विमर्श कर अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्या अंजूश्री सहित सभी शिक्षिकाएं व कार्यालय स्टाफमौजूद रहा।

# कुलपति ने सुपर स्पेशलिटी ओपीडी का किया निरीक्षण



**सैफई, इटावा समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह ने आज सुबह मेडिकल कॉलेज और सुपर स्पेशलिटी ओपीडी का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कुलपति ने लेक्चर हॉल-2 में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं से मुलाकात की और हॉस्टल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्रों को आश्वस्त किया कि किसी भी समस्या के लिए वे सीधे उनसे मिल सकते हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय आपका परिवार है, आप सभी मिल-जुलकर रहें और संस्थान को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें। मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण के दौरान उन्होंने शौचालय, पेयजल व्यवस्था और एनाटॉमी विभाग का जायजा लिया। कुछ अनियमितताएँ पाए जाने पर तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सैनिटेशन ऑफिसर को कड़े निर्देश दिए। सुपर स्पेशलिटी ओपीडी में न्यूरोलॉजी, कैंसर, प्लास्टिक सर्जरी और कार्डियोलॉजी ओपीडी का भी उन्होंने निरीक्षण किया तथा ओपीडी रजिस्टर का अवलोकन किया। नर्सिंग इंचार्ज को गंभीर मरीजों की सुविधा के लिए स्ट्रेचर व व्हीलचेयर ओपीडी के बाहर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद कुलपति ने फार्मेसी काउंटर पर जाकर मरीजों से बातचीत की और दवा वितरण में सुधार हेतु तुरंत प्रभाव से व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने ओपीडी परिसर के पार्किंग क्षेत्र का भी निरीक्षण किया और पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

### छात्राएं बनी एक दिन की बीडीओ व बैंक अधिकारी

**चकरनगर, इटावा।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय राजपुर की कक्षा आठ की छात्रा ओमनी कुमारी मंगलवार को एक दिन की खण्ड विकास अधिकारी बनीं। ओमनी ने जिम्मेदारी संभालते ही राजपुर गांव में नाला सफ़ाई, गली खड़ंजा निर्माण और पानी की समुचित व्यवस्था कराने के आदेश जारी कर लोगों को स्वच्छता व विकास का संदेश दिया। छात्रा ने आत्मविश्वास के साथ गांव की समस्याएं सुनीं और समाधान के निर्देश दिए। इसी क्रम में कंपॉजिट विद्यालय बरचौली की कक्षा आठ की छात्रा आशु को सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया चकरनगर शाखा में एक दिन के लिए शाखा प्रबंधक बनाया गया। वहीं नेहा कुमारी ने कैशियर और असिस्टेंट मैनेजर का दायित्व निभाया। बैंक पहुंचकर छात्राओं ने ग्राहकों का स्वागत किया, लेनदेन की प्रक्रिया समझी और बैंकिंग कार्यों का अनुभव लिया।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, अलीगंज,जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1037/ई.ई.-3/एल.जे.एस. दिनांक- 23.09.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 30.09.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदाएं दिनांक 30.09.2025 को अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 30.09.2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे अधिशासी अभियन्ता , जोन-3 के कार्यालय में खोली जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying of 90 mm dia P.V.C. pipe line 45 mtr at 03 places (1- Church Road near Puliya 2- In front of Bhuiyan Devi Mandir (H.No. 525Ka/302) Purana Mahanagar 3- In front of Bhavram Hospital, Sec-A Mahanagar) Lko. | 2100.00 | Rs. 150 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग, नगर निगम,
लखनऊ

# दुष्कर्म पीड़िता मामले में आरोपियों की जमीनों की प्रशासन ने करायी नापजोख

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

▸ बीते दिन एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी ने भी पीड़ित परिवार से की थी मुलाकात

कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर कोचिंग संचालक, उसके भाई व एक अन्य साथी ने छात्रा के साथ दुष्कर्म कर वीडियो बनाया था। पीड़िता की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफम मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। प्रशासन लगातार आरोपितों व उनके रिश्तेदारों की अवैध जमीनों पर किए गए कब्जों की नापजोख कर रहा है। एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी ने भी पीड़िता के घर पहुंचकर स्वजनों को आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

क्षेत्र के एक गांव निवासी इंटरमीडिएट की छात्रा कंपिल स्थित राजीव इंस्टीट्यूट कंप्यूटर सेंटर पर कोचिंग करती थी। इसी दौरान लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व कोचिंग संचालक दिव्यांग शीबू, उसका भाई सलमान व साथी अनस ने छात्रा को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ डालकर पिला दिया। छात्रा के बेहोश होने पर आरोपितों ने दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। आरोपित छात्रा को मंतातरण कर निकाह करने का दबाव बनाने लगे। पीड़िता ने स्वजनों के साथ थाने पहुंच मामले की तहरीर सीओ को दी। सीओ के आदेश पर दिव्यांग आरोपित शीबू, उसका भाई सलमान व साथी अनस के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को जेल भेज दिया गया। पीड़िता व उसके स्वजनों ने प्रशासन से आरोपितों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद प्रशासन ने आरोपितों की जमीनों पर नापजोख शुरू की। जांच में आरोपितों के रिश्तेदार व स्वजन सार्वजनिक जमीनों पर कब्जा किए हुए पाए गए। सभी मामलों में नोटिस भी जारी हो चुके हैं। सोमवार देर शाम एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी दुष्कर्म पीड़िता के गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़िता व स्वजनों से मुलाकात की। पीड़िता के स्वजनों ने आरोपितों के खिलाफकार्रवाई की मांग की। उन्होंने प्रशासन पर आरोपितों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान एमएलसी ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। मंगलवार सुबह तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर राजस्व टीम के साथ कंपिल पहुंच तीसरी बार नापजोख शुरू की। लगभग तीन घंटे तक चली नापजोख के बाद टीम वापस लौट गई। तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर ने बताया मामला अवैध कब्जे का है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



आरोपियों की भूमि की नापजोख करते राजस्व कर्मचारी

# घर से निकले राजमिस्त्री का सड़क के किनारे पड़ा मिला शव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात घर से निकले राजमिस्त्री की संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे लाश मिली। परिजनों ने पहुंचकर शव की शिनाख्त की।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव उम्मरपुर निवासी राजमिस्त्री विमलेश पुत्र स्वर्गीय दयाराम उम्र 30 वर्ष परिजनों के मुताबिक बीते दिन घर से निकले थे। तब से वह वापस नहीं आये। मंगलवार को परिजनों को सूचना मिली कि समैचीपुर के बीच विनोद कुमार फौजी की जगह में सड़क किनारे एक शव पड़ा है। जिसकी सूचना पाकर परिजनों के साथ पहुंचे भाई बृजमोहन ने शव की शिनाख्त अपने भाई विमलेश कुमार 30 वर्ष के रूप में की। जिसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने सूचना थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे को दी। जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे दलबल के साथ पहुंचे और जांच पड़ताल की। परिजनों ने बताया की मृतक राज मिस्त्री विमलेश कुमार शराब का आदी था और उसका विवाह नहीं हुआ था। जिसके चलते वह काफी दिनों से घर भी नहीं जाता था। जिसकी बीते रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई बृजमोहन ने थाना पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस व हलका के दरोगा राम सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



घटनास्थल पर मौजूद मृतक के परिजन

# गैंगेस्टर के मामले में चार आरोपियों को छह-छह वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने शिवनन्दन उर्फ शिवननी, अजय पाल, रामपाल पुत्रगण विशुनदयाल निवासीगण नौली मेरापुर, रामऔतार पुत्र धारा सिंह, ब्राहिमपुर मेरापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः-छः वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

बीते 30 वर्षों पूर्व थाना मेरापुर थानाध्यक्ष ने कुंवरपाल, शिवनंदन, अजयपाल, रामपाल, रामऔतार के विरुद्ध समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए आपराधिक क्रिया कलाप से जनता में भय व्याप्त कर समाजविरोधी कार्य करता है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी विवेचना पुलिस ने की थी। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने शिवनंदन, अजयपाल, रामपाल, रामऔतार को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः-छः वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। मुकदमा विचारण के दौरान कुंवर सिंह की मृत्यु हो गई थी।

# नवरात्रि के दूसरे दिन मंदिरों व घरों में मां ब्रह्मचारिणी की हुई पूजा

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां दुर्गा के दूसरे स्वरुप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की और सर्व मंगल की कामना की। घरों में महिलाओं ने व्रत रखकर मां की आराधना की।

मां ब्रह्मचारिणी के नाम में ब्रह्म शब्द का अर्थ है तपस्या यानी ब्रह्मचारिणी का अर्थ है तप का आचरण करने वाली। मां ब्रह्मचारिणी की पूजा से व्यक्ति के अंदर जप-तप की शक्ति बढ़ती है। मां ब्रह्मचारिणी अपने भक्तों को संदेश देती हैं कि परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। मंगलवार को शहर के प्रमुख देवी मन्दिरों को भव्यता से सजाया गया था। भोर होते ही मन्दिरों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। देवी मूर्तियों का नये वस्त्रों व आभूषणों से श्रंगार किया गया था। महाकाल मन्दिर, गुरुगांव देवी मन्दिर, शीतला माता मन्दिर, मठिया देवी मन्दिर, मां वैष्णो देवी मन्दिर सहित सभी देवी मन्दिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। गुरगांव देवी मंदिर के बाहर लगीं पूजा सामग्री की दुकानों पर भक्तों जमकर खरीददारी की। ऐतिहासिक द्वापरकालीन गुरुगांव देवी मन्दिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर में मां की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से गया। लोगों का मानना है कि माता के दर्शन से हर इच्छा पूरी होती है। रेलवे रोड स्थिथ मठिया देवी मन्दिर व भोलेपुर स्थित मां वैष्णोदेवी मन्दिर में भी मां की मूर्तियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह से ही मन्दिरों में भारी भीड़ उमड़ी। ऐतिहासिक मन्दिर मठिया देवी में भक्तों ने पूजा अर्चना की तथा प्रसाद चढ़ाया। पूरे दिन देवी के दर्शन करने वालों की भीड़ लगी रही। देवी मूर्तियों के साथ ही राम दरबार की मूर्तियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। घरों में महिलाओं ने पूजा-अर्चना की। शाम के समय घरों में महिलाओं ने देवी जागरण किये। इसके अलावा जिले के अन्य कायमगंज, राजेपुर, कमालगंज, नवाबगंज, मोहम्मदाबाद, अमृतपुर में भी देवी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।



मठिया देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

# खेल रही बच्ची अचानक लापता परिजनों ने पुलिस को दी तहरीर



पुत्री के वियोग में बैठे परिजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

घर के बाहर खेल रही बच्ची अचानक लापता हो गयी। काफी खोजबीन के बाद जब बच्ची का पता नहीं चला, तो परिजनों ने थाना पुलिस को तहरीर दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव घसिया चिलौली निवासी सजना उम्र 8 वर्षीय पुत्री जय सिंह बीती रविवार को वह घर के बाहर खेल रही थी, तभी अचानक वह गायब हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। मंगलवार को उसकी माँ बसन्ती देवी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँचे क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग मिश्रा, मण्डी चौकी इन्चार्ज अवधेश यादव ने जाँच पड़ताल कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले।

## खबरें एक नजर में

### पॉक्सो व दुष्कर्म के मामले में आरोपी पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश डॉ. अनिल कुमार सिंह ने राजिद निवासी तुर्कीपुर मऊदरवाजा को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर 24 सितम्बर की तिथि नियत है। बीते आठ वर्षों पूर्व थाना के मऊदरवाजा पुलिस को एक युवक ने दी गई तहरीर में बताया कि मेरी नाबालिग पुत्री 29 अप्रैल 2017 को अपने छोटे भाई के साथ गांव के किनारे खड़े आम के पेड़ के नीचे आम बीनने गई थी। समय लगभग 11 बजे दिन में राजिद निवासी तुर्कीपुर व एक महिला व दो अन्य युवक आए और मेरी पुत्री को पकड़ कर मक्के के खेत में ले गया। उसके साथ रेप करने की कोशिश करने लगा। बच्ची के रोने व चिल्लाने की आवाज से आस पड़ोस के लोग आ गए। तब डरकर बच्ची को छोड़ कर साइकिल से भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर माननीय न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश डॉ. अनिल कुमार सिंह ने राजिद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 24 सितम्बर की तिथि नियत है।

### मार्ग दुर्घटना में मजदूर युवक की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पिकअप व ई-रिक्शा की टक्कर में मजदूर युवक की हुई मौत के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार बीते दिन सोमवार को फतेहगढ़ कोतवाली के नया नगला ग्राम निवासी 22 वर्षीय कर्मजीत पुत्र रामनिवास सुबह 5 :00 बजे काम के लिए कमालगंज के ग्राम भटपुरा में ई-रिक्शा पर बैठकर आ रहा था। कमालगंज के दीप केसरी मंदिर महरुपुर रावी के सामने गुरसहायगंज की तरफ से आ रही पिकअप जिसमें फल लदे हुए थे की आपस में आमने-सामने टक्कर हो गई एवं दोनों वाहन पलटा गये। जिसमें ई-रिक्शा में बैठे व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसमें धर्मजीत ई-रिक्शा के नीचे दब गया। स्थानीय लोगों ने उसे बाहर निकाला। जिन्हें इलाज के लिए सीएससी कमालगंज लाया गया। वहीं मौका पाकर पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। हालत गंभीर होने पर धर्मजीत को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां पर भी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों द्वारा परिजनों को घायल को हैलट अस्पताल कानपुर ले जाने की सलाह दी गयी। एंबुलेंस से कानपुर जा रहे घायल ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया था। धर्मजीत की मौत के मामले में परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पति से विवाद में पत्नी फांसी पर झूली, सीएचसी में भर्ती

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पति से हुए विवाद में पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने आनन-फानन में महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव जौरा निवासी मन्जू देवी उम्र 30 वर्षीय का खाना बनाने को लेकर उसके पति जितेन्द्र से विवाद हो गया। जिस पर गुस्साए पति ने पत्नी को डांट दिया और वह घर से चला गया। उसी दौरान पत्नी ने फांसी का फन्दा अपने गले में लटका लिया और झूल गयी। चीख पुकार सुनकर परिजनों ने मन्जू देवी को फाँसी के फन्दे से नीचे उतारकर गम्भीर घायलावस्था में कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ डियूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विपिन सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर मन्जू देवी को फर्रुखावाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।



सीएचसी में भर्ती महिला

# हत्या में सजायाफ्ता केंद्रीय कारागार के बंदी की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय कारागार में सजायाफ्ता बंदी की हालत बिगड़ने पर दो दिन पूर्व लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया था। लोहिया अस्पताल में उपचार के दौरान बंदी ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

जानकारी के अनुसार लखनऊ के थाना मोहनलालगंज निगोहा निवासी 72 वर्षीय राजू उर्फ चन्द्र प्रकाश को हत्या के मामले में जनपद उन्नाव के न्यायालय नें 03 मई 1986 को आजीवन कारावास की सजा हुई थी। बंदी राजू जिला कारागार उन्नाव से तबादला होकर केन्द्रीय कारागार फतेहगढ़ में 20 जुलाई 2025 को आया था। कारागार चिकित्सक के अनुसार बंदी को हृदय सम्बन्धी बीमारी थी। जिसकी समस्या होने पर बंदी को 21/22 सितम्बर की रात लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया गया था। 23 सितम्बर को सुबह 8:40 बजे बंदी राजू की उपचार के दौरान मौत हो गयी। केंद्रीय कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक आशीष तिवारी की तरफ से जिला मजिस्ट्रेट को सूचना दी गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



केंद्रीय कारागार फतेहगढ़

# वर्षों पुरानी रामलीला का पूर्व जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

वर्षों पुरानी रामलीला का मुख्य अथिति पूर्व जिलाधिकारी ने गणेश पूजन के साथ फीता काटकर शुभारम्भ किया। कमेटी के सदस्यों ने श्रीराम के भक्त हनुमान जी की प्रतिमा देकर स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या मे क्षेत्रवासी, ग्रामवासी मौजूद रहे।

जनपद की सीमा पर बसे गांव गढ़िया जगन्नाथ में 43 वर्षो से नवरात्री शुरू होने के साथ ही रामलीला का आयोजन शुरू होता है। गांव, बाहर के कुशल वक्ताओं के द्वारा रामलीला का मंचन किया जाता है। गांव के हरिओम राठौर के रावण के पात्र की जनता मुरीद है। वह दमदार आवाज के साथ रावण के पात्र को जीवंत करते दिखते हैं। उनकी स्टेज पर आते ही तालियों की गूंज से सभा स्थल गूंज उठता है। वही रामसिंह के भी पात्र की चर्चा जोरो पर होती है। सोमवार शाम गांव के समाजसेवी, पूर्व जिलाधिकारी अवधेश सिंह राठौर ने रामलीला का गणेश पूजन के साथ फीता काटकर शुभारम्भ किया। कमेटी सदस्यों ने मुख्य अथिति पूर्व जिलाधिकारी को शाल एवं भगवान श्रीराम के पावन भक्त हनुमान जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। बाद में गांव के बुजुर्ग कलाकारों को पूर्व जिलाधिकारी ने शाल देकर सम्मानित किया। पूर्व जिलाधिकारी ने बताया की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय है। बुजुर्ग समाज की धरोहर है। इनका सम्मान करना चाहिए। भगवान श्रीराम पिता की आज्ञा लेकर 14 वर्षो के लिए वन में रहे। हमें भी अपने बुजुर्गो का सम्मान करना चाहिए। मंच संचालन हितेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान विशिष्ट अथिति डॉक्टर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया की भगवान श्री राम ने इस धरती पर जन्म लेकर पवित्र कर दिया है।

भगवान श्रीराम के जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है। इस दौरान उपसंचालक हरिओम सिंह समारोह की अध्यक्षता ब्रह्मवीर सिंह राठौर ने की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी, क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



रामलीला का शुभारंभ करते पूर्व जिलाधिकारी व मौजूद कमेटी के लोग

# दूल्हा बने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम को देखने उमड़े नर नारी

▸ विवाह का संजीव चित्रण देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध, गूंजे जय श्रीराम के नारे

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

श्री धार्मिक रामलीला मेला कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की बारात नगर में धूमधाम से निकाली गई। रामबारात के दौरान भगवान की विभिन्न झांकियों ने लोगों का मनमोह लिया। डीजे के धुन पर भक्त खूब नाचते गाते रहे। श्रीराम बारात को कमेटी के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा व कोषाध्यक्ष ऋषभ गुप्ता, संयोजक किशनू चतुर्वेदी ने भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना व तिलक कर रवाना किया। बारात में सबसे आगे बैंड बाजे वाले मधुर ध्वनि बिखेरते हुए चल रहे थे। बारात के साथ भगवान गणेश, शिव पार्वती, भगवान ब्रह्मा, माता दुर्गा और राधा कृष्ण समेत देवी देवताओं की झाकियां चल रहीं थीं। बारात में सबसे पीछे आकर्षक ढंग से सजे विशाल रथ पर श्रीराम अनुज लक्ष्मण के साथ विराजमान थे और सैकड़ों बाराती आगे-आगे नाचते गाते बारात में शामिल हुए। जनकपुर में बारात का स्वागत भव्य तरीके से किया गया है। साथ ही सीता स्वयंवर, लक्ष्मण, परशुराम संवाद, राम जानकी विवाह, राम बारात व जानकी विदाई का इतना सजीव चित्रण प्रस्तुत किया कि दर्शकों की आंखें नम हो गईं। राम विवाह के लिए आकर्षक मंच बनाया गया। बारात जिधर से गुजरी उधर देखने वालों की भीड़ बढ़ती गई। जगह-जगह बारात के स्वागत के लिए तोरण द्वार बनाए गए। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया।

बारात शाम सात बजे रामलीला मेला स्थल से शुरू हुई। नगर के सभी मोहल्ले व मंदिरों से होती हुई पुनः रात्रि करीब 12 बजे मेला स्थल पर जाकर संपन्न हो गई। बारात की व्यवस्था में रामलीला कमेटी के सभी सम्मानित पदाधिकारियों ने सहयोग किया। उधर सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी कपिल चौधरी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



राम विवाह की शोभा बढ़ाती भगवान श्री गणेश की झांकी

## शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** मां दुर्गा की आराधना के पर्व शारदीय नवरात्र की शुरुआत सोमवार को हो गई। पहले दिन माता के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा की गई। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। घरों में हवन हुआ। नवरात्र में श्रद्धालुओं ने माता की प्रतिमाएं स्थापित कीं। शारदीय नवरात्र के पहले दिन मंदिरों व घरों में चौकी लगाकर घट स्थापित किए गए। अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई। दुर्गा सप्तशती का पाठ और हवन किया गया। नगर के मंदिरों में नवरात्र के दूसरे दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। बिहार वस्ती मेनरोड स्थित केसरी देवी मन्दिर, कमालगंज चौराह वाली गली स्थित मां दुर्गा मंदिर, श्री शिव शक्ति महाकाल मन्दिर, रेलवे रोड स्टेशन स्थित मां दुर्गा मंदिर में भीड़ नजर आयी। ग्रामीण क्षेत्र में भी सुबह से ही देवी की अर्चना के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।



मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

# मो. आजम खान की रिहाई पर जश्न में डूबे सपाई



मिठाई बांटते साजिद अली खान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मद आजम खान की रिहाई पर सपाइयों ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया तथा लोगों का मुंह कराया। मंगलवार को मोहम्मद आजम खान की रिहाई की खबर जैसे ही कस्बे के सपाइयों को मिली, तो उनमें खुशी की लहर दौड़ गयी। नगर महासचिव फारूक अली, सदर बली मोहम्मद, जिला उपाध्यक्ष डॉ0 नवरंग सिंह, फहीम खान, फैजान खान, नासिर खान, रियासुद्दीन, गजराज सिंह, दिनेश सिंह, श्रीकृष्णा, वाजिद अली सहित तमाम अल्पसंख्यक सभा के पदाधिकारी व समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम साजिद अली जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुआ।

## ससुरालीजनों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती रात पति द्वारा मारपीट व गाली गलौज करने का विरोध करने पर ससुरालीजनों ने महिला को मारपीट कर घर से निकला। पीड़िता के पिता ने थाने में ससुरालीजनों के विरुद्ध तहरीर दी। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी शिवानी देवी पत्नी कुलदीप ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात उसका पति कुलदीप कुमार शराब पीकर घर आया और घरेलू बातों को लेकर गाली-गलौज करने लगा। पिता के मुताबिक जब उसने गाली-गलौज का विरोध किया, तो उक्त पति ने मारपीट की तथा ससुर प्रेमचंद्र, कमला देवी, देवरा रंजीत ने मारपीट कर रात में ही घर से निकाल दिया। तब पीड़िता ने अपने परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोग पिता को थाने लेकर आए और थाना पुलिस को आरोपी ससुरालीजनों के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पिता को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



निरीक्षण कर बाहर आते आला अधिकारी

## डीजे, जिलाधिकारी व एसपी ने किया जेलों का निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला जज, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला एवं केंद्रीय कारागारों का निरीक्षण किया। इस दौरान आला अधिकारियों ने बैरिकों में जाकर बंदियों से उनकी समस्याओं को जाना। मंगलवार को जिला जज नीरज कुमार, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने जिला कारागार एवं केंद्रीय कारागार पहुंचकर बंदियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को जाना। आला अधिकारियों ने जेलों के चिकित्सालय, पुरुष एवं महिला बंदियों की बैरिकों में जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल में निरूद्ध बन्दियों के भोजन, स्वास्थ्य व्यवस्था, साफ-सफाई आदि को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# दलित युवक की हत्या के मामले में आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ अनिल यादव को एक लाख रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित

▸ प्रवीण उर्फ नीलू को पच्चीस हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित

दलित युवक की दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय ने अनिल यादव पुत्र स्व0 रामेश्वर निवासी आमिलपुर थाना मऊदरवाजा को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व एक लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया बीते लगभग चार वर्षों पूर्व थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला रकाबगंज निवासी शारदा पत्नी सुभाष गिहार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरा लड़का 27 सितंबर 2021 को समय करीब 3 बजे दिन घर से दिलदार निवासी ढुइयां के घर पर उधारी के रुपया लेने गया था। दिलदार के घर पर न मिलने के कारण शिवा वापस घर आ रहा था। जब शिवा चुंगी के पास आया, तो उसने अपने फोन से राजा पुत्र विक्रम को फोन किया, तो तुरंत राजा व अनूप स्कूटी से शिवा के पास गए, तो उनके सामने अजय व सुशील, अनिल यादव ने सुरेश गिहार के कहने पर तमंचा से शिवा पर जान से मारने की नियत से फायर किए और प्रदीप, शनि, अनुज, सोनू ने भी फायरिंग की। जिसके कारण शिवा की मृत्यु हो गई। घटना चार बजे दिन की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था।

विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता हरनाथ सिंह, अनुज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय ने अनिल यादव को हत्या व दलित उत्पीड़न के मामले में आजीवन कारावास व एक लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

प्रवीण उर्फ नीलू यादव को आर्म्स एक्ट में पांच वर्ष का कारावास व पच्चीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। साक्ष्य के अभाव में सुशील, अजय, अनुज, सोनू, प्रदीप, सनी को दोष मुक्त किया गया।

# पीडीए ही 2027 का विकल्प: रमेश कठेरिया



बैठक में मौजूद सपाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदाबाद क्षेत्र के कान्हऊ याकूबपुर गांव में समाजवादी अनुसूचित जाति जाति प्रकोष्ठ की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष अमित कठेरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला संगठन की तरफ से प्रभारी के रूप में जिला उपाध्यक्ष रमेश चन्द्र कठेरिया मौजूद रहे।

प्रभारी जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद कठेरिया ने कहा वर्तमान राजनीति में शोषित, वंचित, दलित और पिछड़ों का विकल्प सिर्फ और सिर्फ समाजवादी पार्टी है। आज की भाजपा की जातिवादी निरंकुश और दिशाहीन सरकार किस तरह से पिछड़े और दलितों पर अन्याय और अत्याचार कर रही है। दिन प्रतिदिन तमाम खुलासे हो रहे हैं। सरकारी भर्तियों में जातिवाद और भ्रष्टाचार चरण सीमा पर है। जातिवाद इतना हावी है कि जाति देखकर अपराधियों को सजा और पीड़ितों को न्याय दिया जा रहा है। पुलिस अपराधियों की भाषा में बात कर रही है। गरीब पीड़ितों को थाने और तहसीलों में भ्रष्टाचार का शिकार बनाया जा रहा है। जनता की जगह उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचाने की योजनाएं बनाई जा रही है। आज के समय में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पीडीए नायक बनकर उभरे हैं।आज शोषित और वंचित समाज की पीड़ित जातियों को जोड़कर उन्हें हिस्सेदारी और न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इसलिए हमारा और तमाम पिछड़ी जातियों का आज भारतीय जनता पार्टी के सामने कोई दूसरा विकल्प है। अमित कठेरिया ने कहा अखिलेश यादव के संरक्षण में ही हमारा सबका सम्मान सुरक्षित है और हमें उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर मजबूती से उनकी लड़ाई को मजबूत करना चाहिए। इस दौरान रणवीर सिंह, सर्वेश चन्द्र कठेरिया, कीरत कुमार, गिरीश चन्द्र, सुभाष चन्द्र, कौशल माथुर, रामशरण कठेरिया आदि मौजूद रहे।

## संयुक्त चेकिंग में दो ओवरलोड ट्रक सीज



जानकारी देते अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन पर मंगलवार को जिला खनन अधिकारी संजय प्रताप तथा एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा बघार तथा मोहम्मदाबाद क्षेत्र में खनन सामग्री का परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान खनन सामग्री का परिवहन करने वाले 2 ओवरलोड/अवैध परिवहन एवं टैक्स बकाया के ट्रकों/डम्पर को सीज कर दिया गया। जिसमें खनन विभाग द्वारा रुपए 44200 तथा परिवहन विभाग द्वारा रुपये 50,750 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# 10 अक्टूबर तक रेलवे रोड का कार्य पूरा न हुआ तो व्यापारी करेगें प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



रेलवे रोड पर मौजूद व्यापारी

फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल ने रेलवे रोड का सुंदरीकरण की मांग की थी। निगरानी समिति द्वारा 27, 28 अगस्त व 8 सितम्बर को रेलवे रोड पर हो रहे विद्युत पोल व बंच लाइन शिफ्टिंग कार्य का निरीक्षण किया। समिति ने रिपोर्ट 19 अगस्त को कलेक्ट्रेट सभागार की बैठक में सीडीओ के समक्ष प्रस्तुत की। 22 सितम्बर को पुनः निगरानी समिति ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता नगरीय बृजभान सिंह के साथ रेलवे रोड पर चल रहे शिफ्टिंग कार्य का निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता ने 26 जुलाई को 60 दिन पूर्ण न कर पाये जाने का मुख्य कारण बरसात तथा रक्षाबंधन का त्यौहार बताया। 10 अक्टूबर तक कार्य पूरा न हुआ तो फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल धरना प्रदर्शन कर अगला कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। रेलवे रोड की दुकानें पिछले तीन सालों से क्षतिग्रस्त पड़ी है। कई बार व्यापारियों ने मांग की और धरना प्रदर्शन किया। उसके बावजूद भी ढुलमुल रवैया चलता रहा। ऐसे में व्यापारियों के अंदर रोष है। पिछले तीन वर्षों से कई त्यौहारों पर बिक्री न होने के कारण व्यापारी भुखमरी की कगार पर पहुंच गया। जिसका जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही करने की मांग की गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, शिखर गुप्ता, विमलेश मिश्रा, अनूप गुप्ता, आशीष अग्रवाल, लाखन सिंह, दीपक अग्रवाल, अशोक यादव, मनोज दीक्षित, गोपाल सारस्वत, आशुतोष रस्तोगी, प्रशांत कुमार शाक्य, संजीव वर्मा, गोपाल राठौर, गौरव अग्रवाल, विशाल रस्तोगी, लल्ला रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा के तहत आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा



पम्पलेट दिखाते भाजपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा कार्यालय आवास विकास पर जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा की अध्यक्षता में सेवा पखवाड़ा के आगामी कार्यक्रमों को लेकर पदाधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा ने जीएसटी दरों, स्वच्छता अभियान आदि पर भी चर्चा की और गांधी जयंती तक लगातार पखवाड़ा सम्पन्न कराने के लिए कार्यकर्ताओं से चर्चा की। इस मौके पर जिला महामंत्री डीएस राठौर, हिमांशु गुप्ता, सुनील रावत, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र कठेरिया, रश्मि दुबे, अशनील दिवाकर, विजय गुप्ता, धर्मेंद्र राजपूत, अमरदीप दीक्षित, अभिषेक वाजपेयी, ऋषिपाल सिसोदिया आदि उपस्थिति रहे।

# आयुर्वेद दिवस पर आफीसर्स क्लब में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

## प्रदर्शनी का डीएम ने किया अवलोकन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




कार्यक्रम में मौजूद डीएम व अन्य

आयुष विभाग (आयुर्वेद) द्वारा 10वें आयुर्वेद दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जनपद के 10 चिकित्सालयों के द्वारा ग्रामों के चिन्हित स्थान पर एवं जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में किया गया जनपद स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने दीप प्रज्वलन कर किया।

एस.के. तिवारी जिला विकास अधिकारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेदिक औषधीय पौधों की प्रदर्शनी लगाई गयी एवं जनमानस को औषधीय पौधों की उपयोगिता के बारे में बताया गया। अतिथियों को आयुर्वेद पुस्तक एवं आयुर्वेद औषधीय पौधों को प्रदान किया गया। संचालन डॉ0 विजय कुमार यादव क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी एवं डॉ0 दीप्ति त्रिवेदी जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी द्वारा किया गया। जिलाधिकारी को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने आयुर्वेद औषधियों एवं औषधीय पौधों के गुणों के बारे में बताया। जनपद स्तरीय एवं ग्राम स्तरीय आयुष शिविरों में रोगियों का रोगानुसार परीक्षण कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया एवं आयुर्वेद के प्रति आम जन-मानस को सभी चिकित्साधिकारियों द्वारा लीफलेट्स का वितरण कर आयुर्वेद के प्रति जागरूक किया गया। सभी योग प्रशिक्षकों द्वारा योग के महत्व को बताया गया कि योग को दैनिक जीवन में अपनाने से अनेक रोगों से मुक्ति मिलती है। जनपद स्तरीय एवं ग्राम स्तरीय आयुष चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर में आयुर्वेद चिकित्साधिकारियों के द्वारा (जनपद स्तरीय-375 एवं ग्राम स्तरीय-1268) कुल-1643 रोगियों को रोगानुसार परीक्षण कर औषधियों का वितरण किया गया एवं आयुर्वेद के प्रति जागरूक किया गया।

# सेवा धर्म समिति लगायेगा स्वास्थ्य शिविर




बैठक में मौजूद समिति के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को सेवा धर्म समिति कार्यालय खतराना में बैठक सम्पन्न हुई। सभी पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर 26 सितम्बर शुक्रवार को डीएम के द्वारा निःशुल्क मेडिकल कैम्प लगाने की अनुमति प्रदान हुई है। जो शमशाबाद ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्रों में डाक्टर की टीम स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित करेगी। समिति द्वारा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि अपनी-अपनी जिम्मेदारी को निभायेंगे।

इस मौके पर सदस्य अविनाश सारस्वत, डॉ0 राजेश बाबू दुबे, डॉ. आनंद, सुबोध, शैलजा सारस्वत, गौरव गुप्ता, रवि बाजपेई, मोनू, श्याम सुंदर आदि मौजूद रहे।

# नवरात्रि के दिनों में मांसाहारी होटल बंद कराने की उठी मांग



ज्ञापन देने के दौरान मौजूद हिन्दूवादी नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारत हिन्दू महासभा के युवा जिलाध्यक्ष मोनू तिवारी एवं जिला महामंत्री संतोष त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि नवरात्रि के दिनों में मांस की बिक्री करना निषेध किया जाये। कुछ मांसाहारी होटल वाले मांस की बिक्री खुलेआम कर रहे है। उन्हें पूर्ण रुप से वर्जित किया जाये। कुछ ऐसे होटल हिन्दुओं को लुभाने हेतु आधे मूल्य में मांस की बिक्री करते है। हिन्दूवादी नेताओं को पता चला है कि शहर के कई मोहल्लों में मांसाहारी ढाबे चल रहे है। नवरात्रि के दिनों में मांसाहारी ढाबे पूर्ण रुप से प्रतिबंधित किये जाये। ऐसे में कोई मांसाहारी होटल चलता हुआ पाया गया तो उसे हिन्दू महासभा बंद करवाने का काम करेगी और पकड़वायेगी। प्रशासन से मांग है कि सभी सनातनियों की भावनाओं का ध्यान रखा जाये और सभी मांसाहारी होटल नवरात्रि के दिनों में प्रतिबंधित किये जाये। इस मौके पर संतोष त्रिवेदी, रिन्कू शाक्य, सुमित शाक्य, अनमोल शाक्य, रामलखन, गौरव आदि लोग मौजूद रहे।

# आयुर्वेदिक दिवस पर शिविर लगाकर दी गई जानकारियां



स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

10वे अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेदिक दिवस एवं वर्तमान में चल रहे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार (एसएनएसपी) अभियान के अंतर्गत राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कढ़हर द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कढ़हर व चिकित्सालय परिसर में एक संगोष्ठी एवं महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह ने आयुर्वेद, स्वास्थ्य विषय पर विस्तृत चर्चा कर इसके महत्व पर प्रकाश डाला एवं रोगों की प्रारंभिक अवस्था में पहले घरेलू आयुर्वेदिक नुस्खों को ही आजमाने पर जोर देते हुए बताया कि आयुर्वेद और होम्योपैथिक दवाइयों विशुद्ध रूप से प्राकृतिक, दुष्प्रभाव रहित एवं बेहद असरकारक होती हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सिंह ने विद्यालय की सभी, छात्राओं, किशोरियों, महिलाओं एवं छात्रों का सघन स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं सभी का रक्तचाप, हृदयगति, रक्त में ऑक्सीजन का स्तर, वजन, दंत परीक्षण एवं एनीमिया इत्यादि की जांच कर रोग ग्रस्त पाए गए कुल 20 महिला/किशोरी (रोगियों), को मौके पर ही होम्योपैथिक उपचार उपलब्ध करवाया एवं सफाई के लिए जागरूक किया।

## डीएन कालेज में रोजगार मेला कल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़ में सेवा योजन कार्यालय द्वारा 25 सितम्बर को सुबह 10 बजे विद्यालय प्रांगण में बृहद रोजगार मेले का आयोजन होगा। जिसमें एक दर्जन कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। 500 रिक्तियों हेतु विभिन्न पदों पर भर्ती होगी। हाईस्कूल से लेकर परास्नातक, आईटीआई व डिप्लोमा धारक, 18 से 45 वर्ष तक इच्छुक छात्र-छात्रायें अपने शैक्षिक प्रपत्रों के साथ विद्यालय में उपस्थित हो। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग ने दी है।

## घरेलू कलह के चलते युवक ने पीया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव हकीकतपुर निवासी रवित कुमार उम्र 28 वर्षीय पुत्र राम निवास ने घरेलू कलह से क्षुब्द होकर जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विपिन सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर फर्रुखाबाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## पौधशालाओं के लाइसेंस की अवधि 31 दिसम्बर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू शाकभाजी विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में संचालित समस्त निजी पौधशाला स्वामी जिन पौधशालाओं के लाइसेंस की अवधि 31 दिसम्बर, 2025 तक है वे समस्त पौधशालाएं अपने पौधशालाओं के लाइसेंस वर्ष 2026 का नवीनीकरण 01 अक्टूबर 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक पौधशाला लाइसेंस के नवीनीकरण का शुल्क कार्यालय आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी से चालान प्राप्त कर सम्बन्धित कोषागार में जमा कर चालान की एक प्रति के साथ लाइसेंस नवीनीकरण हेतु सम्बन्धित दस्तावेज /अभिलेख उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा दिसम्बर 2025 तक विलम्ब शुल्क के साथ लाइसेंस नवीनीकरण होगा। इसके साथ ही ऑनलाईन पोर्टल पर पौधशाला स्थापना/नवीनीकरण हेतु सभी आवश्यक दस्तावेजो का विवरण उपर्युक्त वेबसाइट /पोर्टल पर दिया गया है। पोर्टल पर सम्बन्धित सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर आवेदन कर सकते हैं साथ ही साथ जिन पौधशाला स्वामियों द्वारा पौधशाला के नवीनीकरण का आवेदन किया गया है के द्वारा पोर्टल पर अपलोड की गई सभी प्रतियों की मूल पत्रावली कार्यालय आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी विकास भवन में पौधशाला प्रभारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में फल पौधशाला (विनियमन) अधिनियम-1976 के तहत माह दिसम्बर 2025 के बाद लाइसेंस स्वतः ही निरस्त हो जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं पौधशाला स्वामी की होगी।



महिलाओं को जागरुक करती सीओ सिटी

## नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम में सीओ ने महिलाओं को किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत जसमई में नारी शक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय व ग्राम प्रधान अभिलाषा दुबे ने महिलाओं को जागरुक किया और नारी सशक्तिकरण के तहत जानकारियां दी। साथ ही टोल फ्री नम्बर 1090, डायल 112 के बारे में बताया कि किसी भी मदद के लिए तत्काल इन नम्बरों पर फोन करें, तुरन्त सहायता की जायेगी और मौके पर पुलिस पहुंचकर कार्यवाही करेगी। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया। ग्रामसभा में शिक्षक, महिलायें व किशोरियां आदि मौजूद रहे। मऊदरवाजा प्रभारी लक्ष्मण सिंह, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत प्रधान प्रतिनिधि प्रतीक दुबे, पीयूष दुबे आदि मौजूद रहे।

# जनपदीय जोन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रागिनी, आंचल, अंकित बने विजेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रायें

जनपदीय माध्यमिक एथलेटिक्स जोन प्रतियोगिता का आयोजन शक्ति सैनिक इंटर कालेज मौधा में दूसरे दिन शुभारम्भ प्रबंधक पीयूष कुमार, प्रधानाचार्य कणवेन्द्र सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर किया। प्रतियोगिता 100 मीटर रेस के साथ शुरु हुई। जिसमें प्रथम अमित कुमार, द्वितीय आदित्य कुमार, तृतीय स्थान पर अवनेश रहे। विजेता छात्रों को अर्चना राठौर व गजेन्द्र पाल सिंह राठौर द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। 30 माध्यमिक विद्यालयों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रबंधक, प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया। जिला क्रीड़ा सचिव अतुल दास के नेतृत्व में प्रतियोगितायें सम्पन्न हुई। निर्णायक मण्डल में देवेन्द्र कुमार, केशव गंगवार, सतेन्द्र सिंह, रजनीश शिवा, राहुल यादव, अर्जुन प्रताप सिंह, अनुराग पटेल, शिवम मौर्य, अभिषेक अवस्थी, कुलदीप चौहान, सुब्रत शाक्य, नीता दुबे, मनीषा यादव आदि लोगों ने भूमिका निभाई। आयोजक मण्डल में दिग्विजय सिंह यादव, देवेन्द्र सिंह सोमवंशी, राजेश सिंह राठौर, जितेन्द्र सिंह, जितेन्द्र पाल सिंह, आकाश कुशवाहा, अवनीश पाल, शैलेन्द्र यादव, संजय कुमार गौतम, मनोज कुमार गौतम, अवधेश, मनीष अग्निहोत्री आदि ने सहयोग किया। अंडर-14 सब जूनियर बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ में अंकित राठौर प्रथम, गौरीशंकर द्वितीय, अंकुर तृतीय रहे तथा मृदुल ने चौथा स्थान पाया। 200 मीटर दौड़ अंडर-14 में अंकित सिंह प्रथम, गौरी शंकर द्वितीय, अंकुर तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-14 हाई जम्प मलिहार प्रथम, सानू द्वितीय, केपी तृतीय रहे। अंडर-14 बालिका वर्ग 400 मीटर दौड़ में रागिनी प्रथम, कुंती द्वितीय, नेहा तृतीय व ज्योति चतुर्थ रही। अंडर-14 बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में रागिनी प्रथम, आरजू द्वितीय, लक्ष्मी तृतीय रही। अंडर-17 बालिका वर्ग हाई जम्प में आंचल प्रथम, दीपांशी द्वितीय, गोल्डी तृतीय रही। डिसक्स थ्रो अंडर-14 में नवनीत प्रथम, मालिहार द्वितीय, ईशांत तृतीय रहे। अंडर-14 बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में अंशुल प्रथम, मृदुल द्वितीय, आलोक यादव तृतीय रहे। अंडर-14 लॉग जम्प में अश्वनी प्रथम, बॉबी द्वितीय, दीपाकर व हर्ष तृतीय रहे। 400 मीटर दौड़ अंडर-14 वर्ग में अंकित प्रथम, गौरी शंकर द्वितीय, आयुष कुमार तृतीय, मृदुल चौथे स्थान पर रहे। अंडर-17 बालिका वर्ग 800 मीटर दौड़ में रागिनी प्रथम, गोल्डी द्वितीय, गौरी पाल तृतीय रही। अंडर-17 बालिका वर्ग शॉटपुट में रैनिश राजपूत प्रथम, दिव्या द्वितीय, सुमित्रा देवी तृतीय रही। अंडर-17 बालिका वर्ग 1500 मीटर दौड़ में रागिनी प्रथम, दीपांशी द्वितीय, सुमित्रा तृतीय स्थान पर रही। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे व कोषाध्यक्ष शैलेश दुबे एवं महामंत्री नरेन्द्र सोलंकी, सुभाष चन्द्र शुक्ला ने पहुंचकर विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही प्रधानाचार्य ने भी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र हसीब खां के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरी पत्नी नसीमा बेगम का कोई सरोकार नहीं होगा। मुजीब खां पुत्र अब्दुल रज्जाक निवासी शर्फाबाद, पो0 जरारी, थाना जहानगंज, फर्रुखाबाद।

**सूचना**

मेरे पुत्र के आधार में उसका नाम त्रुटिवश मृतुन्जय अंकित हो गया है, जबकि जन्म प्रमाण में मृत्युंजय नाम दर्ज है, जो सही है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में मृतुन्जय के स्थान पर मृत्युंजय संसोधित किया जाये।
**हरेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 रामसनेही निवासी बुढ़नामऊ, कोतवाली फतेहगढ़, फर्रु0**

**सूचना**

मैंने अपने बड़े पुत्र अमित कुमार के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। राजेश कुमार पुत्र स्व0 दीन दयाल निवासी नगरिया देवधरापुर, थाना कमालगंज, फर्रुखाबाद।

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड संख्या-793 607 857 747 में त्रुटिवश मेरा नाम पूजा सागर दर्ज हो गया है, जबकि मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा सही नाम जागेश्वरी दर्ज है। मुझे जागेश्वरी के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। जागेश्वरी पत्नी विमल सागर निवासी मोहल्ला अम्बेडकर कालोनी, भोलेपुर, फतेहगढ़।

# भाकृए ने किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



ज्ञापन देने के दौरान मौजूद किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय कृषक एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि गांव सिवारा बहवलपुर से लेकर शमशाबाद, ढाई घाट गंगा के दक्षिण किनारे पर बंधा बनवाया जाये। जिससे फसलों की बर्बादी रोकी जा सकें। सिंचाई विभाग का जेई गलत रिपोर्ट लगा रहा है, जिसकी जांच की जाये। गंगा नदी के बाढ़ में जनपद के किसानों की फसलें बर्बाद हुई है, उन्हें मुआवजा दिया जाये। बाढ़ से किसान बेघर हुए है उन्हें भी मुआवजा दिया जाये। नगर पालिका कायमगंज के अधिशासी अधिकारी बिना सुविधा शुल्क लिये काम नहीं करते है। सुधा गंगवार ने उन पर आरोप लगाया कि वह पैसे मांगते है, इसलिए उन्हें हटाये जाने की मांग की। कायमगंज के थानाध्यक्ष द्वारा किसानों को परेशान किया जाता है उन्हें हटाया जाये। जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकियां अधूरी पड़ी है, उनका कार्य पूरा कराया जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। वहीं दूसरे ज्ञापन जिलाधिकारी सम्बोधित सौंपा गया। जिसमें ग्राम मंसूर नगर, प्रीतम नगला, अजीजपुर व जिजपुरा के लेखपाल ने बाढ़ क्षेत्र साइड बंद कर दी है। अभी भी कई खेतों में पानी भरा हुआ है। किसानों को काफी नुकसान हुआ है। ऐसे में बाढ़ ग्रस्त में लोगों को शामिल किया जाये और उनकी फसलों के नुकसान का मुआवजा दिया जाये। इस मौके पर मुन्नालाल सक्सेना, प्रताप सिंह गंगवार, मंजेश यादव, रामवीर जाटव, रामवीर सिंह पाल, गोपाल तिवारी, केदार, रामसिंह, हरिवंश, रामलाल, रंजीत सिंह, रमाकांति, स्नेहलता, सुनीता देवी, मधु आदि लोग मौजूद रहे।

# सरकारी जमीन पर अतिक्रमण मुक्त कराये जाने की मांग



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाये जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा।

ग्राम मीरपुर जहानगंज निवासी प्रताप सिंह एडवोकेट द्वारा ज्ञापन सौंपकर मांग की गई है कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने में चल रहे जाति धर्म के आधार पर भेदभाव खत्म कर सभी को सम्मान दृष्टि से देखते हुए अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की है। नवाबगंज के उखरा में पिछड़े लोगों के घर तोड़कर उन्हें खुले आसमान के नीचे रहने के लिए मजबूर कर दिया गया।

कमालगंज के फतेहउल्लापुर में दलितों के घर तोड़कर उन्हें बेघर किया गया। फतेहगढ़ रेलवे रोड पर राजस्व कर्मियों द्वारा पैमाइश के आधार पर 27 सितम्बर 2024 को चिन्हित सरकारी जमीन के अतिक्रमण को अभी तक नहीं हटाया गया है।

दुकान सरकारी जमीन पर बनी हुई पायी गई है। कई बार शिकायत किये जाने पर नगर पालिका के द्वारा भेदभाव के चलते अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। नोटिस भी चस्पा किये गये थे, उसके बावजूद भी कार्यवाही नहीं हुई है। ऐसे में कार्यवाही करने की मांग की है।

# राम वन गमन का मंचन देख लीला प्रेमी हुए भाव विभोर

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के सीखड़ बाजार में प्राचीन रामलीला समिति के तत्वाधान में आयोजित 15 दिवसीय रामलीला का मंचन सोमवार को ग्राम पंचायत भुआलपुर के भुआली माता मंदिर पर वनगमन का मंचन हुआ। जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम भ्राता लक्ष्मण और माता सीता के साथ पिता राजा दशरथ माता कौशल्या, कैकेई, सुमित्रा, गुरु वसिष्ठ, विश्वामित्र से आशीर्वाद लेकर सुमंत के साथ रथ पर सवार होकर वन के लिए निकल पड़े और जाते जाते श्रृंगवेरपुर के राजा गुहराज निषाद से मुलाकात होती है तमसा नदी के तट पर रात्रि विश्राम करने लगे तभी सुमंत जी मध्य रात्रि मे भगवान को सोते देख रथ को लेकर चले जाते हैं।

लीला का मंचन देख उपस्थित लीला प्रेमियों कि आंखे नम हों गई। इस दौरान समिति के अध्यक्ष मुकेश पांडेय सौरभ, प्रबंधक अभय शंकर चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पाठक, कोषाध्यक्ष योगेश्वर त्रिपाठी, मंत्री गुड्डू पांडेय, धनेश मिश्रा, मिन्टू त्रिपाठी ,शर्मा पांडेय, सुनील शुक्ला,अभय शंकर त्रिपाठी, बब्बल पाण्डेय, मुकेश त्रिपाठी, रत्नेश त्रिपाठी, विनोद कुमार पांडेय, माया शंकर मुन्नी पाण्डेय, राजन दुबे, अजीत पांडेय, बेटू मिश्रा, गणेश, अंशुमान, अमन, अभिषेक, शिवम्, मृत्यंजय मिश्र, अंशू मिश्रा, नदीश पांडेय, रामकुमार शुक्ला, सभाशंकर मिश्र, सचिदानंद मिश्रा, अखिलेश त्रिपाठी, नरेश तिवारी सहित सैकड़ों संख्या में लीला प्रेमी उपस्थित रहे।

## राम बारात का पुष्प वर्षा कर हुआ स्वागत



चुनार (मिर्जापुर)। नगर में श्री राघवेंद्र रामलीला नाट्य समिति द्वारा आयोजित इक्कीस दिवसीय रामलीला मंचन में सोमवार की रात मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी की बारात नगर में निकाली गई। डीजे, बैंड बाजा शहनाई, की मधुर धुन पर घोड़े पर सवार राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न चारों भाईयों के साथ कमेटी के सदस्य व स्थानीय लोग बारात में शामिल हुए। नगर में भ्रमण करते समय महिलाओं एवं बच्चों ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया। रामलीला मंच से निकली बारात सददूपुर, ऐबकपुर मोहाना, गोला बाजार, चौक बाजार, सर्राफा बाजार, पुरानी कोतवाली मार्ग से भरपुर, गंगेश्वरनाथ, भरपूर नकाशा होते हुए पुनः साहबराम गोला स्थित रामलीला मैदान पहुंचा जहां आरती के बाद उपस्थित लोगों में प्रसाद का वितरण हुआ। इस दौरान कमेटी संरक्षक बचाऊ लाल सेठ, अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय, महामंत्री संजय साहू, रामआसरे दास, चन्द्रहास गुप्ता, महेन्द्र साहू, अनिल गुप्ता, गोविंद जायसवाल करतार, प्रदीप रस्तोगी, राजकुमार गुप्ता, शंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।

## नवरात्र के दूसरे दिन मां विंध्यवासिनी के दरबार में जुटे हजारों भक्त

**विंध्याचल (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां विंध्यवासिनी के दरबार में सुबह दस बजे तक मात्र 50 हजार श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए पहुंचे। इससे श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन करने में कोई खास दिक्कत नहीं हुई। वहीं मेला की व्यवस्था में जुटे प्रशासनिक अफसरों ने भी राहत की सांस ली। मंगलवार को तीन बजे भोर मंगला आरती के बाद मां विंध्यवासिनी के गर्भगृह का कपाट आम श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन के लिए खोल दिया गया।

गर्भगृह का कपाट खुलते ही श्रद्धालु दर्शन पूजन करने में जुट गए। गर्भगृह में श्रद्धालुओं के पहुंच जाने से तिल रखने की भी जगह नहीं बची। मां की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालु बेताब रहे। मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने के बाद श्रद्धालुओं ने अष्टभुजा और कालीखोह मंदिरों में मत्था टेक त्रिकोण परिक्रमा में जुट गए।

चिलचिलाती धूप के बावजूद श्रद्धालु पूरे श्रद्धाभाव से त्रिकोण परिक्रमा में जुटे रहे। त्रिकोण मार्ग श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। मां के जयकारे से त्रिकोण मार्ग गुंजायमान रहा।

## खबरें एक नजर में

### सड़क किनारे फेंका जा रहा डस्टबिन से निकाल कर कचरा



**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के राजगढ़ बाजार में स्थित ग्राम प्रधान के द्वारा डस्टबिन रखा गया है। जहां पर ग्रामीणों द्वारा कचरा उसमें डाला जाता है लेकिन किसी ने उसमें से कचरा निकाल कर बाहर फेंक दिया जिसे काफी दुर्गंध निकल रही है। ग्रामीण परेशान हो रहे हैं स्वच्छता अभियान की पोल खुल रही है एक तरफजिले से लेकर ब्लॉक तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। तो दूसरी तरफ कूड़ा गाड़ी भी बराबर ना आने से कचरे का उठान नहीं हो पा रहा है। गांव की गलियों को और सार्वजनिक स्थल को साफकिया जा रहा है तो दूसरी तरफडस्टबिन से कचरा निकाल कर सड़क किनारे फेंका जा रहा है जहां पर स्थानीय लोग काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कचरे की दुर्गंध से बीमारियां फैलने का डर ग्रामीणों को सता रहा है। ग्राम प्रधान भी कुछ नहीं कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो हो रहा वायरस। इस संबंध में जब एडियो पंचायत राजगढ़ श्रीकृष्ण उपाध्याय से बात हुई तो उन्होंने कहा कि विंध्याचल मेला में हमारी ड्यूटी लगी हुई है ग्राम प्रधान से बात करके जल्द से जल्द कूड़ा कचरा को वहां से उठाया जाएगा।

### पीजी कालेज के स्थानांतरित दो शिक्षकों को दी गई विदाई

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जवाहरलाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज में शिक्षक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान इस सत्र में स्थानांतरित दो शिक्षकों डॉक्टर शैलेंद्र उपाध्याय और डॉक्टर गोपाल सिंह को विदाई दी गई।

विदाई समारोह में बीएड विभाग के सहायक आचार्य डॉक्टर शैलेंद्र कुमार उपाध्याय, महाविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री डॉ.धर्मवीर, डॉ गोपाल सिंह को जिला शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. उमेश प्रसाद यादव और महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ विजय आनन्द मिश्र ने सम्मानित किया। डॉ गोपाल सिंह और डॉक्टर शैलेंद्र उपाध्याय ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि महाविद्यालय में अध्यापन कार्य करते हुए कभी ऐसा नहीं लगा कि महाविद्यालय अपना परिवार नहीं। महाविद्यालय प्रशासन प्रबंध तंत्र सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का सम्मान पाकर हम सभी गौरांवित हुए हैं। इस मौके पर मुख्य नियंता डॉक्टर बिपिन यादव, सुआक्टा प्रतिनिधि डॉ राणा प्रताप तिवारी,डॉ खेदूराम यादव, दिवाकर सिंह, डॉ राहुल कुमार सिंह, इकाई शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डॉ.पीयूष कुमार जायसवाल, डॉ. ज्योत्सना पाण्डेय, डॉ राजू शर्मा , शिक्षक संघ के संयुक्त मंत्री अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ.सुनील कुमार तिवारी, देवेंद्र कुमार पाठक, डॉ विनय खरवार, सुआक्टा प्रतिनिधि मृत्युंजय तिवारी,डॉ.प्राची कुशवाहा, डॉ.अपर्णा राठी,0डॉक्टर वकील श्रीवास्तव, डॉ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, अशोक कुमार मौजूद रहे।

### मुख्य चिकित्साधिकारी ने रतावल सीएचसी का निरीक्षण किया, लापरवाही पर जताई नाराजगी

महराजगंज, समृद्धि न्यूज। परतावल सीएचसी पर निरीक्षण के दौरान लापरवाही सामने आने के बाद सीएमओ महराजगंज डॉ. श्रीकांत शुक्ल ने कड़ा रुख अपनाया और कहा कि सीएचसी महिला विंग में कार्यरत दो स्टाफ नर्स का नौतनवा क्षेत्र में ट्रांसफर होगा। इसके अलावा चतुर्थ श्रेणी कर्मी का एमसीएम विंग से हटा कर सीएचसी में दूसरे जगह तैनाती दी जाएगी। सीएमओ ने बीते रविवार को परतावल सीएचसी का निरीक्षण किया था। उस दौरान वार्ड में वह प्रसूता व नवजात नहीं मिले जिनकी शनिवार को डिलीवरी हुई थी। इस पर सीएमओ ने नाराजगी जताते हुए महिला विंग की दो स्टाफ नर्स को ट्रांसफर कर नौतनवा भेजने का आदेश दिया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मीरा को महिला बिग से हटाकर सामने के अस्पताल में तैनाती देने के निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान भर्ती मरीजों की बीएसटी रिपोर्ट उपलब्ध न होने पर सीएमओ ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए नाराजगी जताया था। महिला विंग में मरीजों से बातचीत में कुछ ने दवा बाहर से खरीदने की जानकारी दिया था। इस पर सीएमओ ने डॉक्टरों को निर्देश दिया था कि अस्पताल में पर्याप्त दवाएं मौजूद हैं, बाहर से लिखने की जरूरत नहीं है। एक तीमारदार ने प्रसव के बाद महिला कर्मियों द्वारा रुपये मांगने और बिजली बंद रहने से इलाज प्रभावित होने की शिकायत की थी। परतावल सीएचसी में कार्यरत दो स्टाफ नर्स के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नौतनवा भेजा जाएगा। जबकि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को महिला विंग से हटाकर सीएचसी में पोस्टिंग की जाएगी। सीएमओ डॉ. श्रीकांत शुक्ल ने कहा कि मरीजों की बेहतर चिकित्सीय सुविधा दिलाना शीर्ष प्राथमिकता है। इसमें किसी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

# धनुष यज्ञ के मंचन में उमड़ी भीड़

**श्रीराम ने ज्यों ही शिव धनुष का खण्डन किया, आतिशबाजी व ढोल बाजे से गूंज उठा श्रीरामलीला परिसर**

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

आदर्श श्रीरामलीला समिति ड्रमंडगंज द्वारा चलाए जा रहे सत्रह दिवसीय श्रीरामलीला में सोमवार की रात्रि धनुष यज्ञ का मंचन किया गया। महाराजा जनक द्वारा जनकपुरी में आयोजित स्वयंवर में अनेक राजा पहुंचे थे। महर्षि विश्वामित्र के साथ श्रीराम लक्ष्मण भी जनकपुरी स्वयंवर में आये थे। सीता से विवाह की इच्छा रखने वाले राजाओं ने शिव धनुष उठाने का प्रयास किया किन्तु सभी राजा महादेव के धनुष को हिला भी नहीं सके। बाणासुर को पता चला कि यह धनुष भोलेनाथ का है तो उसने धनुष को छुआ तक नहीं। रावण बाणासुर का संवाद हुआ और बाणासुर सभा छोड़कर लौट गये। रावण ने धनुष उठाने का प्रयास किया लेकिन असफल रहा। महाराजा जनक व्यथित होकर कहने लगे कि कोई राजा महादेव के धनुष को हिला भी नहीं पाया इससे पता चलता है पृथ्वी पर वीर पुरुष कोई नहीं है। लक्ष्मण ने क्रोधित होकर कहा कि रघुवंशी वीरों के होते हुए भी महाराजा जनक ने अपमान जनक शब्द कहे हैं। उन्होंने कहा कि यह धनुष तो क्या पूरा ब्रह्मांड उलट पलट सकता हूं किन्तु भैय्या श्रीराम का आदेश नहीं है। गुरु के आज्ञा का पालन करते हुए श्रीराम ने सहज भाव से शिवधनुष को उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाते ही शिवधनुष खण्डित हो गया। शिवधनुष खण्डित होते आतिशबाजी व ढोल बाजे से रामलीला मैदान गूंज उठा। जय श्रीराम का उद्घोष किया जाने लगा। सखियां सीता को लेकर आयीं प्रभु श्रीराम से बोलीं कि जनकनंदिनी छोटी हैं आप झुक जाइये सीता आपके गले में जयमाला डाल सकें। लक्ष्मण को समझते देर नहीं लगी और वे श्रीराम को दण्डवत प्रणाम करने लगे। श्रीराम ज्यों ही लक्ष्मण को उठाने के लिए झुके, सीता ने श्रीराम के गले में जयमाला डाल दिया।

## ऐतिहासिक होंगा संघ शताब्दी वर्ष : अजीत

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारी को लेकर एसएस इंटर कालेज करमही में एक आवश्यक बैठक हुई। इसमें सिसवा विधानसभा के तीनों ब्लॉक निचलौल, सिसवा व मिठौरा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता सह विभाग प्रचारक अजीत ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष में होने वाले आयोजन ऐतिहासिक होंगे। उन्होंने संघ परिवार के सौ वर्षों के संघर्षों व उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। शताब्दी वर्ष पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जिम्मेदारी का वितरण किया। न्याय पंचायत स्तर पर वृहद कार्यक्रम कराने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में जिला कार्यवाह शिवचरण, भाजपा नेता अजय कुमार श्रीवास्तव, संतोष सिंह, जिला शारीरिक प्रमुख रणजीत, दुर्गा अग्रहरि, शैलेष पांडेय, रणधीर सिंह, नागेंद्र मल्ल, राजन पटेल, शैलेश पांडेय, गिरधारी गुप्ता, दीपक पांडेय, छोटे लाल पटेल, अभिषेक पांडेय, अभिषेक सिंह सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# आवेदक की फ्राड धनराशि 3800 रुपये उसके मूल खाते में कराया गया वापस

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय थाना क्षेत्र के खम्हरिया सूर्यवंश गांव निवासी राम कुबेर पांडेय द्वारा 29 अगस्त को आन लाइन फ्राड हुआ था जिसके सम्बन्ध में थाना हलिया की साइबर टीम द्वारा आवेदक से फ्राड के सम्बन्ध मे पूछताछ कर एंव ट्रांजेक्शन से सम्बन्धित आवश्यक कागजात लेकर तत्काल साइबर पुलिस पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर सोमेन बर्मा द्वारा साइबर अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व मे थाना हलिया की साइबर टीम द्वारा पोर्टल का अवलोकन करके आवेदक की फ्राड हुई धनराशि को सम्बन्धित खाते मे होल्ड कराया गया तथा पोर्टल से ट्रांजेक्शन से सम्बन्धित आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर सम्बन्धित बैंक को ईमेल व पत्राचार करके आवेदक की फ्राड हुई धनराशि 3800 रुपये को आवेदक के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराया गया। आवेदक द्वारा थाना हलिया की साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

धनराशि वापस कराने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव थाना हलिया, उ0नि0 अच्छे लाल यादव थाना हलिया, का0 आनंद पटेल, प्रदीप पाल थाना हलिया आदि रहें।

# अम्बिका देवी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के पंवारी कला गांव स्थित अम्बिका देवी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में मंगलवार को प्रदेश सरकार द्वारा महिला के सशक्तिकरण के अंतर्गत मिशन शक्ति फेज पांच के तहत नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावल्मबन के तहत बालिकाओ के सशक्तिकरण हेतु जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव एवं महिला कांस्टेबल पूजा चौहान ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए महिलाओ और बालिकाओ कि सुरक्षा आत्मरक्षा एवं उनके कानूनी अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 112, 102, 108 की जानकारी दिया है। उन्होंने छात्राओं को निडर होकर आगे बढ़ने और अन्याय का डटकर सामना करने के लिए प्रेरित किया है। महिलाओ के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, शक्ति मोबाइल, महिला हेल्पडेस्क, महिला पुलिस बीट पुलिस अधिकारी, महिला साइबर सेल, महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र, मिशन शक्ति कक्ष, महिला अपराधों पर त्वरित करवाई बेटियां है देश की शान उनकी शिक्षा और सुरक्षा और स्वास्थ्य का रखे पूरा ध्यान राष्ट्रीय पोषण मिशन, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष आदि योजनाओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए जागरूक किया है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय द्वारा किया गया। उन्होंने कहा की शिक्षा हीं वास्तविक सशक्तिकरण का सबसे बड़ा माध्यम है और प्रत्येक छात्रा को आत्मनिर्भर बनना चाहिए। इस अवसर पर छात्राओं के साथ जागरूकता गतिविधियों एवं प्रेरणादायी विचार साझा किये गए कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिशन शक्ति के उद्देश्यों को समाज में आगे बढ़ने का संकल्प लिया कार्यक्रम में उप निरीक्षक रमाशंकर, हेड कांस्टेबल इमरान खान, विश्वनाथ, खोभारी सिंह यादव, महिला आरक्षी ममता नायक, विद्यालय के पूनम पाठक, निवेदिता सिंह, अभय सिंह,एसके तिवारी, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहद छात्राओं को किया जागरूक



**चुनार (मिर्जापुर)।** प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण के तहत चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान मंगलवार को डॉ0 सविता मेमोरियल ग्लोबल एकेडमी चुनार मे छात्राओं को पुलिस प्रशासन ने जागरूक किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी मंजरी राव ने छात्राओं को डायल 112 व 1090 के विभिन्न पहलुओं को बताते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़खानी को अब अनदेखा नही करना है। छेड़खानी की घटना में लडकिया प्रायः चुप रहती है जिससे शोहदों के मन बढ़ जाते है। उन्होंने बताया कि छात्राओं द्वारा की जाने वाली शिकायत पर महिला आरक्षी भी पहुंचती है ताकि छात्राए अपनी बातों को अच्छे से समझा सके। उन्होंने कहा कि अब हमें वो सभी नौकरियां करनी है जो लड़के करते है हमे अपने आपको सशक्त बनाना होगा उन्होंने सभी से अपील किया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर घर, परिवार व पुलिस से जरूर साझा करें जिससे समस्या का हल निकाला जा सके। चुनार प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह ने भी छात्राओं को सशक्तिकरण के प्रति आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक अपराध सत्येंद्र यादव ने भी छात्राओं को जागरूक किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 वेद प्रकाश ने मिशन शक्ति कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत बतायी गयी बातो को आवश्यकता के समय मे प्रयोग कर बचाव करने की बात बतायी। विद्यालय के प्रबंधक ओम प्रकाश सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान कोतवाल विजय शंकर सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, प्रिंसिपल वेदप्रकाश सिंह, माया सिंह, प्रशांत कुमार बोस, कमलेश सिंह, दिनेश सिंह, दीपक सिंह, मृत्युंजय कुमार सिंह सहित सैकड़ों छात्राएं उपस्थित रही।

## तीन रोडवेज बसों के हुए टकराव की मजिस्ट्रीयल जांच शुरू

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** जनपद महराजगंज-गोरखपुर मार्ग पर बीते 19 सितम्बर को सुबह करीब साढ़े बजे अगया के पास तीन रोडवेज बसों का ओवरटेक करने के वजह से टक्कर की घटना का मजिस्ट्रीयल जांच शुरू हो गई है। अपर उप जिलाधिकारी सदर प्रेम शंकर पांडेय ने बताया कि 19 सितंबर को बस संख्या यूपी 56 बीटी 2412, बस संख्या यूपी 53 एफटी 6360 और बस संख्या यूपी 78 एचएन 3840 आपस में टकरा गई थीं। जिसमें 40 लोग घायल हो गए थे। घायलों का ईलाज जिला अस्पताल महराजगंज में चल रहा था। हादसे के संबंध में लोगों से अपील की है कि यदि किसी के पास इस घटना से जुड़ी फोटो, वीडियो या कोई भी विश्वसनीय जानकारी हो, तो वह 26 सितम्बर 2025 को सुबह 10 बजे तक डीएम कार्यालय में उपलब्ध कराएं।ताकि आसानी से जांच की जा सके।

# सहकारिता द्वारा नये सदस्य बनाने को लेकर कैम्प आयोजित

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



विकास खंड फरेंदा में अन्तरराष्ट्रीय सहकारिता विभाग द्वारा नये सदस्य बनाने को लेकर सहकारिता विभाग महराजगंज द्वारा एक कैम्प का आयोजन आज मंगलवार को आयोजित किया गया। आयोजित कैम्प के जरिए एडीसीओ सहकारिता ने बहुतायत किसानों व ग्रामप्रधानों को प्रेरित किया और कहा कि किसानों को नये सदस्य बनने के लिए आप लोग प्रेरित करें जिससे किसानों को अपने नजदीकी समितियों से आसानी से खाद बीज उपलब्ध हो सके। सदस्य बनने पर उर्वक कार्ड जारी किए जायेगे।नये सदस्य बनने के लिए आधार कार्ड व मौबाइल नम्बर जरुरी है इस कार्ड के बनने पर सरलता से अल्पकालीन ऋण भी उपलब्ध होगा। नये सदस्य बनने के लिए 226रुपये शुल्क जमा करना होगा। अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता के द्वारा आयोजित सहकारिता महासदसयता कैम्प 12 सितम्बर से 12अक्टूबर तक चलाया जायेगा। इस दौरान जिला सहकारी बैंक लिमिटेड फरेंदा के प्रवन्धक अजय सिंह, एसडीओ विशाल सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि साधुशरण प्रसाद, व मनोज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिले के बड़े प्रोजेक्ट की कलेक्ट्रेट से होगी ऑनलाइन निगरानी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के विशेष पहल से जल्द ही जिले के किसी भी क्षेत्र में 5 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले सरकारी प्रोजेक्ट की कार्यप्रगति जिला मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम से सीधा देखी जाएगी।

इसके लिए कलक्ट्रेट में एक समर्पित कंट्रोल रूम बन रहा है, जहां हर परियोजना स्थल पर लगाए जाने वाले सीसीटीवी कैमरे और एक्सेस नियंत्रण की व्यवस्था के जरिये अधिकारी ऑनलाइन मॉनिटरिंग कर सकेंगे। कंट्रोल रूम में लगे मॉनिटर तथा अन्य तकनीकी साधनों के द्वारा प्रोजेक्ट स्थल की लाइव वीडियो-फीड देखी जाएगी। प्रोजेक्ट स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगे होंगे, जिनका डेटा कंट्रोल रूम में भेजा जाएगा।

एक्सेस कंट्रोल सिस्टम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि स्थल पर कौन कब आता है और कौन निकलता है। अधिकारी मासिक या दैनिक आधार पर काम की गुणवत्ता, समय-सीमा और सामग्री प्रयोग आदि की समीक्षा कंट्रोल रूम से कर सकेंगे। जिलाधिकारी के निर्देश पर कंट्रोल रूम में फर्जीचर व अन्य सुविधाओं के लिए निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। जल्द ही इसे सक्रिय कर दिया जाएगा। एक दर्जन प्रोजेक्ट की होगी निगरानी कलक्ट्रेट के कंट्रोल रूम से जिला मुख्यालय परिसर में सीएमओ कार्यालय के समीप निर्माणाधीन मल्टी परपज हाल, नगर पालिका में कार्यदायी संस्था जीएनडीएस द्वारा बनाए जाने वाले कल्याण मंडप, सोनौली में निर्माणाधीन नेताजी सुभाष चंद्र बोष आवासीय विद्यालय, रामग्राम ईको टूरिज्म प्रोजेक्ट चौक समेत 12 प्रोजेक्ट के निर्माण पर नजर रखी जाएगी। इसके लिए इन सभी कार्यस्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

> इन कैमरों को इंटरनेट के जरिए जिला मुख्यालय के कलक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। वहां एक क्लिक में परियोजनाओं की जानकारी मिल सकेगी। शासन की मंशा के अनुरूप निर्माण परियोजनाओं को ससमय पूर्ण करने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बड़ी परियोजनाओं पर सीसीटीवी लगवाए जाएंगे। इनके माध्यम से निर्माण कार्यों के प्रगति की मानीटरिंग जिला मुख्यालय से संभव होगी।
>
> **संतोष कुमार शर्मा, जिलाधिकारी महराजगंज**

# फरेंदा में रेलवे ट्रैक पर मिला अधेड़ का शव, जांच में जुटी पुलिस

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



फरेंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत धानी ढाला के पास आज मंगलवार की सुबह सनसनी फ़ैल गयी जब लोगों ने रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव देखा। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और स्थानीय लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।

रेलवे ट्रैक पर पड़ा शव देख ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस और जीआरपी को दी। सूचना पर आनन-फानन में आनंदनगर जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया।

***शव की नहीं हो सकी पहचानः-***

घटनास्थल पर पहुंची भीड़ शव की पहचान करने की कोशिश में जुटी रही, लेकिन मृतक के पास से कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिला। ऐसे में शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 50-55 वर्ष के आसपास रही होगी।

इस रहस्यमयी मौत को लेकर स्थानीय लोग अलग-अलग कयास लगा रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि यह रेल हादसा हो सकता है, जबकि कई ग्रामीणों ने संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या की आशंका भी जताई है।

***फरेंदा पुलिस को सौंपी गई जांचः-***

ये शव ट्रैक के आउटर सिग्नल के बाहर पाया गया, इसलिए जीआरपी ने घटना की रिपोर्ट बनाकर शव को फरेंदा पुलिस के हवाले कर दिया। फरेंदा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आवश्यक विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। फरेंदा थानाध्यक्ष प्रशांत पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। आसपास के थानों और गांवों में सूचना भेजी गई है ताकि किसी परिजन द्वारा शिनाख्त हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

फरेंदा पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि शव की शिनाख्त और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही घटना की दिशा तय हो सकेगी। इधर, इलाके में दहशत और चर्चा का माहौल बना हुआ है। लोग अब भी यह जानने को उत्सुक हैं कि अधेड़ की मौत दुर्घटनावश हुई या इसके पीछे कोई साजिश छिपी है।

# रिपोर्ट न मिलने पर सीडीओ ने जताई नाराजगी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

**30 सितम्बर तक रिपोर्ट देने का दिया निर्देश, तब तक सभी सीडीपीओ का वेतन हुआ बाधित**

सीडीओ अनुराज जैन की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने बाल वाटिकाओं के संचालन, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, गम्भीर कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की पहचान, उपचार तथा पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों की प्रगति को लेकर पूछताछ की।

संभव अभियान में अपेक्षित प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सभी सीडीपीओ सैम बच्चों के स्वास्थ्य के संदर्भ में नियमित फॉलोअप करें। उन्होंने 30 सितम्बर तक सभी को उक्त बिंदुओं पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए तब तक समस्त सीडीपीओ का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। अभियान और पोषण अभियान की प्रगति के आधार पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का पीएलआई (परफॉर्मेंस लिंक्ड इनसेंटिव) जारी करने का निर्देश दिया। कहा कि जिनकी प्रगति असंतोषजनक है उनका पीएलआई लक्ष्य की प्राप्ति तक जारी न करें। युग्मन के उपरांत रिक्त सभी विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्रों को शुरू करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने नवाचार के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में उच्च पोषण युक्त चिक्की वितरण की रिपोर्ट न होने पर नाराजगी जताई और उक्त योजना के प्रगति का विवरण प्रस्तुत करने के लिए कहा। समीक्षा में प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत न करने पर एफएलएस विजय कुमार प्रजापति का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के वजन, लंबाई एवं पोषण स्थिति के अद्यतन आंकड़े समय से अपलोड करने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ डॉ. श्रीकांत शुक्ला, डीपीओ दुर्गेश कुमार, बीएसए रिद्धि पांडेय, समस्त सीडीपीओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।